@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका

राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

वीरवार, 30 जनवरी 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 80 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## मराठा आरक्षण कार्यकर्ता जरांगे की भूख हड़ताल जारी

जालना, 29 जनवरी। मराठा आरक्षण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे की तबीयत बिगड़ रही है। अनशन के लगातार पांचवे दिन उनकी तबीयत में गिरावट नजर आई। इस दौरान मेडिकल टीम ने उनसे इलाज के लिए कहा, लेकिन जरांगे ने इससे इनकार कर दिया। मनोज जरांगे ने 25 जनवरी को भूख हड़ताल शुरू की थी। एक सितंबर 2023 के बाद यह उनकी सातवीं भूख हड़ताल है। अपनी आरक्षण मांग के अलावा जरांगे ने बीड जिले के मासाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या में शामिल लोगों के लिए मृत्युदंड की मांग की है। लगातार पांच दिन से जारी हड़ताल के चलते उनकी सेहत में गिरावट नजर आ रही है। भाजपा विधायक सुरेश धास ने बुधवार सुबह महाराष्ट्र के जालना जिले के अंतरवाली सरती गांव में धरना स्थल पर जरांगे से मुलाकात की और उनसे नसों के जरिए तरल पदार्थ लेने का आग्रह किया। लेकिन जरांगे ने इससे इनकार कर दिया। हालांकि स्थानीय लोगों के अनुरोध पर जरांगे ने सोमवार को थोड़ा पानी लिया था। मंगलवार को भी बीड सरपंच संतोष देशमुख के परिवार के अनुरोध के बाद कार्यकर्ता पानी देने के लिए राजी हो गए। एक मेडिकल टीम धरनास्थल पर तैनात है, जो उनका इलाज करने की इजाजत मांग रही है, लेकिन जरांगे ने किसी भी प्रकार की सहायता लेने से इनकार कर दिया है। जिला सिविल सर्जन डॉ. आरएस पाटिल और एक मेडिकल टीम धरना स्थल पर मौजूद थी। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता सतारा, बंबई और हैदराबाद विवरणिका के ऐतिहासिक दस्तावेजों के आधार पर मराठों के रक्त संबंधियों को कुनबी घोषित करने वाली मसौदा अधिसूचना के कार्यान्वयन की मांग कर रहे हैं। जरांगे सभी कुनबी (कृषक) और उनके सगे सोयरे (रक्त संबंधियों) को मराठा के रूप में मान्यता देने के लिए ओबीसी प्रमाण पत्र की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मराठा कार्यकर्ता ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मराठा समुदाय की मांगों पर ध्यान देंगे। पिछले साल फरवरी में राज्य विधानसभा ने सर्वसम्मति से एक विधेयक पारित किया, जिसमें एक अलग श्रेणी के तहत शिक्षा और सरकारी नौकरियों में मराठों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया।

# प्रयागराज महाकुंभ में हुई भगदड़ पर प्रधानमंत्री मोदी ने जताया शोक

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 29 जनवरी। प्रयागराज महाकुंभ में मची भगदड़ को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार नजर बनाए हुए हैं।पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से तीन बार फोन पर बात की है। पीएम मोदी ने महाकुंभ मेले की स्थिति के बारे में यूपी के सीएम योगी से जानकारी ली और अब तक घायलों के लिए की गई व्यवस्था की समीक्षा की। इसके साथ ही पीएम ने श्रद्धालुओं को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए भी कहा है। मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान से पहले मची भगदड़ को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी सीएम योगी आदित्यनाथ से बात की है।उन्होंने यूपी सरकार को केंद्र से पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया है। मौनी अमावस्या के स्नान को लेकर करोड़ों श्रद्धालु महाकुंभ पहुंचे थे और बताया जा रहा है कि संगम नोज पर स्नान को लेकर भगदड़ की स्थिति बनी। यूपी सरकार के हवाले से कहा गया है कि महाकुंभ मेला क्षेत्र में कुछ और महिलाएं दम घुटने की वजह से



बेहोश हो गईं और उनके गिरने की वजह से भगदड़ जैसी स्थिति बनी। जैसे ही हालात बिगड़े तुरंत एम्बुलेंसों को मौके पर बुलाया गया और 25 से 30 लोगों को महाकुंभ में बने केंद्रीय अस्पताल समेत प्रयागराज के दूसरे अस्पतालों में पहुंचाया गया। ग्रीन कॉरिडोर बनाकर घायलों को पहुंचाया अस्पताल। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए सुरक्षा बलों ने तुरंत ग्रीन कॉरिडोर बनाया।उनके इलाज के लिए डॉक्टरों की पूरी टीम अस्पताल में मौजूद है। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर एयर एम्बुलेंसों के जरिए घायलों को अस्पताल ले जाने की तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं। दरअसल मौनी अमावस्या के अवसर अमृत स्नान करने के लिए देश-विदेश से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। इस भीड़ को मैनेज करने के लिए यूपी सरकार ने 10 से ज्यादा जिलाधिकारियों को जिम्मेदारी दी है।श्रद्धालु आराम से स्नान कर सकें, इसके लिए प्रयागराज बॉर्डर के इलाकों में अधिकारियों को सक्रिय कर दिया गया है।

## सुले ने मांगा धनजंय मुंडे का इस्तीफा

मुंबई, 29 जनवरी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने बुधवार को कहा कि बीड़ सरपंच हत्या मामले में घिरे महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे को नैतिक आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, मसाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की जघन्य हत्या को पचास दिन बीत चुके हैं, लेकिन करीबी सहयोगी पर सवाल उठने के बावजूद मुंडे को भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार से नहीं हटाया गया। मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को हत्या से जुड़े जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार किया गया है। संतोष देशमुख को 9 दिसंबर 2024 को अगवा किया गया। जिसके बाद उनके साथ मारपीट की। फिर उनकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया है। सुले ने कहा, सौ करोड़ रुपये रिश्वत लेने के आरोप के बाद अनिल देशमुख ने गृह मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। नवाब मलिक और छगन भुजबल को अफवाहों पर आधारित आरोपों के चलते गिरफ्तार किया गया और जेल भेजा गया। अनिल देशमुख राकांपा (शरदचंद्र पवार) पार्टी से हैं। वहीं, भुजबल और मलिक अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा से हैं।

## महाकुंभ में हुए हादसे का जिम्मेदार कौन? : संजय राउत

**कौमी संवाददाता**

मुंबई, 29 जनवरी। महाकुंभ में संगम नोज पर भगदड़ मचने के बाद सियासी हलचल तेज हो गई। विपक्षी पार्टियां सरकार को घेर रही हैं। उन्होंने प्रबंधन पर भी सवाल उठाए। शिवसेना (यूबीटी) ने भी इस घटना पर प्रतिक्रिया दी। पार्टी ने बुधवार को जानना चाहा कि महाकुंभ में मची भगदड़ के लिए जिम्मेदार कौन है? इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि मंत्रियों के दौरे के दौरान नदी तट के कुछ हिस्सों को बंद करने से ऐसी स्थितियां पैदा होती है। वीआईपी के लिए दिन आरक्षित रखा जाता है। शिवसेना राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने बताया कि प्रयागराज में महाकुंभ के प्रबंधन पर 10 हजार करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। संजय राउत ने सरकार को घेरते हुए कहा, सारे पैसे कहां गए? कुंभ के जरिए भाजपा राजनीतिक प्रचार कर रही है। वे कुंभ का व्यापारीकरण कर चुनाव लड़ना चाहते हैं। यह उनकी आस्था नहीं है,



बल्कि राजनीति है और लोगों की जान जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि तड़के सुबह कुंभ में मची भगदड़ राज्य प्रशासन द्वारा हत्या थी। संगम पर भगदड़ के बाद कई लोगों के हताहत होने की आशंका थी, क्योंकि लाखों तीर्थयात्री मौनी अमावस्या पर पवित्र स्नान के लिए आए थे। शिवसेना (यूबूटू) नेता ने कहा, जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महाकुंभ का दौरा किया था तब घाट एक दिन के लिए बंद कर दिया गया था। जब गृह मंत्री अमित शाह ने महाकुंभ का दौरा किया तब पूरा प्रयागराज बंद कर दिया गया था। इससे व्यवस्था पर दबाव बढ़ता है और भीड़ लग जाती है फिर इसी भीड़ के कारण भगदड़ मच जाती है। भाजपा पर निशाना साधते हुए संजय राउत ने कहा कि कुंभ कोई इवेंट मैनेजमेंट नहीं बल्कि एक आस्था है।

## उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय काम करने पर मिलेगा पुरस्कारः हेमंत सोरेन

रांची, 29 जनवरी। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों, छात्रों, प्रशासकों और संस्थानों के लिए झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने पुरस्कारों की घोषणा की है। बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्य मंत्रिमंडल ने झारखंड राज्य उच्च शिक्षा पुरस्कार को मंजूरी दी। संयुक्त कैबिनेट सचिव राजीव रंजन ने कहा, उच्च शिक्षा में सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों, छात्रों, प्रशासकों और संस्थानों को सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार की नौ श्रेणियां होंगी, जैसे झारखंड राज्य शोध रत्न। झारखंड राज्य शोध रत्न पुरस्कार छात्रों को अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, अनुप्रयुक्त विज्ञान, और बुनियादी विज्ञान के अलावा जनजातीय और गैर-जनजातीय भाषाओं में भी प्रदान किया जाएगा।

## मंत्री नितेश राणे ने दादा भूसे को लिखा पत्र

मुंबई, 29 जनवरी। महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने शिक्षा मंत्री दादा भूसे को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि 10वीं और 12वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा केंद्रों में बुर्का पहनकर आने वाली छात्राओं को प्रवेश न दिया जाए, क्योंकि उन्हें चिंता है कि इससे नकल की घटनाएं हो सकती हैं। राणे ने कहा, हमारी सरकार तुष्टिकरण की राजनीति को बर्दाश्त नहीं करेगी। जो नियम हिंदू छात्रों पर लागू होते हैं, वहीं नियम मुसलमान छात्रों पर भी लागू होने चाहिए। जो लोग बुर्का या हिजाब पहनना चाहते हैं, वे इसे अपने घरों में पहन सकते हैं। लेकिन परीक्षा केंद्रों पर उन्हें अन्य छात्रों की तरह परीक्षा देनी चाहिए। राणे ने कहा, बुर्का पहनने वाली छात्राओं से नकल की घटनाएं हो चुकी हैं। यह सब महाराष्ट्र में नहीं होना चाहिए। इसलिए मैंने संबंधित मंत्री को पत्र लिखा है। शिक्षा मंत्री को लिखे पत्र में राणे ने कहा कि परक्षी केंद्र में बुर्का पहनने से नकल और सुरक्षा संबंधी चिंताएं पैदा हो सकती हैं। उन्होंने कहा, बुर्का पहनने वाली छात्राओं की जांच करने के लिए महिला पुलिस या महिला कर्मचारियों को नियुक्त किया जाना चाहिए। ये परीक्षाएं छात्राओं के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं और इन्हें पारदर्शी तरीके से बिना किसी नकल या धोखाधड़ी के आयोजित किया जाना चाहिए। राणे ने आगे कहा, अगर परीक्षा के दौरान छात्राओं को बुर्का पहनने की अनुमति दी जाती है, तो यह पता लगाना मुश्किल होगा कि क्या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या अन्य तरीके से नकल की जा रही है। अगर कोई अप्रिय घटना होती है, तो इससे सामाजिक और कानून-व्यवस्था की समस्याएं पैदा हो सकती हैं, जो कई छात्रों को प्रभावित कर सकती हैं। कंकेवली के विधायक राणे ने कहा कि यह परीक्षा छात्रों के लिए बेहत महत्वपूर्ण है।

# सीएम सैनी ने नदी का पानी पिया, जांच में भी कोई जहर नहीं मिला

**सौरभ शर्मा**

दिल्ली, 29 जनवरी। यमुना में बढ़े अमोनिया को लेकर मचे सियासी घमासान के बीच हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को दिल्ली से सटे पल्ला गांव में यमुना नदी से पानी को पिया। इस दौरान सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि अपने राजनीतिक फायदे के लिए लोगों के मन में डर पैदा करने के लिए अरविंद केजरीवाल ने विवादिता बयान दिया। आज मैं यहां यमुना नदी के तट पर आया हूं और यमुना से पानी का एक घूंट पिया है। जल संसाधन प्राधिकरण ने यहां से नमूने लिए और पानी में कोई जहर नहीं मिला। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा की भाजपा सरकार पर यमुना में जहर मिलाने का दावा किया था। आप का कहना है कि हरियाणा से आने वाले पानी में अमोनिया की मात्रा बहुत अधिक होने से दिल्ली के तीन जल आपूर्ति संयंत्र बंद होने के कगार पर पहुंच गए हैं और राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट शुरू हो गया है। वहीं, केजरीवाल के आरोपों पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व हरियाणा भाजपा ने पलटवार किया था। दिल्ली जल बोर्ड ने यमुना नदी के जल में जहरीले पदार्थों की मिलावट को लेकर स्पष्टीकरण दिया है। जल बोर्ड का दावा है कि सर्दियों के मौसम अक्तूबर से फरवरी तक यमुना नदी में अमोनिया का स्तर स्वाभाविक रूप से बढ़ता है। जलशोधन संयंत्रों को



पार्ट्स पर मिलियन (पीपीएम) तक अमोनिया का शोधन करने के लिए डिजाइन किया गया है। यदि अमोनिया का स्तर दो से ढाई पीपीएम तक पहुंचता है तो इसे कैरियर लाइन चैनल और दिल्ली सब ब्रांच से पानी मिलाकर पतला किया जाता है। इस प्रक्रिया से उच्च अमोनिया स्तर वाले पानी को शुद्ध किया जाता है। जल बोर्ड ने इस बारे में मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। जल बोर्ड की सीईओ शिल्पा शिंदे ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर कहा है कि वह इस मामले को उपराज्यपाल वीके सक्सेना के संज्ञान में लाएं। वजह यह कि इससे अंतरराज्यीय संबंधों पर असर पड़ता है। आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स अकाउंट पर लिखा है हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी ने यमुना का पानी पीने का ढोंग कियाज् और फिर वही पानी वापस यमुना में थूक दिया। जब मैंने कहा कि अमोनिया की मिलावट के कारण यमुना का पानी दिल्लीवालों की जान के लिए खतरा हो सकता है, तो इन्होंने मुझ पर एफआईआर करने की धमकी दी। जिस जहरीले पानी को ये खुद नहीं पी सकते, वही पानी दिल्ली की जनता को पिलाना चाहते हैं। मैं ऐसा हरगिज नहीं होने दूंगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी ने यमुना का पानी पीने का ढोंग कियाज् और फिर वही पानी वापस यमुना में थूक दिया। जब मैंने कहा कि अमोनिया की मिलावट के कारण यमुना का पानी दिल्लीवालों की जान के लिए ख़तरा हो सकता है

# अभियोजकों की नियुक्ति में पक्षपात और भाई-भतीजावाद नहीं होना चाहिएः सुप्रीम कोर्ट

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 29 जनवरी। सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न हाईकोर्ट में राजनीतिक कारणों के चलते लोक अभियोजकों की नियुक्ति पर नाराजगी जाहिर की है। जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने इन नियुक्तियों को लेकर कहा है कि अभियोजकों की नियुक्ति में पक्षपात और भाई-भतीजावाद नहीं होना चाहिए। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के समक्ष एक आपराधिक अपील में सरकारी अभियोजक की ओर से दी गई असंतोषजनक सहायता को देखते हुए शीर्ष कोर्ट ने ये टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि यह निर्णय सभी राज्य सरकारों के लिए एक संदेश है कि संबंधित हाईकोर्ट में एजीपी और एपीपी पर किसी व्यक्ति को सिर्फ उसकी योग्यता के आधार पर नियुक्त किया जाना चाहिए। राज्य सरकार का यह कर्तव्य है कि वह पात्र व्यक्ति की योग्यता का पता लगाए कि वह कानून में कितना कुशल है। उसकी समग्र पृष्ठभूमि, उसकी ईमानदारी भी देखी जानी चाहिए। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के समक्ष एक आपराधिक अपील में सरकारी अभियोजक की ओर से दी गई असंतोषजनक सहायता को देखते हुए पीठ ने ये टिप्पणियां कीं। लोक अभियोजक के असंतोषजनक होने की वजह से आरोपी को अवैध सजा सुनाई गई। सुप्रीम कोर्ट ने आश्चर्य जताया



कि मृतक के पिता की पुनरीक्षण याचिका में हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के बरी किए जाने के फैसले को पलट दिया। यह अस्वीकार्य है क्योंकि पुनरीक्षण याचिका में बरी किए जाने के फैसले को पलटा नहीं जा सकता। पीठ ने इस बात पर भी हैरानी जताई कि हाईकोर्ट के लोक अभियोजक ने कानूनी रूप से अनुचित होने की ओर ध्यान दिलाने के बजाय आरोपी को मृत्युदंड दिए जाने की मांग की जबकि राज्य ने बरी किए जाने के खिलाफ कोई अपील दायर नहीं की थी। पीठ ने सभी हाईकोर्ट में लोक अभियोजकों के ऐसे स्तर पर दुख जताया। शीर्ष अदालत ने कहा कि लोक अभियोजक एक सार्वजनिक पद धारण करता है। उसके पद के साथ कुछ पेशेवर, आधिकारिक दायित्व और विशेषाधिकार जुड़े हुए हैं। अभियोजक जांच एजेंसी का हिस्सा नहीं है बल्कि एक स्वतंत्र वैधानिक प्राधिकरण है। लोक अभियोजक को उच्च योग्यता, निष्पक्ष व्यक्ति होना चाहिए क्योंकि आपराधिक न्याय का प्रशासन काफी हद तक उसी पर निर्भर करता है। पीठ ने कहा कि अभियोजक का कर्तव्य न्यायालय को उचित निष्कर्ष पर पहुंचने में मदद करना है। उसे अभियुक्त के दोष या निर्दोषता के निर्धारण के लिए प्रासंगिक साक्ष्य को दबाना या अदालत से छिपाना नहीं चाहिए। वर्तमान मामले में, न्यायालय ने माना कि सरकारी अभियोजकों द्वारा की गई गलतियों के लिए राज्य सरकार को उत्तरदायी ठहराया जाएगा।

## एयर इंडिया की फ्लाइट ने अनजाने में भेजा हाईजैक का सिग्नल

मुंबई, 29 जनवरी। राजधानी दिल्ली से मुंबई जाने वाले एयर इंडिया के विमान द्वारा हाइजैक का सिग्नल भेजने का मामला सामने आया है। घटना से जुड़े सूत्रों ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये मामला 27 जनवरी का है। उस दिन एयर इंडिया के विमान ने दिल्ली से उड़ान भरने के तुरंत बाद अनजाने में हाइजैक का संकेत भेजा। जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां सकते में आ गईं और घटना की जांच शुरू कर दी गई। हालांकि इस मामले में एयर इंडिया की ओर से कोई टिप्पणी नहीं आई है। सूत्रों ने बताया कि हाईजैक का अलर्ट भेजने के बाद आनन-फानन में सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किए गए। इसके बाद जब विमान मुंबई हवाई अड्डे पर पहुंचा तो यात्रियों को सुरक्षित उतारकर विमान को आइसोलेशन बे में ले जाया गया। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली से मुंबई जा रहे विमान एआई 2957 ने स्क्वॉक कोड 7500 का सिग्नल भेजा। इस कोड का इस्तेमाल हाईजैक के बारे में अलर्ट करने के लिए किया जाता है। उन्होंने बताया कि स्क्वॉक कोड को लगभग तीन मिनट तक दबाया गया। कोड जारी होने के बाद पायलट इन कमांड (पीआईसी) ने संबंधित एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) को सूचित किया कि कोड अनजाने में दब गया है।

# मृतकों के परिजनों को हरसंभव मदद करेंः खरगे

**नरेश मल्होत्रा**

प्रयागराज, 29 जनवरी। प्रयागराज महाकुंभ मेले में बुधवार तड़के मौनी अमावस्या के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं के उमड़ने के बाद भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। हादसे में कई लोगों के घायल होने की सूचना है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कुंभ मेले की स्थिति को लेकर बात की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर श्रद्धालुओं से अपील की कि जो लोग मां गंगा के जिस घाट के समीप हैं, वे वहीं स्नान करें और संगम नोज की ओर जाने का प्रयास न करें। समाजवादी पार्टी के मुखिया और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा, महाकुंभ में अव्यवस्थाजन्य हादसे में श्रद्धालुओं के हताहत होने का समाचार बेहद दुखद है। श्रद्धांजलि! हमारी सरकार से अपील है कि गंभीर रूप से घायलों को एअर एंबुलेंस की मदद से निकटतम सर्वश्रेष्ठ हॉस्पिटलों तक पहुंचाकर तुरंत चिकित्सा व्यवस्था की जाए। मृतकों के शवों को चिन्हित करके उनके परिजनों को सौंपने और उन्हें उनके निवास स्थान तक भेजने का प्रबंध किया जाए। उन्होंने कहा, जो लोग बिछड़ गए हैं, उन्हें मिलाने के लिए त्वरित प्रयास किए जाएं। हेलीकॉप्टर का सदुपयोग करते हुए निगरानी बढ़ाई जाए। सतयुग से चली आ रही 'शाही स्नान' की अखण्ड-अमृत परंपरा को निरंतर रखते हुए राहत कार्यों के समानांतर सुरक्षित प्रबंधन के बीच 'मौनी अमावस्या के शाही स्नान' को संपन्न कराने की व्यवस्था की जाए। अखिलेश ने कहा कि श्रद्धालुओं से भी हमारी अपील है कि वो इस कठिन समय में संयम और धैर्य से काम लें और शांतिपूर्वक अपनी तीर्थयात्रा संपन्न करें। सरकार आज की घटना से सबक लेते हुए श्रद्धालुओं के रुकने, ठहरने, भोजन-पानी व अन्य सुविधाओं के लिए अतिरिक्त प्रबंध करे। हादसे में आहत हुए सभी लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना। बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो और पूर्व सीएम मायावती ने कहा, प्रयागराज की संगम स्थली पर महाकुंभ में हुई भगदड़ में जिन भी श्रद्धालुओं ने अपनी जान गंवाई है व घायल हुए है। यह घटना अति-दुःखद व चिंतनीय है। ऐसे समय में कुदरत पीड़ितों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति दे, पार्टी की यही कामना है। हादसे को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने कार्यकर्ताओं से अपील की कि



वे पीड़ितों को हर संभव मदद करें। उन्होंने कहा, महाकुंभ के दौरान तीर्थराज संगम के तट पर हुई भगदड़ से कई लोगों की जान गई है और अनेकों लोगों के घायल होने का समाचार बेहद हृदयविदारक है। श्रद्धालुओं के परिजनों के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं और घायलों की शीघ्रातिशीघ्र स्वास्थ्य लाभ की हम कामना करते हैं। उन्होंने सरकार को भी आड़े हाथ लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि आधी अधूरी व्यवस्था, वीआईपी मूवमेंट, प्रबंधन से ज्यादा स्वप्रचार पर ध्यान देना और बदइंतजामी इसके के लिए जिम्मेदार है। हजारों करोड़ खर्च करने के बावजूद ऐसी व्यवस्था होना निंदनीय है। अभी कई महत्वपूर्ण शाही स्नान बचे हैं तो केंद्र और राज्य सरकारों को अब चेत जाना चाहिए और व्यवस्था को सुधारना चाहिए ताकि आगे ऐसी अप्रिय घटनाएं न हों। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन, प्राथमिक चिकित्सा व मूवमेंट आदि की व्यवस्था में विस्तार करना चाहिए और वीआईपी मूवमेंट पर लगाम लगानी चाहिए। यही हमारे साधु संत भी चाहते हैं। कांग्रेस के हमारे कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि पीड़ितों को हर संभव मदद करें। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा, महाकुंभ में हुई भगदड़ की घटना बेहद दुखद है। इस हादसे में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। ईश्वर उनके परिवारों को यह अपार दुःख सहने की शक्ति दें। सभी श्रद्धालुओं से विनम्र अपील है कि धैर्य बनाए रखें और सावधानी बरतें। प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और एक-दूसरे की सुरक्षा का ध्यान रखें। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ के कारण कई लोगों के मौत और कईयों के घायल होने की खबर अत्यंत दुखद है। शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं। इस दुखद घटना के लिए कुप्रबंधन, बदइंतजामी और आम श्रद्धालुओं की जगह ङ्कढ्ढक्क मूवमेंट पर प्रशासन का विशेष ध्यान होना जिम्मेदार है। अभी महाकुंभ का काफी समय बचा हुआ है

## फडणवीस या अजित कहें तो कैबिनेट से इस्तीफा देने को तैयारः धनंजय मुंडे

मुंबई, 29 जनवरी। बीड सरपंच हत्याकांड इस समय महाराष्ट्र की राजनीति में सबसे बड़ा मुद्दा बना हुआ है। इस मामले में महाराष्ट्र सरकार में मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को भी आरोपी बनाया गया है। फिलहाल वाल्मीकि कराड न्यायिक हिरासत में हैं। वाल्मीकि कराड का नाम सामने आने के बाद से ही मंत्री धनंजय मुंडे विपक्षियों के निशाने पर हैं। वहीं अब मुंडे ने कहा है कि वे कैबिनेट से इस्तीफा देने को तैयार हैं। बीड सरपंच हत्या मामले में बुधवार को मंत्री धनंजय मुंडे ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि वे कैबिनेट से इस्तीफा देने को तैयार हैं। हालांकि मुंडे यह भी कहा कि वे ऐसा तब करेंगे जब महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस या उनके डिप्टी सीएम अजीत पवार उनसे ऐसा करने को कहें। वहीं, इस मामले में रविवार को मंत्रिमंडल में मुंडे के सहयोगी और भाजपा नेता चंद्रकांत पाटिल ने बड़ा दावा किया था। उन्होंने सांगली में रविवार को कहा था कि बीड में सरपंच की हत्या मामले में राकांपा नेता धनंजय मुंडे को लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में अगर धनंजय मुंडे के खिलाफ कोई सबूत मिला तो मुख्यमंत्री उनसे पद छोड़ने के लिए कहेंगे। बता दें कि ये घटना बीड जिले के मासाजोग गांव की है। जहां सरपंच संतोष देशमुख की बीते 9 दिसंबर को अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। हत्या से पहले सरपंच देशमुख को प्रताड़ित भी किया गया था। कथित तौर पर यह हत्या पवनचक्की परियोजना से जुड़ी एक ऊर्जा कंपनी के खिलाफ जबरन वसूली की कोशिश को रोकने के चलते की गई। इस मामले पुलिस ने बताया था कि सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के पीछे एक बड़ी जबरन वसूली का मामला है। सरपंच की मौत के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया जिसके बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था। बाद में 31 दिसंबर को महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड ने पुणे में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया था।

## विरोध प्रदर्शन से राजनीतिक दबाव बढ़ने पर सर्बिया के प्रधानमंत्री ने की इस्तीफे की घोषणा

**एजेंसी**

**बेलग्रेड।** भ्रष्टाचार और राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वूसिक के खिलाफ बड़े विरोध प्रदर्शनों के बीच सर्बियाई प्रधानमंत्री मिलोस वुसेविक ने अपने इस्तीफे की घोषणा की है। वुसेविक ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्होंने तनाव कम करने के लिए पद छोड़ने का फैसला किया है। नवंबर में उत्तरी शहर नोवी सैड में एक रेलवे स्टेशन की छतरी के गिरने के बाद से छात्रों के नेतृत्व में प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रधानमंत्री के इस्तीफे की ये घोषणा तब आई जब प्रदर्शनकारियों ने राजधानी बेलग्रेड के एक प्रमुख चौराहे पर 24 घंटे की नाकाबंदी समाप्त कर दी। पिछली शाम, बढ़ते राजनीतिक दबाव के साथ, राष्ट्रपति वूसिक ने संकेत दिया कि वह प्रदर्शनों के प्रति अपना कट्टरपंथी दृष्टिकोण छोड़ने और बातचीत करने के लिए तैयार थे। वुसेविक ने कहा, चीजों को और अधिक जटिल बनाने से बचने के लिए, ताकि हम समाज में तनाव न बढ़ाएं, मैंने इस्तीफे का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि उनके इस्तीफे का तात्कालिक कारण मंगलवार तड़के नोवी सैड में एक महिला छात्र पर कथित तौर पर वूसिक की सत्तारूढ़ सर्बियाई प्रोग्रेसिव पार्टी के हमलावरों द्वारा किया गया हमला है।

## व्हाइट हाउस ने संघीय अनुदान और ऋण वितरण पर रोक लगाई

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस बजट कार्यालय ने सभी संघीय अनुदान और ऋणों पर रोक लगाने का आदेश दिया है। व्हाइट हाउस ऑफिस ऑफ मैनेजमेंट एंड बजट के कार्यवाहक निदेशक मैथ्यू वैथ ने कहा, 'संघीय एजेंसियों को सभी संघीय वित्तीय सहायता के दायित्व या वितरण से संबंधित सभी गतिविधियों को अस्थायी रूप से रोकने का आदेश दिया गया है।' सीएनएन की खबर के अनुसार,



सोमवार को भेजे गए एक आंतरिक ज्ञापन में व्हाइट हाउस बजट कार्यालय ने सभी संघीय अनुदान और ऋण पर रोक लगाने का आदेश दिया है। यह आदेश शाम 5 बजे से प्रभावी होगी। इसका खरबों डॉलर पर असर पड़ सकता है। यह ट्रंप प्रशासन का संघीय वित्त पोषण पर नियंत्रण स्थापित करने के नवीनतम कदम है। यह आदेश राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पिछले सप्ताह के कार्यकारी आदेशों के अनुरूप है।

## नेपाल ने अमेरिका से आर्थिक मदद न रोकने का आग्रह किया

**काठमांडू।** अमेरिका की सभी तरह की आर्थिक मदद रोकने की औपचारिक घोषणा ने नेपाल की चिंता बढ़ा दी है। नेपाल की सबसे बड़ी चिंता मिलेनियम चैलेंज कॉरपोरेशन (एमसीसी) के तहत मिल रहे आर्थिक सहयोग को लेकर है। नेपाल सरकार ने आधिकारिक रूप से पत्र लिख कर एमसीसी के तहत जारी 55 करोड़ अमेरिकी डॉलर का सहयोग नहीं रोकने के लिए आग्रह किया गया है। यह पत्र नेपाल के वित्त मंत्रालय ने अमेरिकी राजदूतावास के माध्यम से एमसीसी मुख्यालय भेजा गया है। नेपाल के उप प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री विष्णु पौडेल का कहना है कि उन्हें पूरा भरोसा है कि अमेरिकी प्रशासन एमसीसी के सहयोग को नहीं रोकेगा। एमसीसी के तहत नेपाल में जो अंतर्देशीय प्रसारण लाइन का काम हो रहा है उस पर कोई असर नहीं पड़ेगा। पौडेल ने बताया कि उनके पास अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए बने यूएसएआईडी के तरफ से प्राप्त पत्र में आर्थिक सहयोग को तीन महीने के लिए रोकने की जानकारी दी गई है। पत्र में कहीं भी एमसीसी के तहत चल रहे परियोजना का जिक्र नहीं है।

## डोनाल्ड ट्रंप ने की प्रधानमंत्री मोदी से व्हाइट हाउस यात्रा की योजना पर चर्चा

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बातचीत को स्थानीय समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। द हिल समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने सोमवार को भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात की। दोनों देशों के बीच संबंधों और मोदी की व्हाइट हाउस यात्रा की योजना पर चर्चा हुई। व्हाइट हाउस ने कॉल के रीडआउट का ब्यौरा जारी किया है। व्हाइट हाउस के अनुसार, कॉल के दौरान ट्रंप ने इस बात पर जोर दिया कि भारत को दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों को संतुलित करने के प्रयास में अमेरिकी निर्मित सुरक्षा उपकरणों की मात्रा बढ़ानी चाहिए। व्हाइट हाउस ने यह भी कहा, नेताओं ने हमारे देशों के बीच दोस्ती और रणनीतिक संबंधों की ताकत को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी की व्हाइट हाउस यात्रा की योजना पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने इंडो-पैसिफिक, मध्य पूर्व और यूरोप में सुरक्षा पर भी चर्चा और क्वाड गठबंधन के महत्व के बारे में बात की। क्वाड में ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं । बाइडेन प्रशासन के दौरान भी गठबंधन पर जोर दिया गया था।

# बांग्लादेश में देशव्यापी रेल हड़ताल से हजारों यात्री मझधार में, कई जगह ड्राइवर ट्रेन छोड़कर भागे

**एजेंसी**

**ढाका।** बांग्लादेश में देशव्यापी हड़ताल के कारण रात से रेलगाड़ियों के पहिये थमने से हजारों मुसाफिर बीच मझधार में फंस गए हैं। कई जगह तो ड्राइवर ट्रेन छोड़कर ही भाग गए। हड़ताल से अनजान कई यात्री मंगलवार सुबह ढाका के कमलापुर स्टेशन पर रेलगाड़ियों का इंतजार करते रहे। घंटों बाद उन्हें पता चला कि रेलवे कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। इसके बाद कुछ घरों को लौट गए। सैकड़ों यात्रियों ने गंतव्य तक पहुंचने के लिए बसों का सहारा लिया। प्रमुख बांग्ला अखबार प्रोथोम अलो की खबर के अनुसार रेलवे रनिंग स्टाफ की हड़ताल के कारण देशभर में ट्रेनों का चक्का जाम है। सोमवार आधी रात से राजधानी ढाका सहित विभिन्न मार्गों पर ट्रेनों का परिचालन ठप हो गया है। इस वजह से यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। राजशाही, चट्टोग्राम, खुलना, पंचगढ़, दिनाजपुर और अन्य क्षेत्रों के स्टेशनों पर ट्रेनें कब आएंगी, यह किसी को नहीं पता। गार्ड, ड्राइवर, लोको मास्टर, सहायक ड्राइवर और टिकट निरीक्षक सहित



रनिंग स्टाफ अपने मूल वेतन के अलावा पेंशन, ग्रेच्युटी और रनिंग भत्ते की मांग को लेकर कुछ समय से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। रेलवे रनिंग स्टाफ और वर्कर्स यूनियन ने 22 जनवरी को चट्टोग्राम के पुराने रेलवे स्टेशन पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करके 27 जनवरी तक मांगों को पूरा करने का अल्टीमेटम दिया था। उन्होंने चेतावनी दी थी कि अगर उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो 28 जनवरी से रेलगाड़ियों का चक्का जाम कर दिया जाएगा।इसी आह्वान पर सोमवार आधी रात से रेलगाड़ियों के पहिये थम गए हैं। सुबह करीब 10:30 बजे ढाका जाने वाली हाओर एक्सप्रेस के ड्राइवर मैमनसिंह रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को बेसहारा छोड़कर भाग गये। इससे 500 से अधिक यात्री फंस गए। गुस्साए यात्रियों ने स्टेशन अधीक्षक को बंधक बना लिया। यह ट्रेन सुबह 8 बजे नेट्रोकोना के मोहनगंज से रवाना हुई थी। मैमनसिंह रेलवे पुलिस स्टेशन प्रभारी अख्तर हुसैन का कहना है कि स्टेशन पर अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। राजशाही रेलवे स्टेशन में सुबह टिटुमिर एक्सप्रेस के रद्द होने से गुस्साए यात्रियों ने तोड़फोड़ की। रंगपुर रेलवे स्टेशन मास्टर शंकर गांगुली ने पुष्टि की कि आज सभी 15 इंटरसिटी सेवाएं रुकी हुई हैं।

इस बीच रेल मंत्रालय ने घोषणा की कि यात्रियों को उनके टिकट के पैसे वापस कर दिए जाएंगे। हड़ताल के बीच वित्त सलाहकार डॉ. सालेहुद्दीन अहमद ने घोषणा की है कि रेलवे कर्मचारियों की उचित मांगों को पूरा कर दिया गया है। अन्य पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का मांग पत्र आर्थिक सलाहकार ने रेलवे सलाहकार के पास भेजा है। अगर हड़ताल खत्म नहीं की जाती तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# तुर्किए में आतंक और ड्रग्स के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, आईएस के 100 संदिग्ध हिरासत में

**एजेंसी**

**अंकारा।** तुर्किए ने आतंकवाद और मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ अपने अभियान को और तेज कर दिया है। आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने जानकारी दी कि इस्लामिक स्टेट (आईएस) के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियानों में पिछले सप्ताह 100 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। ये ऑपरेशन देश के 24 प्रांतों में अंकारा और इस्तांबुल जैसे प्रमुख शहरों में संचालित किए गए। मंत्री येरलिकाया ने बताया कि गुर्ज-41 और गुर्ज-42 नामक इन अभियानों के दौरान संदिग्धों से संगठनात्मक दस्तावेज और डिजिटल सामग्री बरामद की गई। ये संदिग्ध संगठन के लिए प्रचार और वित्तीय सहायता जैसे कार्यों में संलिप्त थे। इसके अलावा, तुर्किए में ड्रग्स तस्करी के खिलाफ नार्कोकापन-9 नामक एक बड़े अभियान में 2,795 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। इस ऑपरेशन में 77 प्रांतों में पुलिस की 4,000 से अधिक टीमों ने भाग लिया।

अभियान के दौरान एक टन से अधिक मादक पदार्थ और 13.8 मिलियन नशीली गोलियां जब्त की गईं। तुर्किए लंबे समय से आतंकवाद और मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ संघर्षरत है। एशिया और यूरोप के बीच रणनीतिक स्थिति के कारण देश में यह समस्या गंभीर बनी हुई है। तुर्किए सरकार के इन सख्त कदमों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहा जा रहा है। आंतरिक मंत्री येरलिकाया ने कहा कि यह अभियान तुर्किए को सुरक्षित और स्थिर बनाने के लिए जारी रहेगा।

# दक्षिण कोरिया : एयरपोर्ट पर विमान में लगी आग, सभी 176 यात्री सुरक्षित

**एजेंसी**

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के गिम्हे इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मंगलवार रात एक बड़ा हादसा टल गया, जब 176 यात्रियों और क्रू मेंबर्स को ले जा रहे एक यात्री विमान में आग लग गई। हालांकि घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। दक्षिण कोरियाई परिवहन मंत्रालय के अनुसार, एयर बुसान का यह विमान दक्षिण-पूर्वी शहर बुसान से हांगकांग के लिए उड़ान भरने की तैयारी कर रहा था। उड़ान से ठीक पहले, विमान के पिछले हिस्से में आग लगने की सूचना मिली। विमान में आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। एयरलाइन और स्थानीय प्रशासन घटना की जांच कर रहे हैं। आग की सूचना के बाद सभी 169 यात्रियों और सात क्रू मेंबर्स को इंफ्लेटेबल स्लाइड की मदद से



बाहर निकाला गया। इमरजेंसी स्लाइड से बाहर निकलते समय तीन यात्री जरूर घायल हुए। इन्हें हल्की चोटें आईं कोई गंभीर बात नहीं है। बुसान में फायर अथॉरिटी से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। बतादें कि पिछले साल दिसंबर माह में भी दक्षिण कोरिया में एक बड़ा हादसा हुआ था। तब जेजू एयर का एक बोइंग 737-800 विमान मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में 181 में से 179 लोगों की मौत हो गई थी।

विमान का लैंडिंग गियर काम नहीं कर रहा था, जिससे विमान रनवे से फिसलकर एक कंक्रीट संरचना से टकरा गया और आग की चपेट में आ गया था।

# पाकिस्तान में गलत सूचना पर सख्त कानून हुआ लागू, तीन साल तक की सजा का प्रावधान

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने ऑनलाइन गलत सूचना और दुष्प्रचार पर नियंत्रण के लिए एक सख्त कानून लागू किया है। इस कानून के तहत, जानबूझकर गलत या भ्रामक जानकारी ऑनलाइन साझा करने वालों को तीन साल तक की जेल की सजा का प्रावधान किया गया है। सरकार का दावा है कि यह कदम देश में सामाजिक शांति बनाए रखने और असत्य सूचना के दुष्प्रभावों को रोकने के लिए उठाया गया है। कानून का उद्देश्य उन मामलों को लक्षित करना है, जहां किसी व्यक्ति द्वारा जानबूझकर और विश्वास के साथ ऐसी जानकारी फैलाई जाती है जो समाज में भय, अशांति, या अव्यवस्था पैदा कर सकती है। नेशनल असेंबली और सीनेट में इस कानून को तेजी से पारित किया गया। हालांकि, पत्रकारों और मीडिया संगठनों ने कानून की प्रक्रिया पर आपत्ति जताई है।



पाकिस्तान फेडरल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के सदस्य और वरिष्ठ पत्रकार आसिफ बशीर चौधरी ने कहा कि सरकार ने इस मुद्दे पर पत्रकारों से परामर्श करने का वादा किया था लेकिन ऐसा नहीं किया गया। चौधरी ने कहा, गलत सूचना के खिलाफ कदम उठाना जरूरी है, लेकिन इसे पारदर्शी और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के जरिए लागू किया जाना चाहिए। हम इसे हर कानूनी मंच पर चुनौती देंगे।

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस कानून का उद्देश्य केवल समाज में दुष्प्रचार और अफवाहों को रोकना है, न कि प्रेस की स्वतंत्रता को बाधित करना। मानवाधिकार और मीडिया संगठनों ने मांग की है कि कानून की शर्तों और इसके दुरुपयोग की संभावना पर पुनर्विचार किया जाए। यह कानून पाकिस्तान में ऑनलाइन सूचना की सुरक्षा के साथ-साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जिम्मेदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

## मप्र के मुख्यमंत्री यादव ने जापान के एडोगावा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की



**एजेंसी**

**टोक्यो।** भारत के मध्य प्रदेश प्रांत के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सिंह यादव ने आज जापान यात्रा के दौरान एडोगावा शहर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। यादव ने एक्स हैंडल पर इससे संबंधित फोटो साझा किए हैं। उन्होंने लिखा है, अपनी जापान यात्रा के दौरान मुझे एडोगावा शहर के गांधी पार्क में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने और श्रद्धांजलि अर्पित करने का सम्मान मिला। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि प्रेम, अहिंसा और सद्भाव के सिद्धांतों को समर्पित बापू का श्रद्धेय जीवन हमारे लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव चार दिवसीय दौरे पर आज जापान की राजधानी टोक्यो पहुंचे हैं। उनकी यात्रा का मुख्य उद्देश्य मध्य प्रदेश में निवेश के लिए जापान के उद्योगपतियों को आमंत्रित करना है। टोक्यो में यादव का स्वागत भारत के राजदूत सिबी जार्ज ने किया। इस अवसर पर टोक्यो में रहने वाले भारतीय समुदाय ने यादव को पगड़ी पहनाई और तिलक लगाकर जोरदार स्वागत किया।

# दक्षिण कोरिया में बर्फबारी से जनजीवन थमा, दक्षिणी रिसॉर्ट द्वीप के माउंट हल्ला पर 130 सेंटीमीटर बर्फ जमा

**एजेंसी**

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में हो रही बर्फबारी से जनजीवन थम गया है। इसका सबसे ज्यादा असर सड़क और रेलमार्ग पर पड़ा है। बर्फबारी ने चंद्र नव वर्ष की छुट्टियों के लिए अपने गृहनगर जाने वाले लोगों के कदमों पर ब्रेक लगा दिया है। सोमवार शाम चार बजे तक जेजू के दक्षिणी रिसॉर्ट द्वीप के माउंट हल्ला पर 130 सेंटीमीटर बर्फ गिर चुकी है। द कोरिया टाइम्स के अनुसार देश के पूर्वी प्रांत गैंगवॉन की कुछ काउंटियों में इसी अवधि में 40 सेंटीमीटर बर्फ जमा हो गई है। राजधानी सियोल से लगभग 60 किलोमीटर दूर दक्षिण में ग्योंगगी प्रांत के अनसेओंग और प्योंगटेक शहरों में लगभग 25 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई है। सियोल में ग्वानक के दक्षिण-पश्चिमी वार्ड में 13.7 सेमी बर्फबारी हुई। कोरिया मौसम विज्ञान विभाग ने



बुधवार को जेजू के पहाड़ी इलाकों में 5 से 15 सेंटीमीटर, चुंगचेओंग और जिओला प्रांत में लगभग 5 से 10 सेंटीमीटर बर्फ गिरने का अनुमान जताया है। साथ ही पूर्वी तट पर गैंगवॉन प्रांत के कुछ हिस्सों में सुबह का न्यूनतम तापमान शून्य से 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का पूर्वानुमान जारी किया गया है। दक्षिण कोरिया रेलरोड कॉर्प के अनुसार भारी बर्फबारी की वजह से कुछ केटीएक्स हाईस्पीड ट्रेन सेवाएं सामान्य से धीमी गति से चल रही हैं। ग्योंगबू, होनम और गैंगनेउंग में रेल पटरियां बर्फ से ढक गई हैं।

दक्षिण कोरिया एक्सप्रेस-वे कॉर्प के अनुसार बर्फबारी का देश के अधिकांश हिस्सों में असर पड़ा है। वाहनचालकों को सियोल से लगभग 320 किलोमीटर दूर दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर बुसान तक पहुंचने में पांच घंटे और 20 मिनट का समय लगता है। कई लोग इस समय सीमा को पार कर चुके हैं। मगर वह अभी तक गंतव्य तक नहीं पहुंच सके हैं। बर्फबारी की वजह से पूरे दक्षिण कोरिया के प्रमुख राजमार्गों पर जाम लगा हुआ है। इस बीच सरकार ने सोमवार को चंद्र नव वर्ष की छुट्टियां गुरुवार तक के लिए बढ़ा दी हैं।

# माइक्रोसॉफ्ट कर सकती है टिकटॉक का अधिग्रहण, ट्रंप ने दिए संकेत

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिए हैं कि माइक्रोसॉफ्ट जल्द ही चीन की सोशल मीडिया कंपनी टिकटॉक का अधिग्रहण कर सकती है। ट्रंप ने सोमवार को कहा कि उनका मानना है कि माइक्रोसॉफ्ट, टिकटॉक का अधिग्रहण करने के लिए चर्चा कर रहा है। उन्होंने एयर फोर्स वन में साथ यात्रा कर रहे संवाददाताओं से कहा कि इसकी बोली दिलचस्प होगी।

सीएनएन की खबर के अनुसार, कानून के अनुसार टिकटॉक को अमेरिका में प्रतिबंधित किया जाना है। ट्रंप ने सीधेतौर पर पूछे जाने पर कि क्या माइक्रोसॉफ्ट इस ऐप हासिल करने के लिए चर्चा कर रहा है? ट्रंप ने इस सवाल के जवाब में कहा, 'मैं हां कहूंगा।' उन्होंने कहा, 'टिकटॉक में बहुत रुचि है।' हालांकि



माइक्रोसॉफ्ट ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

उल्लेखनीय है कि टिकटॉक के मौजूदा वक्त में 170 मिलियन अमेरिकी यूजर्स हैं। ट्रंप ने पहले ही यह साफ कर चुके कि अमेरिका में धंधा चलाना है तो बाइटडांस को या तो इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर बेचना होगा। अन?यथा प्रतिबंध का सामना करना होगा। 20 जनवरी को राष?ट्रपति के रूप में पदभार संभालने के बाद ट्रंप ने टिकटॉक को 75 दिन की मोहलत प्रदान करने वाले कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 18 जनवरी को टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून को बरकरार रखा था। सुप्रीम कोर्ट ने टिकटॉक के तत्कालीन बाइडेन प्रशासन के प्रतिबंध कानून के प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिका का निपटारा करते हुए कहा था कि प्रावधान किसी भी तरह के अधिकारों का उल्लंघन नहीं करते। सुप्रीम कोर्ट ने टिकटॉक के खिलाफ निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा था। इसके बाद तब नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि वह टिकटॉक पर निर्णय लेने से पहले स्थिति की समीक्षा करेंगे।

# भारत और नेपाल ने भूकंप के बाद शुरू पुनर्निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

**एजेंसी**

**काठमांडू।** भारत की मदद से नेपाल में भूकंप के बाद शुरू पुनर्निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा काठमांडू में सोमवार को एक बैठक में की गई। इसमें भारतीय विदेश मंत्रालय के नेपाल डेस्क के प्रमुख अतिरिक्त सचिव मनु महवार और नेपाल के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। नेपाल में अप्रैल 2015 के भूकंप के बाद भारत ने पुनर्निर्माण के लिए 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर का अनुदान प्रदान किया था । तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने काठमांडू में आयोजित विशेष सम्मेलन में यह अनुदान चार विभिन्न क्षेत्रों के लिए आवंटित किया था। आवास निर्माण के लिए 100 मिलियन डॉलर, विद्यालयों के पुनर्निर्माण के लिए 50 मिलियन डॉलर, अस्पतालों के निर्माण के लिए 50 मिलियन डॉलर और ऐतिहासिक धरोहरों के पुनर्निर्माण के लिए 50



मिलियन अमेरिकी डॉलर का अनुदान दिया गया था। इन परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी के लिए अगस्त 2017 में एक संयुक्त परियोजना निगरानी समिति (जेपीएमसी) तंत्र स्थापित किया गया था। काठमांडू में जेपीएमसी की पांचवीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में नेपाल के प्रतिनिधिमंडल का शहरी विकास मंत्रालय में संयुक्त सचिव पद्म कुमार मैनाली ने किया। दोनों पक्षों ने इस बैठक के बाद काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के माध्यम से बयान जारी किया। बयान में पुनर्निर्माण परियोजनाओं के कामकाज पर संतोष व्यक्त किया गया।

## पेरिस जलवायु परिवर्तन समझौते से हटने की आधिकारिक अमेरिकी अधिसूचना प्राप्त हुई : संयुक्त राष्ट्र

**एजेंसी**

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट ने पुष्टि की है कि उसे पेरिस जलवायु परिवर्तन समझौते से हटने की वाशिंगटन की आधिकारिक अधिसूचना प्राप्त हो गई है। यूएन प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा,'संयुक्त राज्य अमेरिका ने 12 दिसंबर 2015 के पेरिस समझौते से 27 जनवरी 2025 को अपने हटने की सूचना महासचिव को दी है।'

# संदिग्ध आतंकवादियों ने 22 नाइजीरियाई सैनिकों की हत्या की

**एजेंसी**

**अबुजा।** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर राज्य बोर्नो के एक दूरदराज के कस्बे में संदिग्ध आतंकवादियों ने कम से कम 22 नाइजीरियाई सैनिकों की हत्या कर दी। वहीं, कई अन्य सैनिक घायल हैं।

सेना के प्रवक्ता एडवर्ड बुबा ने सोमवार को अबुजा में समाचार एजेंसी सिन्हुआ से एक बयान में हताहतों की संख्या की पुष्टि की। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि हमला कहां और कब हुआ। प्रवक्ता ने कहा कि संदिग्ध आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला करने की योजना बनाई थी। सैनिकों पर हाल ही में हुए हमले से पहले बोर्नो में सैन्य ठिकानों पर कई आतंकवादी हमले विफल हो गए थे, जिनमें से कुछ हमलों में सेना ने आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल किए गए ड्रोनों को मार गिराया था।

उन्होंने कहा कि सेना ने इससे पहले कम से कम 70 संदिग्ध आतंकवादियों को मार गिराया था, जिनमें एक ब्रिगेड कमांडर और पूर्वोत्तर क्षेत्र में एक सशस्त्र समूह के विशेष बल कमांडर भी शामिल थे।

समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय मीडिया ने बताया था कि बोर्नो में सेना के बेस पर हुए हमले में मारे गए लोगों में एक अन्य उच्च पदस्थ कमांडर भी शामिल था।नाइजीरिया के उत्तरी और मध्य



क्षेत्रों में सशस्त्र हमले एक प्रमुख सुरक्षा खतरा रहे हैं, जिसके कारण हाल के महीनों में मौतें और अपहरण की घटनाएं हुई हैं। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो ने सोमवार को कहा कि संघर्ष के कारण अफ्रीका अपनी क्षमता खो रहा है, जिससे महाद्वीप को प्रतिवर्ष अनुमानतः 18 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान हो रहा है और लाखों लोग विस्थापित हो रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि अफ्रीका में वर्तमान में 3.5 करोड़ आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्ति, 89 लाख शरणार्थी, 11 लाख शरण चाहने वाले और 10 लाख राज्य विहीन व्यक्ति हैं। उन्होंने केन्या की राजधानी नैरोबी में एयू संस्थागत सुधारों पर आयोजित उच्च स्तरीय विस्तारित ब्यूरो रिट्रीट के दौरान कहा, 'अप्रैल और जून 2024 के बीच अकेले अफ्रीका भर में कुल 1,000 आतंकवादी घटनाएं दर्ज की गईं, जिसके कारण 4,818 मौतें हुईं।

**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :** qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## दिल्ली में भाजपा की सरकार बनेगी यही खतरा है केजरीवाल को : डॉ. अरविंद शर्मा

एजेंसी

**सोनीपत।** कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव में हार सामने देखकर केजरीवाल अब हरियाणा सरकार पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों को दस साल तक झूठ बोलकर गुमराह किया है। वास्तविकता तो यह है कि दिल्ली में इस बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि केजरीवाल को हरियाणा की जनता से तुरंत माफी मांगनी चाहिए। साथ ही, उन्हें पानी की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करनी चाहिए। मंत्री ने कहा कि बिना किसी प्रमाण के इस तरह के आरोप लगाना न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि इससे अराजकता फैलाने का प्रयास भी झलकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल झूठे वायदे करने और अपनी बात से पलटने में माहिर हैं। डॉ. अरविंद शर्मा ने दावा किया कि इस बार दिल्ली में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली में अपने किसी भी वायदे को पूरा नहीं किया है, जिससे जनता अब बदलाव चाहती है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर केजरीवाल में हिम्मत होती, तो वह हरियाणा से चुनाव लड़कर अपनी लोकप्रियता साबित करते।

## पैसे डूबने के डर से पुलिस थाना गन्नौर के सामने निवेशकों ने किया प्रदर्शन

**सोनीपत।** ह्यूमन वेलफेयर क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कापरेटिव सोसायटी लिमिटेड के निवेशकों ने सोसायटी के एक अधिकारी पर उनके द्वारा निवेश किए गए करोड़ों रुपयों को हड़पने का आरोप लगाया है। मंगलवार को गुस्साए निवेशकों ने गन्नौर थाना में एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस से अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उनकी रकम वापसी की मांग की। शिकायत में सिद्धु कुमार, सुशील कुमार, सुरेंद्र, सवीना जैन, अमित मलिक, आजाद सिंह, जगदीश चंद्र, सुमन, पूनम, अरुणा, अरविंद, मनीषा, बारूराम, अंजू, प्रवीन आदि ने बताया कि सोसायटी के माध्यम से आरडी, एफडी, एमआईपी, डीडीएस, सुकन्या बचत योजना, आयुष्मान पेंशन योजना, एजुकेशन प्लान और बचत खातों में करोड़ों रुपये जमा किए गए थे। इनकी जमा राशि विभिन्न सुविधा केंद्रों में जमा की गई, जिनमें गन्नौर, लल्हेड़ी रोड, पुगथला, टेहा, दातौली, घसौली, पुरखास, धतूरी और राकसेड़ा शामिल हैं। सभी सुविधा केंद्रों का पैसा पानीपत व समालखा चेस्ट ब्रांच में जमा किया जाता था। समालखा चेस्ट ब्रांच का संचालन हरियाणा टॉप लीडर बिजेंद्र रूहल निवासी मछरौली, समालखा द्वारा किया जाता था।

## नेशनल हॉर्स राइडिंग में गांव रत्ताखेड़ा के छोरे साहिल ने जीता गोल्ड मेडल

**जींद।** नेशनल हॉर्स राइडिंग में गांव रताखेड़ा के छोरे साहिल ने गोल्ड मेडल जीत कर सफीदों व जींद के साथ हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया है। साहिल सिंहमार का अब घुड़सवारी में इंडिया टीम में सिलेक्शन हुआ है। साथ ही उन्हें इंडिया टीम का कैप्टन भी चयनित कर दिया गया है। सफीदों में पहुंचने पर साहिल का पूरे ढोल नगाड़ों के साथ खुली जिप्सी में भव्य स्वागत किया गया। सफीदों के खानसर चौक से उसको बाइक काफिले के साथ गांव रताखेड़ा में उसके घर पर ले जाया गया। गांव में पहुंचते ही साहिल की मां संतोष कुमारी ने अपने हाथों से बनाया चूरमा साहिल को खिलाया। साहिल की मां नर्स है और जबकि पिता एक आटा चक्की चलाते हैं। साहिल ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने दादा रिटायर्ड आर्मी कैप्टन सूरत सिंह को दिया है। क्योंकि बचपन से ही उसके दादा ने उन्हें घुड़सवारी के प्रेरित किया हैं। साहिल ने बताया कि यह प्रतियोगिता 21 से 24 दिसंबर तक दिल्ली में आयोजित हुई थी। जिसमें उनके छह राउंड हुए। 6 रोडा में उन्होंने घुड़सवारी करते हुए तलवार से निशानेबाजी, भाले से निशानेबाजी, रिंग परेड, नींबू परेड आदि 6 राउंड पूरा करके गोल्ड मेडल हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में पूरे देश भर से करीब 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। पहले वह झारखंड की तरफ से खेला।

## गन्नौर के किसानों ने मार्केट कमेटी सचिव पर लगाए गंभीर आरोप, जांच की मांग

**सोनीपत।** गन्नौर के किसानों ने गन्नौर मार्केट कमेटी के सचिव दीपक सुहाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए एसडीएम मनीष फौगाट को शिकायत दी है। किसानों ने शिकायत की प्रतियां उपायुक्त, मार्केटिंग बोर्ड सचिव पंचकूला, मुख्य प्रशासक हरियाणा राज्य विपणन बोर्ड पंचकूला, मुख्यमंत्री हरियाणा, मुख्य अधिकारी विजिलेंस विभाग पंचकूला, गुप्तचर विभाग हरियाणा और एंटी करप्शन ब्यूरो पंचकूला को भी भेजी हैं। शिकायत में किसानों ने सचिव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

किसानों प्रवीन, सुमित, कुलदीप और प्रदीप ने शिकायत में बताया कि गन्नौर मार्केट कमेटी सचिव दीपक सुहाग ने किसान रेस्ट हाउस को अपने निजी आवास के रूप में इस्तेमाल किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सचिव रेस्ट हाउस के एसी, हीटर और अन्य सुविधाओं का निजी उपयोग कर रहे हैं, जबकि वह आवासीय भत्ता भी ले रहे हैं। इस कारण किसान रेस्ट हाउस का उपयोग नहीं कर पा रहे। किसानों ने रेस्ट हाउस को सचिव के कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है। किसानों का आरोप है कि सचिव ने अनाज मंडी में गेट पास की प्रक्रिया का उल्लंघन कर ट्रकों और ट्रैक्टर-ट्रालियों को अंदर-बाहर कराया, जिससे लाखों रुपये की मार्केट फीस चोरी हुई।

## हरियाणा से दिल्ली को हो रही 1049 क्यूसेक पानी की सतत आपूर्ति : मुख्यमंत्री नायब सिंह

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा जहरीले पानी का बयान आम आदमी पार्टी द्वारा आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में मतदाताओं को प्रभावित करने और अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए बनाया गया एक राजनीतिक हथकंडा है। हमने इस मामले की शिकायत चुनाव आयोग से की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी को पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करना एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसे हरियाणा बिना किसी कमी के पूरा कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार की विफलता की पोल खोलते हुए कहा कि साल 2021 में, दिल्ली ने एक याचिका दायर की, जिसमें केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने जवाब दिया। इस जवाब में बताया गया कि वजीराबाद तालाब में



अमोनिया नाइट्रोजन की समस्या है। साथ ही यह भी बताया गया कि आगरा में एक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट है, जो 24 एमजी/एल तक अमोनिया वाले पानी को साफ कर सकता है। लेकिन, दिल्ली सरकार ने अभी तक वजीराबाद के इस प्लांट को अपग्रेड करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। इसी का नतीजा है कि दिल्ली के लोग आज भी गंदा पानी पीने को मजबूर है लेकिन अरविंद केजरीवाल अपनी नाकामी छुपाने के लिए अब हरियाणा पर दोषारोपण कर रहे हैं।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा के लोग यमुना नदी को माँ का स्थान देते हैं। यमुना हरियाणा और दिल्ली दोनों के लिए जीवनदायिनी है, और इसकी पवित्रता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का यमुना के पानी में जहर मिलाने का आरोप हरियाणा और उसके लोगों की आस्था का अपमान है। हरियाणा के लोग यमुना को एक पवित्र नदी मानते हैं और इसकी पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के आरोप न केवल आधारहीन है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक परंपराओं और मान्यताओं का भी अपमान है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली को यमुना और रावी-व्यास के हिस्से के पानी से मुनक में 1049 क्यूसेक पीने के पानी की आपूर्ति होती है। हरियाणा इस पानी को दो नहरों कैरियर लाइन चैनल (सीएलसी) और दिल्ली शाखा के माध्यम से दिल्ली को लगातार सप्लाई कर रहा है।

## हर घर हर गृहिणी योजना के सभी पात्रों का पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें अधिकारी

एजेंसी

**हिसार।** अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में हर घर हर गृहिणी योजना के शत प्रतिशत पात्र लोगों का पंजीकरण करवाया जाए। फूड सप्लाई विभाग के अधिकारी सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों की जांच नियमित रूप से करना सुनिश्चित करें व अगर तकनीकी दिक्कत आ रही है तो त्वरित समाधान करें।

अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दे रही थीं। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 3 लाख 54 हजार 736 बीपीएल व अंत्योदय परिवार हैं। इस योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए वार्ड व गांव के अनुसार जागरूकता कैंप आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह योजना बीपीएल व एएवाई श्रेणी के परिवारों को सशक्त बनाने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देती है।

अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने कहा कि योजना के तहत 500 रुपये में प्रतिवर्ष 12 गैस सिलेंडर पात्र परिवार प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के तहत सब्सिडी की राशि पात्र व्यक्ति के खाते में सीधी ट्रांसफर की जाती है। उपायुक्त ने कहा कि मासिक सहायता के माध्यम से यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने में मददगार साबित हो रही है। अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई हर घर हर गृहिणी योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के जीवन में बड़ा बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योजना है। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को यह योजना प्रभावी ढंग से लागू करने के कड़े निर्देश दिए हैं।

## सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी व सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला में हुआ विचार-मंथन

एजेंसी

**झज्जर।** सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से लघु सचिवालय स्थित परिसर में मंगलवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपायुक्त प्रदीप दहिया ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यशाला में शिरकत की। डीसीपी दीपक सहारण और एडीसी सलोनी शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यशाला में शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूल संचालकों और स्कूलों के ट्रैफिक इंचार्ज में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी एवं सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना रहा। डीसी प्रदीप दहिया ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा बेहद संवेदनशील विषय है, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बच्चों की सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है। सभी स्कूल प्रबंधक व ट्रैफिक प्रभारी सुनिश्चित करें कि स्कूल वाहन एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) के तहत सुरक्षा मानकों की नियमानुसार जांच करें। डीसी ने स्कूल बच्चों के परिवहन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिले के सभी निजी स्कूलों को निर्देश दिया है कि वे अपने बस ड्राइवरों, कंडक्टरों और परिचालकों के व्यवहार के संबंध में विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से समय-समय पर



फीडबैक प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के विषय पर जिला प्रशासन बेहद गंभीरता से कार्य कर रहा है। बच्चों के जीवन की सुरक्षा के लिए सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की सख्ती से पालन बेहद जरूरी है। ऐसी वर्कशॉप नियमित अंतराल पर आयोजित होंगी व स्कूल वाहनों में बच्चों का सुरक्षित सफर सुनिश्चित किया जाएगा। डीसीपी दीपक सहारण ने कहा कि स्कूल संचालकों को स्कूली वाहनों की सुरक्षा के प्रति अति संवेदनशील रहना चाहिए।

क्योंकि थोड़ी सी लापरवाही किसी भी हादसे का कारण बन सकती है। उन्होंने कहा कि स्कूल वाहनों की सुरक्षा को लेकर कार्यशाला का आयोजन करना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे जागरूकता बढ़ती है। कार्यशाला में एडीसी सलोनी शर्मा, एसडीएम एवं आरटीए रविंद्र यादव, एसडीएम बहादुरगढ़ नसीब कुमार, एसडीएम बादली सतीश यादव, एसडीएम बेरी रविंद्र मलिक ने भी सड़क सुरक्षा को लेकर अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। कार्यशाला में रोड सेफ्टी ऑफिसर केशिका, नवदीप व गिरीश द्वारा पीपीटी प्रस्तुत की गई, जिसमें सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के विभिन्न पहलुओं को विस्तार से समझाया गया। प्रस्तुतियों में सड़क पर सुरक्षित वाहन संचालन, स्कूल वाहनों की फिटनेस, ड्राइवर के पुलिस सत्यापन, और स्पीड गवर्नर व जीपीएस जैसी जरूरी तकनीकी सुविधाओं के महत्व पर चर्चा की गई।

## भाजपाइयों ने फूंका अरविंद केजरीवाल व दिल्ली सीएम आतिशी का पुतला

एजेंसी

**जींद।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने रानी तालाब पर प्रदर्शन कर दिल्ली के पूर्व सीएम तथा दिल्ली की सीएम आतिशी का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं का कहना था कि केजरीवाल हरियाणा द्वारा यमुना में जहर घोलने के बयान दे रहे हैं जोकि उन्हें शोभा नही देता है। प्रदर्शन से पहले भाजपा कार्यकर्ता नेहरू पार्क में जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल के नेतृत्व में एकत्रित हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल, भाजपा के जिला महामंत्री डा. राज सैनी, डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के बेटे एवं युवा भाजपा नेता रूद्राक्ष मिड्ढा ने कहा कि दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा पर यमुना के पानी में जहर घोलने का आरोप लगाया है, वह शर्मनाक है। जनता अरविंद



केजरीवाल का कभी माफ नही करेगी। दिल्ली विस चुनाव में अपनी पार्टी की हार देख अरविंद केजरीवाल बौखलाए हुए हैं। भाजपा युवा नेता रूद्राक्ष मिड्ढा ने कहा कि इस बार दिल्ली में भाजपा की भारी बहुमत के सरकार बनने जा रही है। चुनाव में हार को देखते हुए अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा को बदनाम करना शुरू कर दिया है। जिसे हरियाणा के लोग कभी माफ नही करेंगे। दिल्ली में भाजपा बड़े मार्जन से सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा द्वारा यमुना के पानी मे जहर घोलने के बयान ने हरियाणा को बदनाम किया है। जिससे हरियाणा की जनता की भावनाएं आहत हुई हैं। हरियाणा का बेटा कहने वाले अरविंद केजरीवाल अपनी जननी भूमि पर लांछन लगा रहे हैं। जोकि दुर्भाग्यपूर्ण है। अरविंद केजरीवाल दिल्ली के लोगों से किए गए वादों को पूरा करने तथा वहां के लोगों को मूलभूत सुविधा दिलाने में नाकाम रहे हैं। अब चुनाव का समय आया है तो हरियाणा पर ही लांछन लगाने शुरू कर दिए हैं।

## अतिरिक्त निगमायुक्त ने किया माइक्रो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स का निरीक्षण

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के अतिरिक्त निगमायुक्त महावीर प्रसाद ने निगमायुक्त अशोक कुमार गर्ग द्वारा जारी निर्देशों के तहत माइक्रो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सेक्टर-42 और सेक्टर-43 क्षेत्र में स्थापित 6 एसटीपी का जायजा लिया और सभी प्लांट्स को सही पाया। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा विभिन्न पार्कों में कुल 42 माइक्रो एसटीपी स्थापित किए गए हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य आसपास के घरों से निकलने वाले वेस्ट पानी को शोधित करके पार्कों में हरियाली बढ़ाना है। ये एसटीपी प्रणाली पार्कों में पानी की आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रही है, जिससे न केवल जल की बचत हो रही है, बल्कि पर्यावरण को भी लाभ हो रहा है। अतिरिक्त निगमायुक्त महावीर प्रसाद ने एसटीपी द्वारा शोधित किए जा रहे पानी का भी निरीक्षण किया और इसे सही पाया। उन्होंने इस प्रक्रिया की गुणवत्ता और प्रभावशीलता को सराहा। अतिरिक्त निगमायुक्त ने नागरिकों से अपील की कि अपने आसपास के क्षेत्र में चल रहे एसटीपी का समय-समय पर निरीक्षण करें। सुनिश्चित करें कि ये प्लांट्स सही तरीके से काम कर रहे हों, ताकि पर्यावरण की सुरक्षा और जल संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

## ड्रग्स के विरुद्ध आंदोलन में करें भागीदारी, सुखी और स्वस्थ रहें भारत के नर व नारी

एजेंसी

**जींद।** माता चन्नन देवी आर्य कन्या गुरुकुल में नशे के खिलाफ आवाज बुलंद की गई। कार्यक्रम में पुनर्वास प्रभारी उपनिरीक्षक डा. अशोक कुमार वर्मा पहुंचे और छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। डा. अशोक कुमार गांव-गांव तक साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए पहुंच रहे हैं। गुरूकुल पहुंचने पर प्राचार्या ज्योति छिब्बर ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में 250 छात्राओं, 12 शिक्षिकाओं और 15 चालकों एवं अन्य कर्मियों ने भाग लिया। उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति चाहता है कि उसका परिवार सुखी और नशा मुक्त रहे लेकिन केवल चाहने से ऐसा नहीं हो सकता जब तक प्रत्येक अभिभावक अथवा माता-पिता अपनी संतान के प्रति सजग नहीं होगी। सबसे प्रथम आज बच्चों को समय देने की आवश्यकता है। उनके साथ मित्रवत व्यवहार करने की आवश्यकता है। उनके मित्रों के बारे में पूर्ण जानकारी रखना आवश्यक है। समय-समय पर बच्चों के रहने के स्थान का निरीक्षण करने की भी आवश्यकता है। उन्होंने एक उदाहरण देकर भी बताया की किस प्रकार यह समस्या आज विकराल रूप ले रही है और इससे बचने का केवल एक उपाय है और वह है सावधानी। उन्होंने कहा ड्रग्स के विरुद्ध आंदोलन में सभी को भागीदारी करने की आवश्यकता है ताकि भारत का प्रत्येक व्यक्ति सुखी और स्वस्थ रहे। उन्होंने आगे कहा कि अब आपको भयभीत होने की आवश्यकता नही है। ड्रग तस्करों की गुप्त सूचनाएं ब्यूरो के नंबर 9050891508 अथवा भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तहत मादक पदार्थ निषेध आसूचना केंद्र की वेबसाइट, पोर्टल अथवा 1933 पर दी जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गई। प्राचार्या ज्योति ने कहा कि वे इस अभियान से कंधे से कंधा मिलकर सहयोग करेंगे। डा. अशोक ने कहा कि नशा तस्करों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई इस बात का साक्ष्य है कि 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5870 से अधिक अपराधियों को कारागार तक पहुंचाया गया है तो वर्ष 2024 में 3331 अभियोग अंकित कर 5094 नशा तस्करों को कारागार का मार्ग दिखाया है। इसके साथ कोई नया व्यक्ति इस नशे की दलदल में न फंसे इसके लिए भी अलग से व्यवस्था की गई है और वह है नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

## जींद शहर के सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के लिए हुई अहम बैठक

एजेंसी

**जींद।** जींद शहर के सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के लिए जींद के भाजपा विधायक एवं हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने पीडब्ल्यूडी विभाग के दो इंजीनियर इन चीफ, रोड और बिल्डिंग के चीफ इंजीनियर के साथ बैठक की। बैठक में जींद से एक्सईएन राजकुमार नैन मौजूद रहे।

बैठक में डिप्टी स्पीकर ने दोनों विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द रोहतक रोड सड़क को डिफेक्ट लाइबिल्टि पीरियड (डीएलपी) से निकाल कर इस सड़क का निर्माण करवाया जाए। इसके अलावा सफीदों गेट से बाईपास तक फोरलेन सड़क तथा रोहतक रोड फोरलेनिंग निर्माण कार्य को जल्द से जल्द शुरू करवाया जाए। वहीं जींद में अधिकारियों के 56 आवास बनाए जाने को लेकर भी शीघ्र कार्रवर्प शुरू की जाए। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने निर्देयश दिए कि इन चारों परियोजनाओं को जल्द से जल्द धरती पर उतारा जाए ताकि जींद के लोगों को सड़क के नेटवर्क के लिए किसी तरह की कोई परेशानी न हो। अधिकारियों ने डिप्टी स्पीकर को आश्वासन दिया कि जो आश्वासन उन्हें दिया गया है उस पर वो जल्द से जल्द कार्रवाई करेंगे। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि जींद



के सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के लिए रोहतक रोड सड़क का पुर्ननिर्माण करवाया जाएगा। इसके अलावा सफीदों गेट से बाईपास तक तथा रोहतक रोड की सड़क को फोरलेनिंग करवाया जाएगा। इसके साथ ही तथा जींद से जुलानी तक की सड़क का निर्माण करवाया जाएगा। इन सड़कों के निर्माण तथा चौड़ीकरण से लोगों को जहां यातायात में सुगमता मिलेगी वहीं वाहन चालकों को भी फायदा होगा। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि नायब सैनी सरकार द्वारा जींद के विकास के लिए कोई कोर कसर नही छोड़ रही है। जींद जिला विकास के मामले में हमेशा अग्रणीय रहा है। जींद की जनता ने जो अपनी आवाज बना कर उन्हें विधानसभा भेजा था, उस पर उन्होंने हमेशा खरा उतरने का काम किया है। देश व प्रदेश में अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने के लिए भाजपा सरकार अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभा रही है। सरकार विकास की गारंटी के साथ आमजन तक पहुंची और लोगों को लाभांवित करने का काम किया जा रहा।

## बिश्नोई सभा ने कुलदीप बिश्नोई को दिया नई कार्यकारिणी के गठन का अधिकार



एजेंसी

**हिसार।** बिश्नोई सभा, हिसार की आम सभा की बैठक यहां के बिश्नोई मंदिर में हुई। इस बैठक का प्रमुख एजेंडा बिश्नोई सभा, हिसार की नई कार्यकारिणी का गठन एवं आय व्यय का ब्यौरा पेश करना था। बैठक के दौरान सभा के सदस्यों ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किए।

कोषाध्यक्ष कृष्ण पूनिया ने तीन साल के आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया, वहीं सचिव अमर सिंह मांजू ने तीन साल में किए गए कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। समाज के सभी लोगों ने सभा की ओर से करवाए गए कार्यों की सराहना की तथा समाज के लिए बिश्नोई रत्न चौ. भजनलाल एवं संरक्षक कुलदीप बिश्नोई के सहयोग की प्रशंसा की। समाज के लिए चौ. भजनलाल परिवार के समर्पित योगदान को देखते हुए आम सभा ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि नई कार्यकारिणी के गठन का अधिकार बिश्नोई रत्न कुलदीप बिश्नोई को दे दिया जाए।बैठक में बिश्नोई सभा हिसार के अध्यक्ष जगदीश चंद्र कड़वासरा एवं उनकी पूरी कार्यकारिणी, अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के उपाध्यक्ष सुभाष देहड़ू, आदमपुर बिश्नोई सभा के अध्यक्ष राजाराम खीचड़, बिश्नोई सभा, सिवानी के अध्यक्ष विजय सिंह देहड़ू, पंचकुला बिश्नोई,सभा के अध्यक्ष, लीलूराम गोदारा, बिश्नोई सभा, डबवाली के अध्यक्ष कुलदीप जाजूदा,सचिव इंद्रजीत धारणिया, कुरुक्षेत्र बिश्नोई से अशोक मांजू, फतेहाबाद बिश्नोई सभा के अध्यक्ष भूप सिंह गोदारा, सचिव नरसी काकड़, रतिया बिश्नोई सभा के अध्य

## दुर्घटनाओं में सडक़ एजेंसी के संबंधित अधिकारियों का जुड़ेगा एफआईआर में नाम

एजेंसी

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सडक़ एजेंसी द्वारा चेतावनी जारी करने के उपरान्त भी अगर सडक़ के गड्ढे न भरे होने के कारण कोई दुर्घटना होती है तो उस स्थिति में संबंधित सडक़ के केयरटेकर विभाग के संबंधित अधिकारी के ख़िलाफ़ एफआईआर दर्ज की जाएगी। जिला फरीदाबाद में प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस मिलकर यातायात व्यवस्था को सुचारू ढंग से चलाए।

डीसी विक्रम सिंह ने जिला फरीदाबाद में सडक़ सुरक्षा के नियमों की सही पालना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर उपस्थित प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों और सडक़ सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े संबंधित लोगों को सम्बोधित किया। डीसी विक्रम सिंह ने एचएसवीपी, एफएमडीए, नगर निगम के अधिकारियों को जिला के सभी मुख्य मार्गों पर गैरकानूनी एवं अनधिकृत रेहड़ी-पटडियों को हटाकर रोड़ क्लियर करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा बाईपास रोड़ पर रोंग साइड चालकों के चालान कर इसकी रोकथाम के लिए ज़रूरी कार्यवाही अमल में लायें। सडक़ उसको जल्द से जल्द ठीक करें। सडक़ सुरक्षा के नियमों की पालना करने के लिए पुलिस, प्रशासन और हाईवे के तकनीकी अधिकारी आपसी




सुरक्षा नियमों को पालन करने के लिए जिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी को जो भी दायित्व मिला है, वह उसको गंभीरता से पालन करें। सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सडक़ सम्बन्धी समस्याओं को जल्द से जल्द दुर करें। सडक़ के बीच में अगर किसी भी प्रकार का कोई खंबा लगा हो, संबंधित विभाग उसपर कार्यवाही करके उसे आमजन की सुरक्षा को देखते हुए सडक़ के बीच से हटाकर साइड पर लगवाए। शहर में जिन भी सडक़ो पर गड्ढे हो या सडक़ टूटी हो उसका मुआयना कर तालमेल करके कार्य को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सडक़ सुरक्षा के नियमों अनुसार सडक़ पर लगाई जाने वाली पुलिया, ज़ेबरा क्रॉसिंग प्वाइंट और ग्रिल लगाने, टूटने पर ठीक करवाने सहित बरसाती पानी या गंदा पानी इकट्ठा होता है वहां उन स्थानों को चिन्हित करके वहां पर सभी समस्याओं को दूर करें ,साथ ही उन्होंने आदेश दिए कि बिना फिटनेस सर्टिफिकेट के कोई भी स्कूल बस रोड पर ना चले ।

## पलवल शहर में अवैध पार्किंग को किया गया बंद: खेल मंत्री गौरव गौतम

एजेंसी

**पलवल।** हरियाणा सरकार में युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता तथा खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि शहर के एविलेटिड पुल पर देश के महान विभूतियों की पेंटिंग बनवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पलवल के लिए 32 सौ लाइट प्राप्त हो चुकी हैं तथा 5000 लाइट की प्रक्रिया जारी है। सीएसआर के माध्यम से पलवल को 33 हाई मास्क लाइट उपलब्ध कराई गई हैं। शहर में तिरंगा लाइट लगाने का कार्य जल्द शुरू होगा। उन्होंने कहा कि शहर में अवैध पार्किंग को बंद किया गया है। इसके अतिरिक्त टो वाहन खरीदने के लिए टेंडर प्रक्रिया अमल में लाई गई है। शहर में पानी की निकासी के लिए कैच पिट का निर्माण करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। शहर में बारिश के पानी को जमा होने से रोकने के लिए कदम उठाए गए हैं। गौरव गौतम ने कहा कि पलवल में मार्केटिंग बोर्ड के माध्यम से 60 सड़कों का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। केजीपी को जाममुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इदगाह में पानी की निकासी के लिए आरसीसी को मंजूरी दी गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में व्यायामशाला, चौपाल व फिरनी सहित अन्य विकास कार्य करवाए गए हैं। 20 करोड़ की लागत से गांवों में विकास कार्य शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्टेडियम के लिए ग्रामीणों व ग्राम पंचायत से बात चल रही है। इसके अलावा गांव बहरोला के 172 टीला पर अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बनाने के लिए सरकार को प्रपोजल दिया गया है।गौ रक्षकों के साथ खड़ी है सरकार खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि सरकार गौ तस्करों के खिलाफ व गौ रक्षकों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि पलवल में गौ तस्करों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि गौ रक्षा के लिए सरकार की ओर से कानून भी बनाया गया है तथा सरकार गौ संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है है। खेल मंत्री ने कहा कि सरकार की ओर से पलवल वासियों सहित व्यापारियों को भयमुक्त माहौल प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर के लोगों व व्यापारियों की सुरक्षा के लिए शहर में 24 घंटे पुलिस जिप्सी सहित ब्लेक कैट कमांडो गश्त लगाते हैं।

## स्काईप्रो, प्लेबॉक्स टीवी के साथ साझेदारी में बीएसएनएल ने लॉंच किया आईएफटीवी प्लेटफॉर्म

एजेंसी

**मुंबई।** सरकारी दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने स्काईप्रो और ओटीटी पार्टनर प्लेबॉक्स टीवी की साझेदारी में आईएफटीवी प्लेटफॉर्म के लॉन्च की घोषणा की है। बीएसएनएल के मुख्य महाप्रबंधक (महाराष्ट्र) एच के मक्कड़ ने कल शाम पुणे में लॉन्च कार्यक्रम में कहा, 'आईएफटीवी लॉन्च करने के लिए स्काईप्रो और प्लेबॉक्स टीवी के साथ यह सहयोग हमारे ग्राहकों, खासकर ग्रामीण भारत के लिए एक बड़ा बदलाव है।' एक बयान में कहा गया है कि यह प्लेटफॉर्म भारत में 550 से अधिक लाइव टीवी चैनल और प्रीमियम ओटीटी ऐप पेश करेगा। साझेदारी के तहत, बीएसएनएल अपने नेटवर्क के साथ पूरे भारत में ग्राहकों के लिए सामग्री तक पहुंच को सक्षम बनाता है। स्काईप्रो, आईएफटीवी की प्रौद्योगिकी रीढ़ के रूप में, सामग्री वितरण सुनिश्चित करता है जबकि प्लेबॉक्स टीवी विविध मनोरंजन वरीयताओं को पूरा करने के लिए प्रीमियम सामग्री का एक क्यूरेटेड चयन लाता है। बयान में कहा गया है कि भारत के शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में 40 लाख से अधिक एफटीटीएच ग्राहकों के साथ, बीएसएनएल अब अपने सभी ग्राहकों को बिना किसी अतिरिक्त लागत के प्रीमियम टीवी और ओटीटी ऐप तक पहुंचाने में सक्षम बनाता है।

## नौकरियों के सृजन, कौशल विकास के साथ महंगाई पर हो काबू करने के उपायः मजूमदार

**नयी दिल्ली।** डेलॉयट की अर्थशास्त्री डॉ. रुमकी मजूमदार ने आम बजट की तैयारियों के बीच सरकार से महंगाई को काबू में करने के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर व्यय बढ़ाने के अतिरिक्त नौकरियों के सृजन और कौशल विकास पर जोर दिये जाने की अपील की है। सुश्री मजूमदार ने अपनी सिफारिशों में कहा है कि श्रम-प्रधान विनिर्माण क्षेत्रों या ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने वाले कपड़ा, जूते और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहनों पर जोर दिया जाना चाहिए। प्रौद्योगिकी से जुड़े नवाचारों को संभव बनाने के लिए संसाधन आवंटित करें जिससे अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाने में मदद मिलने के साथ ब्लू-कॉलर नौकरियों (मैनुअल लेबर) की गुणवत्ता बढ़ती है। कौशल विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए नियोक्ताओं और कर्मचारियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना चाहिए। इसमें नौकरी के लिए कोर्स तैयार करने और प्रशिक्षुता (अप्रेंटिसशिप) प्रदान के उद्देश्य से उद्योगों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना भी शामिल हो सकता है। उन्होंने कहा कि कौशल में कमी जैसी चुनौतियों का समाधान करने और बाजार की आवश्यकता वाले कौशल को उपलब्ध प्रतिभा के साथ जोड़ने के लिए एक व्यापक डेटाबेस विकसित किया जाए। विशेष रूप से ब्लू-कॉलर नौकरियों के लिए कोर्स का सर्टिफिकेशन सहायक होगा।

## बिरला ओपस पेंट्स का दिल्ली में विस्तार

**नयी दिल्ली।** आदित्य बिरला ग्रुप की ग्रासिम इंडस्ट्रीज के तहत आने वाले बिरला ओपस पेंट्स ने दिल्ली में 3 नए स्टोर शुरू कर अपना विस्तार किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि दिल्ली-एनसीआर में कुल 10 फ्रेंचाइज़ी स्टोर्स के साथ बिरला ओपस पेंट्स देश का सबसे बड़ा पेंट फ्रेंचाइज़ी नेटवर्क बनने जा रहा है। क्योंकि यह ग्राहकों को आधुनिक प्रोडक्ट, डेकोर सॉल्यूशंस और पर्सनलाइज़्ड सेवाएं देने के लिए मशहूर है। क्षेत्र में अपनी शुरुआती डीलर नेटवर्क की सफलता को ध्यान में रखते हुए इन नए स्टोर्स को शुरू किया गया है। बिरला ओपस पेंट्स के सीईओ रक्षित हरगवे ने कहा ÷दिल्ली-एनसीआर बिरला ओपस पेंट्स के लिए बेहद मायने रखता है और हमें बहुत खुशी है कि हम यहां अपने 3 नए फ्रेंचाइज़ी स्टोर्स लॉन्च कर रहे हैं, इसके बाद इस क्षेत्र में हमारे स्टोर्स की कुल संख्या 10 हो गई है। यह विस्तार सिर्फ एक व्यावसायिक उपलब्धि नहीं है, बल्कि दिल्ली-एनसीआर के ग्राहकों को बेहतरीन गुणवत्ता और उत्कृष्ट सेवा देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हमारे 145 से भी ज्यादा योजनाबद्ध उत्पादों में से 80 प्रतिशत से भी ज्यादा पहले से ही उपलब्ध हैं, और हम हर भारतीय घर को दुनियां के सबसे बेहतरीन प्रोडक्ट्स और ख़ास तौर पर उन्हीं के लिए बनी सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## बायईजी के संस्थापकों ने लॉन्च किया ग्लैमजी

**नयी दिल्ली ।** दक्षिण भारत के क्षेत्रों में सौंदर्य और स्वास्थ्य की पहुंच को नया स्वरूप देने के उद्देश्य से बायईजी के संस्थापकों ने एक ब्यूटी ओमनीचैनल प्लेटफ़ॉर्म ग्लैमजी को लॉन्च किया है। कंपनी ने बयान जारी कर बताया कि यह प्लेटफ़ॉर्म ऑफलाइन स्टोर्स और एक मजबूत ऑनलाइन नेटवर्क के जरिए टियर 2 और टियर 3 शहरों में ग्राहकों को समर्पित सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार है। मध्यम आय वर्ग की महिलाओं की उन समस्याओं को हल करना है, जो गैर-मेट्रो शहरों में उच्च गुणवत्ता वाले सौंदर्य और स्वास्थ्य उत्पादों तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करती हैं। यह प्लेटफ़ॉर्म इन कम सेवा वाले क्षेत्रों में ग्राहकों के लिए सुलभ और किफ़ायती समाधान लाने पर केंद्रित है। वर्तमान में ग्लैमज़ी मैसूर में चार स्टोर संचालित कर रहा है और जल्द ही एक इमर्सिव एक्सपीरियंस स्टोर लॉन्च करने की योजना बना रहा है। इसके अलावा ग्लैमज़ी का ओमनीचैनल प्लेटफ़ॉर्म (वेबसाइट और ऐप के माध्यम से) कर्नाटक और तमिलनाडु के चुनिंदा क्षेत्रों में मुफ़्त और 15 मिनट की तेज डिलीवरी प्रदान करता है। ग्लैमज़ी के सह-संस्थापक राहुल अग्रवाल ने कहा, हमारा लक्ष्य 2025 के अंत तक गैर-मेट्रो शहरों में 50 ग्लैमज़ी स्टोर स्थापित करना है। हमारा यह विस्तार सौंदर्य उत्पादों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास है और हम इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं।

# एआई का इस्तेमाल करो पर गुलाम मत बनो : मुकेश अंबानी

एजेंसी

**अहमदाबाद ।** पेट्रोलियम समेत विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने छात्रों को नसीहत देते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करो लेकिन उसके गुलाम मत बनो। श्री अंबानी ने यहां पंडित दीन दयाल एनर्जी यूनिवर्सिटी (पीडीईयू) के दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, ÷चैट जीपीटी का जरूर इस्तेमाल करो लेकिन याद रखो कि आर्टिफिशियल बुद्धि से नहीं खुद की बुद्धि से हम आगे बढ़ेंगे और आप आगे बढ़ सकते हैं। आरआईएल के अध्यक्ष ने छात्रों से



बातचीत के दौरान उन्हें सलाह देते हुए कहा, एआई का एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करने में माहिर होना चाहिए लेकिन अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करना न छोड़ें। इस विश्वविद्यालय के बाहर निकलते ही आपको इससे भी बड़ी 'यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ' में एडमिशन लेना पड़ेगा। जहां न कैंपस होगा न क्लासरूम और न ही पढ़ाने वाले टीचर्स। आप अपने दम पर ही जीवन में आगे बढ़ सकेंगे। श्री अंबानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल ऊर्जा विश्वविद्यालय का जन्म प्रधानमंत्री की ही असाधारण दूरदर्शिता का परिणाम है। बीस साल पूर्व उन्होंने मुझसे कहा था कि वे चाहते हैं कि गुजरात ऊर्जा और ऊर्जा उत्पादों के मामले में देश का नेतृत्व करे। साथ ही विश्वस्तरीय मानव संसाधनों को विकसित करने में भी गुजरात को अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए और इस तरह इस अग्रणी विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। आरआईएल के अध्यक्ष ने दावा किया, मैं स्पष्ट रूप से देख सकता हूं कि इस सदी के अंत से पहले भारत दुनिया का सबसे समृद्ध राष्ट्र बन जाएगा। दुनिया की कोई भी ताकत भारत की विकास यात्रा को रोक नहीं सकती। उल्लेखनीय है कि श्री मुकेश अंबानी पीडीईयू के फाउंडर प्रेसिडेंट और अध्यक्ष हैं।

## बजट में एआई प्रशिक्षण में निवेश आकर्षक कर प्रोत्साहन दिया जाए :वर्ल्ड ट्रेड सेंटर्स एसोसिएशन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड ट्रेड सेंटर्स (डब्ल्यूटीसी) बिजनेस एंड इंडस्ट्री एसोसिएशन ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को केंद्रीय बजट 2025 में शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए सुझावों की एक व्यापक सूची प्रस्तुत की है जिसमें शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रशिक्षण में निवेश करने वाली कंपनियों के लिए आकर्षक कर प्रोत्साहन प्रदान करने और युवाओं को उद्योग-प्रासंगिक अनुभव प्रदान करने के लिए कार्य से जुड़े शिक्षण कार्यक्रमों का विस्तार करने की सिफारिश भी है। एसोसिएशन ने प्रौद्योगिकी को समन्वित करने तथा उद्योग एवं अकादमिक संस्थानों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने जैसे कई सुझाव दिए हैं । डब्ल्यूटीसी एसोसिएशन की जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार ये सिफारिशें शिक्षा क्षेत्र के प्रमुख हितधारकों के साथ एक व्यापक विचार-विमर्श सत्र में सामने आयी हैं। इन सिफारिशों का उद्देश्य भारतीय शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाना है। बयान में कहा गया है कि एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल की अध्यक्षता में हुए विचार-विमर्श सत्र में डॉ. अमित सक्सेना, श्रीमती स्तुति कक्कड़ (सेवानिवृत्त आईएएस), डॉ. ओलेक्सांद्र (भारत में यूक्रेन के राजदूत), संजीव आहूजा (उद्यमी) और दीपक द्विवेदी (पत्रकार) और एसोसिएशन के महानिदेशक डॉ. योगेश श्रीवास्तव तथा कई अन्य विशेषज्ञ शामिल थे। शिक्षा में प्रौद्योगिकी का एकीकरण के बारे में एसोसिएशन का कहना है।

# सर्राफा बाजार में गिरावट, सोना और चांदी की कम हुई चमक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार लगातार गिरावट का रुख बना हुआ है। सोने के भाव में आज 300 रुपये से लेकर 320 प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई। कीमत में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 81,920 रुपये से लेकर 82,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 75,090 रुपये से लेकर 75,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज मामूली कमजोरी आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 96,300 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 82,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 75,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 81,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 81,970 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 75,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 81,920 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 75,090 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 81,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 82,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट



सोना 75,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 81,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 75,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 82,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# सीतारमण एक फरवरी को पेश करेंगी बजट, 31 जनवरी से शुरू होगा बजट सत्र

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण से होगी। इसके अगले दिन एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त वर्ष 2025-26 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी।

संसद के बजट सत्र का पहला चरण 31 जनवरी को शुरू होकर 13 फरवरी को समाप्त होगा। बजट सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च को शुरू होगा, जो 4 अप्रैल तक चलेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बजट सत्र के पहले दिन 31 जनवरी को सुबह 11 बजे संसद भवन स्थित लोकसभा कक्ष में संसद के दोनों सदनों को संबोधित करेंगी। संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद शुक्रवार को लोकसभा और राज्यसभा की संक्षिप्त बैठक होगी। इसके बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी।

संसदीय अधिसूचना के मुताबिक वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लोकसभा में केंद्रीय बजट 2025-26 पेश करेंगी।



राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा 3-4 फरवरी को होगी, जबकि राज्यसभा ने बहस के लिए तीन दिन निर्धारित किए गए हैं। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि सरकार ने 30 जनवरी को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। उन्होंने आगामी सत्र के दौरान सदन में सुचारू चर्चा करने के लिए विपक्षी नेताओं से सहयोग की अपील की है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक अच्छा और संतुलित बजट पेश करेंगी।

## एनएमडीसी का 2030 तक 10 करोड़ टन उत्पादन का लक्ष्य

एजेंसी

**हैदराबाद।** देश की प्रमुख लौह अयस्क खनन कंपनी एनएमडीसी ने वर्ष 2030 तक प्रत्येक वर्ष दस करोड़ टन उत्पादन का लक्ष्य रखा है। इसके लिए कंपनी ने यहां एक विक्रेता सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें उसने अपने 10 करोड़ टन प्रति वर्ष की कार्ययोजना को साझा किया। इस सम्मेलन में देशभर के संवेदकों, सलाहकारों और विक्रेताओं के साथ 70,000 करोड़ रुपये की पूंजीगत व्यय योजना की जानकारी दी गई। कंपनी का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में उत्पादन क्षमता को बढ़ाना, बुनियादी ढांचे का निर्माण करना और डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाना है। एनएमडीसी ने अपनी व्यावसायिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने और अपने साझेदारों से उच्चतम गुणवत्ता और समयबद्धता की मांग करते हुए व्यापार करने में आसानी का आश्वासन दिया। एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमिताव मुखर्जी ने कहा, 'यह केवल व्यवसाय नहीं बल्कि 2030 तक 10 करोड़ टन का लक्ष्य प्राप्त करना एनएमडीसी के लिए एक प्राथमिकता है।

यह अवसर हमें वैश्विक खनन पावरहाउस बनने की दिशा में आगे बढ़ने का मौका देता है।' उन्होंने विक्रेताओं से आग्रह किया कि वे इस लक्ष्य को समय पर और सर्वोत्तम गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए अपने संसाधनों और वित्तीय योजनाओं को मजबूत करें। एनएमडीसी की यह योजना भारतीय खनन और इस्पात उद्योग में नए मानक स्थापित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए कंपनी विक्रेताओं के साथ साझेदारी को मजबूत करते हुए राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# इंडेक्स शेयरों में हुई खरीदारी से मजबूती के साथ बंद हुआ घरेलू बाजार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बड़ी गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार ने आज जोरदार वापसी की। आज के कारोबार में बैंकिंग और फाइनेंशियल सेक्टर के शेयरों में जमकर खरीदारी होती रही, जिसके कारण दिन के कारोबार में सेंसेक्स 1,100 अंक से अधिक और निफ्टी 300 अंक से अधिक उछलने में सफल रहे। हालांकि, आखिरी 1 घंटे के कारोबार में दिन के ऊपरी स्तर पर हुई मुनाफा वसूली के कारण दोनों सूचकांक सर्वोच्च स्तर से नीचे गिर कर बंद हुए। पूरे के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.71 प्रतिशत और निफ्टी 0.56 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान बैंकिंग और फाइनेंशियल सेक्टर के अलावा रियल्टी और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में भी लगातार खरीदारी होती रही। दूसरी ओर फार्मास्यूटिकल, कैपिटल गुड्स, पावर, यूटिलिटी, इंडस्ट्रियल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, टेक, ऑयल एंड गैस, मेटल, एफएमसीजी, आईटी और कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.61 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.77 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई मजबूती के बावजूद ब्रॉडर मार्केट में हुई बिकवाली के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 409.15 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 410.31 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.16 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,084 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,311 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,663 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 110 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,579 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 767 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,812 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर बढ़त के साथ और 11 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 25 शेयर हरे निशान में और 25 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 292.83 अंक की मजबूती के साथ 75,659 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक गिर कर 75,622.88 अंक के स्तर तक पहुंच गया, लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने चौतरफा लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से शाम 3 बजे के थोड़ी देर पहले सेंसेक्स 1,146.79 अंक की मजबूती के साथ 76,512.96 अंक के स्तर पर पहुंच गया।

# विदेशी निवेशकों की जनवरी में सबसे अधिक बिकवाली, 3 सप्ताह में बेचे 67 हजार करोड़ के शेयर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने जनवरी माह में सबसे अधिक बिकवाली की है। यानी इसके पहले किसी भी साल जनवरी के महीने में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने इतने बड़े पैमाने पर बिकवाली नहीं की है। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी 24 जनवरी तक विदेशी संस्थागत निवेशक 7.8 बिलियन डॉलर यानी करीब 67 हजार करोड़ रुपये की बिकवाली कर चुके थे। मौजूदा सप्ताह का कारोबारी आंकड़ा आना अभी बाकी है। ऐसे में अगर विदेशी निवेशकों की बिकवाली इस सप्ताह भी लगातार जारी रही, तो एफआईआई का महीने भर में की गई कुल बिकवाली का आंकड़ा और अधिक होने पर घरेलू शेयर बाजार के इतिहास में सबसे खराब महीने के रूप में अपना नाम दर्ज करा सकता



है। घरेलू शेयर बाजार के इतिहास अभी तक इसके पहले सिर्फ दो मौके पर ही इससे अधिक बिकवाली हुई है। सबसे अधिक बिकवाली मार्च, 2020 में 8.4 बिलियन डॉलर की हुई थी, जबकि अक्टूबर 2024 में विदेशी निवेशकों ने 11.2 बिलियन डॉलर की बिकवाली की थी। इस महीने पहले 3 सप्ताह में ही विदेशी निवेशक 7.8 बिलियन डॉलर की बिकवाली कर चुके हैं। जनवरी के महीने में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सबसे अधिक बिकवाली फाइनेंशियल सेक्टर के शेयरों में की है। इस सेक्टर में विदेशी निवेशकों ने 1.41 बिलियन डॉलर के शेयर बेचे हैं। इसी तरह कंज्यूमर सर्विस सेक्टर में 40.53 करोड़ डॉलर, पावर सेक्टर में 36 करोड़ डॉलर और कैपिटल गुड्स सेक्टर में 30.31 करोड़ डॉलर की बिकवाली विदेशी निवेशकों द्वारा की गई है। इन चुनिंदा सेक्टर्स के अलावा ऑटोमोबाइल, कंस्ट्रक्शन, मेटल और आईटी सेक्टर में भी विदेशी निवेशक खुलकर बिकवाली की है। डिपॉजिटरी के मुताबिक मेटल, आईटी, ऑटोमोबाइल और कंस्ट्रक्शन सेक्टर के करीब 20 करोड़ डॉलर के शेयर अभी तक विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा बेचे जा चुके हैं। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि घरेलू शेयर बाजार फिलहाल जियो-पॉलिटिकल टेंशन, वैश्विक अर्थव्यवस्था की सुस्ती, घरेलू मोर्चे पर कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजे और ऊंची ब्याज दरों की वजह से कड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी का कहना है कि शेयर बाजार को अमेरिका की ओर से टैरिफ वॉर शुरू किए जाने की भी आशंका है।

## पेटीएम पेमेंट्स के सीईओ नकुल जैन ने इस्तीफा दिया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पेटीएम पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड (पीपीएसएल) के मुख?य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नकुल जैन ने इस्तीफा दे दिया है। नकुल जैन ने अपने खुद के कारोबारी सफर की शुरुआत करने के लिए अपना पद छोड़ा है। पेटीएम ने अपनी रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा कि पीपीएसएल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नकुल जैन ने 31 मार्च, 2025 को कारोबारी समय समाप्त होने या आपसी सहमति से पहले की तारीख से अपने पद से इस्तीफा दिया है। जैन ने एक उद्यमी यात्रा को आगे बढ़ाने का फैसला किया है, जिसके कारण उन्होंने यह निर्णय लिया है। बयान में यह भी कहा गया है कि हम उनके योग्य विकल्प की तलाश कर रहे हैं। पेटीएम ने कहा कि कंपनी नए नाम की घोषणा जल्द ही करेगी। पेटीएम को अगस्त, 2024 में






पीपीएसएल में डाउनस्ट्रीम निवेश के लिए सरकार से मंजूरी मिली थी। इसके बाद कंपनी ने पीए लाइसेंस के लिए फिर से रिजर्व बैंक के समक्ष आवेदन किया है। नोएडा मुख?यालय स्थित पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लिमिटेड (पीपीएसएल) एक प्रौद्योगिकी कंपनी है, जो पूर्ण-स्टैक भुगतान और वित्तीय समाधान प्रदान करती है।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी लौटने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे।




तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.56 प्रतिशत चढ़कर 73.58 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड भी 0.61 प्रतिशत की तेजी के साथ 77.55 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# भारत और ओमान दोहरा कराधान बचाव संधि में संशोधन के लिए सहमत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और ओमान ने सीमापार कराधान के अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ तालमेल बिठाने, प्रक्रियाओं को सरल बनाने और कर मामलों में ज्यादा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए दोहरा कराधान बचाव संधि (डीटीएए) में संशोधन करने पर अपनी सहमति व्यक्त की है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की मस्कट यात्रा के दौरान भारत-ओमान दोहरा कराधान बचाव संधि (डीटीएए) में संशोधन करने के लिए एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए गए। साथ ही भारत और ओमान ने द्विपक्षीय व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर शीघ्र हस्ताक्षर करने के लिए वार्ता में तेजी लाने पर सहमति जताई है, जिस पर बातचीत अग्रिम चरण में है। मंत्रालय के अनुसार, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ओमान की दो दिवसीय यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। गोयल ने इस यात्रा के दौरान ओमान के वाणिज्य, उद्योग और निवेश संवर्धन मंत्री महामहिम कैस बिन मोहम्?मद अल युसूफ के साथ भारत-ओमान संयुक्त आयोग की बैठक (जेसीएम) के 11वें सत्र की सह-अध्यक्षता की। इस बैठक में व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, खाद्य सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर सकारात्मक बातचीत हुई। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक पीयूष गोयल ने मंत्री कैस बिन मोहम्मद अल युसूफ के साथ एक सकारात्मक द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने भारत और ओमान के बीच द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों की विस्तृत समीक्षा की। वाणिज्य मंत्री ने पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए ठोस कदमों की पहचान की। इसके अलावा दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय भारत-ओमान व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर भी विचार-विमर्श किया, जिस पर बातचीत अभी अंतिम दौर में है। मंत्रालय के मुताबिक दोनों मंत्रियों ने इस समझौते पर जल्द ही हस्ताक्षर करने के लिए चर्चाओं में तेजी लाने पर सहमति जताई, जो द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में एक नया मील का पत्थर साबित होगा। इसमें दो-तरफा व्यापार और निवेश को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने की क्षमता है। इसके अलावा दोनों पक्षों ने इस दौरान भारत-ओमान दोहरे कराधान परिहार समझौते (डीटीएए) में संशोधन के लिए प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए, जिससे इसे सीमा पार कराधान पर अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाया जा सके, कर प्रक्रियाओं को सरल बनाया जा सके और कर मामलों में अधिक सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय संबंध और सहयोग मामलों के उप प्रधानमंत्री और महामहिम के विशेष प्रतिनिधि महामहिम सैय्यद असद बिन तारिक अल सईद से मुलाकात की। महामहिम सैय्यद असद ने सितंबर 2023 में जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत में ओमानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था।

# स्किन के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं बादाम के छिलके, ऐसे करें इनका यूज



**बादाम सेहत के लिए किसी खजाने से कम नहीं है. बादाम खाने के कई फायदे हैं. ज्यादातर लोग बादाम के छिलके उतार कर खाते हैं और छिलकों को फेंक देते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि बादाम के छिलके आपकी स्किन के लिए कितने फायदेमंद हैं.**

बादाम को हेल्थ के लिए सुपरफूड माना जाता है. ये न केवल हमारे शरीर को एनर्जी देता है बल्कि हमारी त्वचा के लिए भी बेहद फायदेमंद है. बादाम को छिलके के साथ और बिना छिलके के भी खाया जाता है. लेकिन बादाम के छिलके उतार कर इन्हें कचरा समझ कर फेंक दिया जाता है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि बादाम के छिलके भी आपकी त्वचा के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं? बादाम की तरह इसके छिलके में कई ऐसे नेचुरल तत्व होते हैं जो स्किन की कई समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं.

बादाम के एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन और मिनरल्स स्किन को ग्लोइंग और उसे हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं. स्किन केयर रूटीन में नेचुरल चीजों को शामिल करना चाहते हैं तो चलिए आपको बताते हैं कि कैसे आप बादाम के छिलकों की मदद से चेहरे की रंगत में सुधार ला सकते हैं.

बादाम के छिलके के फायदे

1. त्वचा को गहराई से साफ करें

बादाम के छिलके को स्क्रब के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है. ये त्वचा की गहराई से सफाई करता है और डेड स्किन सेल्स को हटाने में मदद करता है, जिससे स्किन साफ और चमकदार बनती है.

2. पिगमेंटेशन और डार्क स्पॉट्स को कम करें

अगर आप पिगमेंटेशन और डार्क स्पॉट्स से परेशान हैं तो आपको बादाम के छिलके ट्राय करने चाहिए. बादाम के छिलके में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट डार्क स्पॉट्स और पिगमेंटेशन को हल्का करने में मदद करते हैं. ये त्वचा की टोन को भी सुधारता है.

3. त्वचा को बनाएं ग्लोइंग

आज कल हेल्दी और ग्लोइंग स्किन के लिए महिलाएं काफी प्रोडक्ट यूज करती हैं, जिसके साइड इफेक्ट भी हो सकते हैं. वहीं इसकी जगह आप बादाम के छिलके का यूज कर सकती हैं. बादाम के छिलके में विटामिन ई भरपूर होता है, जो त्वचा को पोषण देता है और उसे नेचुरल ग्लो प्रदान करता है. इससे स्किन काफी ज्यादा शाइन करती है.

बादाम के छिलके का इस्तेमाल कैसे करें?

1. स्क्रब बनाने के लिए- कुछ बादाम के छिलकों को सुखाकर पाउडर बना लें. इसमें शहद और दही मिलाकर पेस्ट तैयार करें. इस पेस्ट को स्क्रब की तरह चेहरे पर हल्के हाथों से मसाज करें. 5-7 मिनट बाद गुनगुने पानी से धो लें.

2. फेस मास्क बनाएं- बादाम के छिलकों को पीसकर उसमें एलोवेरा जेल और गुलाब जल मिलाएं. इस पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर लगाएं. 15 मिनट बाद ठंडे पानी से धो लें. ये मास्क त्वचा को चमकदार और निखरी बनाएगा.

3. टैन हटाने के लिए- बादाम के छिलकों का पाउडर बनाकर उसमें नींबू का रस और बेसन मिलाएं.इसे टैनिंग वाली जगह पर लगाएं और सूखने के बाद धो लें. ये टैन हटाने में काफी कारगर है.

4. डार्क सर्कल्स के लिए- बादाम के छिलकों को पीसकर उसमें दूध मिलाएं.इस पेस्ट को आंखों के नीचे लगाएं. 10 मिनट बाद ठंडे पानी से साफ कर लें. ये डार्क सर्कल्स को कम करने में मदद करता है.

# अंतरिम सरकार के तहत बांग्लादेश में पाकिस्तान समर्थक लहर



1947 में बांग्लादेशियों को, पूर्व पाकिस्तानी होने के नाते, इस्लामी गणराज्य के पूर्वी हिस्से में गरीब, तीसरे दर्जे का नागरिक माना जाता था। अपने शोषण से तंग आकर, उन्होंने 1970-71 में पाकिस्तान को पूरी तरह से खारिज करते हुए अलग होने का फैसला किया। बाद के दशकों में कभी-कभार तनाव के बावजूद, वे मोटे तौर पर भारत के साथ जुड़े रहे - कुछ महीने पहले तक।बांग्लादेश मेंअर्थशास्त्री मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अनिर्वाचित अंतरिम शासकों का एक समूह पाकिस्तान के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए बेताब है। उस पाकिस्तान से जिससे उनका देश केवल पांच दशक पहले हिंसक तरीके से अलग हुआ था। अपने स्वयं के (तत्कालिक) इतिहास के एक अजीब उलटफेर में, बांग्लादेशियों ने दक्षिण एशिया में एक स्वतंत्र, सम्प्रभु देश के रूप में अस्तित्व में रहने और कार्य करने में स्पष्ट रूप से असमर्थता दिखाई है।तथ्यों पर गौर करें- 1947 में बांग्लादेशियों को, पूर्व पाकिस्तानी होने के नाते, इस्लामी गणराज्य के पूर्वी हिस्से में गरीब, तीसरे दर्जे का %नागरिक% माना जाता था। अपने शोषण से तंग आकर, उन्होंने 1970-71 में पाकिस्तान को पूरी तरह से खारिज करते हुए अलग होने का फैसला किया। बाद के दशकों में कभी-कभार तनाव के बावजूद, वे मोटे तौर पर भारत के साथ जुड़े रहे - कुछ महीने पहले तक। अपनी आज़ादी हासिल करने के लिए, उन्होंने क्रूर पाकिस्तानी सेना के खिलाफ संघर्ष करते हुए जान गंवाने के रूप में बहुत बड़ी कीमत चुकाई।अब अचानक, 2025 में, डॉ. मोहम्मद यूनुस और उनकी टीम के नेतृत्व में कुछ बांग्लादेशियों ने फैसला किया है कि एक बार फिर से, वे पाकिस्तानियों के साथ रहना बेहतर समझेंगे! 5 अगस्त 2024 को अवामी लीग (एएल) के खिलाफ तख्तापलट के बाद, अचानक, भारत दक्षिण एशिया में आधिकारिक बांग्लादेशी राजनीतिक आख्यान में नया बांग्लादेशी विरोधी खलनायक बनकर उभरा है।इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि भारत और यहां तक कि गैर-निवासी भारतीय जिनका भारत सरकार से कोई संबंध नहीं है, बांग्लादेश को परेशान करने वाली कई प्रणालीगत समस्याओं के लिए आलोचना का शिकार हो रहे हैं। इनमें द्विपक्षीय सौदों में बड़े व्यापार अंतर से लेकर अंतरराष्ट्रीय नदियों का सूखना और यहां तक कि आईएमएफ और विश्व बैंक के साथ अपने व्यवहार में बांग्लादेश के खिलाफ दबाव शामिल हैं!भारत विरोधी गुस्से के विस्फोट के लिए जो भी कारण हो, यूनुस के नेतृत्व वाले प्रशासन ने हाल ही में पाकिस्तान की शक्तिशाली खुफिया एजेंसी आईएसआई के प्रमुख की बांग्लादेश की विवादास्पद यात्रा को प्रायोजित किया, जिसकी प्रतिष्ठा बहुत अच्छी नहीं है। भारत-बांग्लादेश संबंधों में मौजूदा ठंड को देखते हुए, अधिकांश ढाका-आधारित टिप्पणीकारों/विश्लेषकों ने ढाका द्वारा दिल्ली को भेजे जा रहे मजबूत, अमित्र संकेतों पर टिप्पणी की है। आईएसआई का यह दौरा ढाका में पहले ही बहुत धूमधाम से घोषित किये जा चुके कुछ अन्य कदमों के मद्देनजर हुआ है। बांग्लादेश का कार्यवाहक शासन पाकिस्तान में शाहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार से दोस्ती करने की जल्दी में है।इसने पाकिस्तानी आगंतुकों के लिए वीजा नियमों में पहले ही ढील दे दी है और उर्दू के प्रचार के लिए बांग्लादेश में और अधिक पाठ्यक्रमों की व्यवस्था कर रहा है। सांस्कृतिक आदान-प्रदान और गठजोड़ को प्रोत्साहित किया जा रहा है। नयी पाठ्य पुस्तकें, जिनमें दिवंगत शेख मुजीबुर रहमान, ताजुद्दीन अहमद या यहां तक कि जियाउर रहमान द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन में निभाई गई भूमिका को शामिल नहीं किया गया है, छात्रों के बीच वितरित की जा रही हैं। रिपोर्टों के अनुसार, स्वाभाविक रूप से बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम में भारत की सहायक भूमिका और योगदान, रहमान की अवामी लीग को उसका समर्थन, भारत-पाक युद्ध के दौरान कम से कम 10,000 भारतीय सैनिकों की शहादत को कम महत्व दिया गया है।संक्षेप में, अपने उतार-चढ़ाव भरे अस्तित्व के पहले पांच दशकों के भीतर, बांग्लादेश को पूरी तरह से अघोषित अधिकारियों के एक समूह द्वारा अपने स्वयं के बहुत ही संक्षिप्त इतिहास को फिर से लिखने- और यहां तक कि उसे गलत साबित करने- के लिए मजबूर किया गया है। ऐसा तो पूर्व जनरल इरशाद के कार्यकाल में भी नहीं हुआ था, जिन्होंने देश में आभासी सैन्य शासन का दौर चलाया था। विश्लेषकों को यह चिंताजनक लगता है कि बांग्लादेश के वर्तमान अधिकारी जो संवैधानिक रूप से किसी के प्रति उत्तरदायी नहीं हैं, अपने घरेलू कट्टरपंथी इस्लामवादी लॉबी को खुश करने के लिए अपने समकालीन इतिहास के सुप्रलेखित स्थापित तथ्यों को विकृत करने या दबाने से पीछे नहीं हटे हैं। यह जमाती समर्थक ताकतों का वह वर्ग है जो हमेशा पाकिस्तान के करीब रहा है, जो बांग्लादेश में उभरने वाले एक सख्त, शरीयत-प्रधान व्यवस्था के सपने संजोये हुए है।अगर भारत मेंप्रभावशाली वर्ग इस बात से परेशान हैं, तो यह बहुत बुरा है- उन्हें नये बांग्लादेश से निपटना होगा। यही अब तक यूनुस और उनकी टीम द्वारा ढाका से निकलने वाला व्यापक संदेश है। सच्चाई कुछ अलग है, और अप्रिय भी।अपने क्षेत्रीय पड़ोसियों- भारत, पाकिस्तान, और चीन - से सम्बंध के मामले में वर्तमान बांग्लादेश सरकार का रवैया दक्षिण एशिया के अन्य देशों नेपाल या श्रीलंका से बिल्कुल भिन्न है। अगस्त 2024 को अवामी लीग विरोधी तख्तापलट के बाद भारत के लिए दरवाजे बंद करने में, कुछ पर्यवेक्षकों के अनुसार, बांग्लादेश पहले ही बहुत आगे निकल चुका है।

ऐसा दृष्टिकोण तब भी बना हुआ है, जब ढाका ने भारत के साथ आर्थिक/व्यापारिक संबंधों को फिर से परिभाषित करने के लिए आधिकारिक और अनौपचारिक रूप से शुरू किये गये पहले के प्रयासों को चुपचाप पलट दिया है। हाल ही में, बांग्लादेश ने भारत से चावल और सब्जियों जैसी आवश्यक वस्तुओं को थोक में खरीदना फिर से शुरू कर दिया है, लेकिन ऐसा तब हुआ जब पाकिस्तान या थाईलैंड जैसे देशों से सस्ती कीमतों पर ऐसी वस्तुओं को हासिल करने के उसके प्रयास सफल नहीं हुए।

भारत के साथ हाल के कुछ सौदों में बांग्लादेश द्वारा बदनीयत और सरासर अशिष्टता का खुला प्रदर्शन, द्विपक्षीय संबंधों में संतुलन की कमी और सामान्य राजनयिक शिष्टाचार की अनुपस्थिति को दर्शाता है। आईएसआई को इसका निमंत्रण एक बड़े उकसावे और भारत सरकार के लिए जानबूझ कर अपमान के अलावा और कुछ नहीं समझा जा सकता है। वर्तमान अनिर्वाचित %शासकों% की असंवेदनशीलता इतनी है कि वे यह भी नहीं समझ पाते कि वे अपने ही स्वतंत्रता संग्राम का उपहास उड़ा रहे हैं और अपने ही बलिदानों और राजनीतिक संघर्षों को बदनाम कर रहे हैं।

न ही आईएसआई का दौरा अपनी तरह का एकमात्र उदाहरण है। बांग्लादेश ने हाल ही में भारत के साथ अपने पहले के समझौते को अंतिम क्षण में रद्द कर दिया था, जिसमें न्यायिक कर्मचारियों और अधिकारियों के 50 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिए भेजना था। सभी द्विपक्षीय व्यापार और पारगमन समझौतों की समीक्षा करने और उन्हें रद्द करने की बांग्लादेश की लगातार धमकियां, जिनमें मौजूदा नदी जल बंटवारे का समझौता भी शामिल है, दिल्ली के खिलाफ एक और जानबूझ कर किया गया अपमान था।यह बांग्लादेश के सोशल मीडिया नेटवर्क के लिए श्रेय की बात है कि अंतरिम प्रशासकों से महत्वपूर्ण सवाल तेजी से पूछे जा रहे हैं। मुख्यधारा का मीडिया, अन्य देशों के मीडिया की तरह, नये शासकों की उतनी निर्भीकता से आलोचना नहीं कर रहा है, जितनी कि छोटे संचालकों ने क है।

## संपादकीय

# महू से संविधान-रक्षा की निर्णायक लड़ाई

मध्यप्रदेश के इंदौर के निकट स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली महू से कांग्रेस ने संविधान की रक्षा की निर्णायक लड़ाई छेड़ दी, जब सोमवार को आयोजित एक विशाल सभा को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने देश की मौजूदा राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक परिस्थितियों का व्यापक चित्रण करते हुए चेताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार दलितों, आदिवासियों, एवं कमजोर वर्गों के हक को मार रही है।वंचितों के लिये संविधान के महत्व को समझाते हुए राहुल ने बतलाया कि जिस दिन देश का संविधान खत्म हो जायेगा उस दिन इन वर्गों के लिये कुछ भी नहीं बचेगा। वैसे तो कांग्रेस ने सामाजिक न्याय की लड़ाई पिछले कुछ समय से कई-कई मोर्चों पर और अनेक स्वरूपों में छेड़ रखी है, लेकिन महू की सभा में राहुल ने जिस स्पष्टता व व्यापकता से संविधान की अहमियत प्रतिपादित की तथा उस पर छाये संकटों का ब्यौरा दिया, उसके चलते उम्मीद की जा सकती है कि कांग्रेस का संदेश इन वर्गों तक ही नहीं वरन समग्र समाज तथा देश को समझ में आयेगा कि किस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी संविधान को समाप्त कर लोक अधिकारों का सम्पूर्ण खात्मा करना चाहती है।इस सभा में जय बापू जय भीम जय संविधान का जो नारा दिया गया है वह कोई रातों-रात गढ़ा गया अथवा एकाएक सोची गयी थीम न होकर एक वैचारिक प्रक्रिया से निकली हुई यह सोद्देश्य लड़ाई है। याद हो कि राहुल ने 7 सितम्बर, 2022 को कन्याकुमारी से लगभग चार हजार किलोमीटर का दक्षिण से उत्तर की ओर पैदल मार्च किया था और जिसका समापन कश्मीर के श्रीनगर में 30 जनवरी, 2023 को हुआ था, उसे भारत जोड़ो यात्रा का नाम दिया गया था। वह देश में नफरत के खिलाफ मोहब्बत की यात्रा थी। साम्प्रदायिक सौहार्द्र के लिये निकली उस यात्रा के दौरान अनेक मुद्दों पर राहुल चर्चा करते दिखे जिसमें यह2ह्य5 तथ्य सामने आया कि भाजपा एवं उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक खास एजेंडे के तहत देश में ऐसा माहौल बना रही है। एक ओर तो वह हिन्दू-मुस्लिमों को लड़ा रही है तो वहीं वह दूसरी ओर अगड़ों-पिछड़ों के बीच खाई को चौड़ा करने के बड़े षडयंत्र और कुचक्र रच रही है।

जैसे-जैसे यह यात्रा बढ़ी तो लोगों को यह बात स्पष्ट होने लगी कि इसके पीछे का असली खेल देश के सारे संसाधन मुट्ठी भर कारोबारियों को सौंप देने का है। लाभकारी सार्वजनिक उपक्रम दो बड़े व्यवसायियों के हाथों में देने के दुष्परिणाम ये हैं कि देश में गरीबी, बेकारी और बेहाली छाई है। शिक्षा व स्वास्थ्य सहित सारे जनहित के कार्य ठप पड़े हैं और धर्म व जाति के जरिये भाजपा केवल ध्रुवीकरण में व्यस्त है।विपक्षी दलों सहित सभी तरह की विरोध व असहमतियों की आवाजों को सरकार दबा रही है।

आर्थिक शक्तियों पर आधिपत्य करने के लिये भाजपा व उसकी केन्द्र सरकार राजनीतिक ताकत को अपनी मुट्ठी में ले चुकी है। यह कार्य आसानी से करने के लिये ही उसने सामाजिक ताने-बाने को ध्वस्त कर दिया है। इसलिये जब राहुल गांधी ने उस यात्रा का सीक्वल हाई ब्रीड (पैदल व वाहन के जरिये) के रूप मे मणिपुर से 14 जनवरी, 2024 से प्रारम्भ कर दो मा बाद मुम्बई में समाप्त किया, तो उसे भारत जोड़ो न्याय यात्रा नाम दिया गया जो समय की आवश्यकता ए समय के अनुरूप ही था। सामाजिक सौहार्द्र की लड़ा को कांग्रेस ने केवल सामाजिक ही नहीं, बल्कि राजनीतिक व आर्थिक न्याय की लड़ाई के रूप में भ बड़ा विस्तार दिया।लोकसभा के लिये पिछले साल के मध्य में हुए चुनाव में भाजपा ने जो 400 पार का नार दिया था.

उससे एक तरह से संविधान को पहला बड़ा औ साफ खतरा उभरकर आया। वैसे तो पहले से यह दिख रहा था कि भाजपा व संघ की पसंद भारत का संविधान नहीं वरन मध्ययुगीन संहिता मनुस्मृति है। कई मौकों प वह संविधान को कोसती आई थी। उसके कई नेता तथ चुनावी प्रत्याशी उसे बदलने की मंशा जतला चुके थे वे यह कहकर वोट मांग रहे थे कि मोदी को 400 सी चाहिये क्योंकि संविधान को बदलना है।

# दिल्ली चुनाव में महिला वोटरों की उदासीनता, फ्रीबीज के खिलाफ आधी आबादी

**महिलाओं की उदासीनता के बूते ही दिल्ली चुनाव इस बार नई तस्वीर पेश करेगा। मौजूदा सरकार की शराब पॉलिसी को लेकर महिलाएं खासी नाराज हैं। सरकार की नई शराब नीति में 'एक पर एक फ्री बोतल' पॉलिसी ने कइयों के घर बर्बाद कर दिए।**



अरविंद केजरीवाल ने अपने चुनावी घोषणापत्र में एक बार फिर फ्रीबीज की झड़ी लगाई है। कितने सफल होंगे ये तो आने वाला समय ही तय करेगा। पर, अब इतना जरूर है, लोग फ्री की सौगातों से ऊबने लगे है। श्रमबल को तरजीह देने वाली आधी आबादी, भी अब मुफ्त की चुनावी रेबड़ियों पर ध्यान नहीं देगी। इसी कारण जारी दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार में महिला वोटरों की उदासीनता बड़े पैमाने पर दिखने लगी है। पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव के कूदे कुल 699 उम्मीदवारों में 96 महिला कैंडिडेट भी हैं। पर, वैसा उत्साह नहीं दिखता, जितना पिछले चुनावों में दिखा था। जबकि, प्रमुख दल आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस तीनों महिला वोटरों को रिझाने में मुफत के वादों की झड़ी लगाए हुए हैं। कोई 2100 रूपए देने का वादा कर रहा है तो 2500 और 3000 तक भी? फ्री बस सेवा सभी के एजेंड़ों में हैं। अब, सवाल यहां ये उठता है, इतनेलुभावने वादों के बाद भी महिला वोटरों में उत्साह क्यों नहीं है? इस डरावनी तस्वीर से न सिर्फ सफेदपोश परेशान हैं, बल्कि चुनाव आयोग भी चिंतित है। चुनावी समर में लगातार तेजी से गिरता वोटिग प्रतिशत चुनावी प्रक्रिया के अलावा लोकतंत्र के लिए भी घातक है। जबकि, बीते 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में महिलाओं का वोटिंग स्कोर पुरुषों के मुकाबले अधिक था।शायद, महिलाएं भी अब समझ चुकी हैं कि फ्री के नाम पर राजनीतिक दल उन्हें वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करने लगे हैं? महिलाएं बुनियादी मुद्दों की गंभीरताओं को अच्छे से समझती हैं। राज्य तरक्की करे उसमें उनकी भागीदारी हो, को ध्यान में रखकर ज्यादातर महिलाएं मुफ्त की रेवड़ियां से तौबा करना शुरू कर दिया है। इस संबंध में एक ताजा और बेहतरीन उदाहरण सामने है। पिछले विधानसभा चुनाव में बिहार में जब नीतीश कुमार ने शराब बंदी का ऐलान करके चुनाव लड़ा, तो महिलाओं ने बढ़चढ कर हिस्सा लिया और उन्हें सत्ता पर बैठा दिया। देश और सामाजिक उद्धार वाले मुद्दों के प्रति महिलाएं कितनी सजग हैं, इससे खूबशूरत उदाहरण दूसरा कोई नहीं हो सकता। केंद्रीय स्तर पर जब से आत्मनिर्भरता की अलख चहुंओर जगी है। तब, से महिलाएं भी श्रमबल को ज्यादा तवज्जो देनी लगी हैं। ये अच्छी बात है, इससे राजनीतिक दल अपनी हरकतों से बाज आएंगे। शायद यही कारण है दिल्ली में महिलाओं की चुनाव के प्रति उदासीनता है। क्योंकि, सभी दल मुद्दों-समस्याओं को छोड़कर फ्री की सेल लगाकर बैठे हैं। ऐसे दलों का पुरजोर विरोध होना ही चाहिए। विरोध से ही सरकारें टैक्सपेयर्स का पैसा बर्बाद करने से पीछे हटेंगी। इसे भी पढ़ें- दिल्ली में इस बार जनता के लिए घोषणापत्र नहीं, लॉटरी पेश कर रहे हैं राजनीतिक दलमहिलाओं की उदासीनता के बूते ही दिल्ली चुनाव इस बार नई तस्वीर पेश करेगा। मौजूदा सरकार की शराब पॉलिसी को लेकर महिलाएं खासी नाराज हैं। सरकार की नई शराब नीति में 'एक पर एक फ्री बोतल' पॉलिसी ने कईयों के घर बर्बाद कर दिए। जो नहीं पीता था, वो भी फ्री के चक्कर में पीने लगा। मौजूदा सरकार अगर सत्ता से बेदखल होती है, तो शराब ऑफर उसका मुख्य कारण होगा। वैसे, कम होती वोटिंग विधा की तल्ख सच्चाई से चुनाव और सियासी दल अच्छे से वाकिफ हैं। लेकिन उस हकीकत को दोनों कभी उजागर नहीं करना चाहेंगे। हकीकत ये है, चुनावों में अगर ग्रामीण, मध्यमवर्ग और महिलाएं हिस्सा न लें? तो वोटिंग प्रतिशत और धरातल में घुस जाए। वोटिंग से शिक्षित वर्ग, वर्किंग लोग लगातार दूरियां बनाने लगे हैं। मतदान के दिन वह छुट्टियां मनाते हैं, बा-मुश्किल ही घरों से उस दिन बाहर निकलते हैं।

दिल्ली में इस बार जितने नए वोटर जुड़ें हैं उनमें पुरूषों के मुकाबले महिलाएं मतदाता काफी पीछे हैं। ये स्थिति तब है, जब दिल्ली की सत्ता पर काबिज होने की कोशिश कर रहे तीनों प्रमुख दलों के घोषणाओं में महिलाओं से जुड़ी योजनाओं की मूसलाधार भरमारें हैं। आप, भाजपा व कांग्रेस तीनों दल आधी आबादी को अपने पाले में करने की भरसक कोशिशें में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी अंतिम मतदाता सूची पर अगर गौर करें, तो पुरुष मतदाताओं से महिलाओं की संख्या काफी कम है। इस बार दिल्ली में कुल 1,55,24,858 मतदाता अपने मतों का 5 फरवरी को इस्तेमाल करेंगे जिनमें पुरुषों की संख्या 85,49,645 और महिलाओं की संख्या 71,73,952 है। बीच में अंतर अच्छा खासा है।

हालांकि, दिल्ली चुनाव आयोग ने मदतान बढ़ाने को लेकर एक नायाब तरीका अपनाया है। उन्होंने दिल्ली के तकरीबन स्कूलों को आदेशित किया है कि वह छात्रों के जरिए उनके माता-पिता व अन्य परिवारजनों से वोटिंग करने को लेकर लिखित में संकल्पित करवाएं। इसके लिए बाकायदा छात्रों से एक संकल्प पत्र दिया गया हैं जिस पर उनके अभिभावक वोट देने की कसम को लिखित हस्ताक्षर के साथ स्कूलों में जमा करवा रहे है। हैरत यही है कि नौबत ऐसी आ गई कि वोटिंग बढ़ाने के लिए सरकारी सिस्टम ने स्कूलों और छात्र-छात्रों का सहारा लेना शुरू कर दिया है।

बहरहाल, दिल्ली चुनाव में दो धड़े ऐसे हैं जो सियासी दलों की इस बार नैया पार लगा सकते हैं। अव्वल, महिला वोटर और दूसरे पूर्वांचल से वास्ता रखने वाले लोग? दिल्ली में प्रत्येक 10 वोटरों में तीसरा वोटर पूर्वांचली है। अगर इन दोनों की उदासनीता चुनाव पर हावी रही, तो वोटिंग प्रतिशत और नीचे गिर जाएगा। पिछले दिनों कुछ राज्यों में विधानसभा सीटों पर उप-चुनाव हुए जिनमें दिल्ली से सटी गाजियाबाद सीट पर मात्र 33 फीसदी ही मतदान हुआ, जिसे देखकर आयोग के ही नहीं, नेताओं के कान खड़े हो गए। जबकि, गाजियाबाद सीट पर महिला वोटरों की संख्या बहुत अच्छी है। सवाल यहां एक ये भी उठने लगा है कि क्या महिलाएं भी मुफ्त रेवड़ियां से परहेज करने लगी हैं। अगर ऐसा है तो सुखद तस्वीर कही जाएगी। निश्चित रूप से देश की शिक्षित महिलाएं अब अपने श्रमबल को तरजीह देने लगी हैं। उन्हें देखकर ग्रामीण आबादी भी सजग हुई है। वोटिंग प्रक्रियाओं में महिलाओं की चुप्पी क्या कहती है, उसे समझना चुनाव आयोग और राजनेताओं को अब आवश्यक हो गया है।




# ऑक्सीजन देने वाले वृक्ष के आध्यात्मिक रहस्य

हर धर्म में पेड़, पौधे और वृक्षों का बहुत महत्व है, परंतु इसको कोई महत्व नहीं देता है। जिस देजी से वृक्ष कटते जा रहे हैं उससे धरती का पर्यावरण ही नहीं बदल रहा है बल्कि जीवन में संकट में हो चला है। धरती पर ऑक्सीजन का निर्माण करने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वृक्ष नहीं होंगे तो एक दिन वायु भी नहीं होगी और वायु नहीं होगी तो फिर मानव भी नहीं होगा। आओ जानते हैं वृक्ष के 20 रहस्य।



- शास्त्रों के अनुसार जो व्यक्ति एक पीपल, एक नीम, दस इमली, तीन कैथ, तीन बेल, तीन आंवला और पांच आम के वृक्ष लगाता है, वह पुण्यात्मा होता है और कभी नरक के दर्शन नहीं करता। इसी तरह धर्म शास्त्रों में सभी तरह से वृक्ष सहित प्रकृति के सभी तत्वों के महत्व की विवेचना की गई है।
- भारतीय धर्म मानता हैं कि प्रकृति ही ईश्वर की पहली प्रतिनिधि है। प्रकृति के सारे तत्व ईश्वर के होने की सूचना देते हैं। इसीलिए प्रकृति को देवता, भगवान और पितृ माना गया है। यहां प्रत्येक देवी और देवता से एक वृक्ष, एक पशु या एक पक्षी जुड़ा हुआ है। यहां तक की ग्रह और नक्षत्र भी जुड़े हुए हैं। धर्म मानता है कि दूरस्थ स्थिति ध्रुव तारा भी हमारे जीवन को संचालित कर रहा है। फिर हिमालय के ग्लेशियर और चंद्रमा के तो कहने ही क्या। संपूर्ण ब्रह्मांड एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। एक कड़ी टूटी तो सबकुछ बिखर जाएगा। यह ब्रह्मांड उल्टे वृक्ष की भांति है।
- धर्मानुसार पांच तरह के यज्ञ होते हैं जिनमें से दो यज्ञ– देवयज्ञ और वैश्वदेवयज्ञ प्रकृति को समर्पित है। दोनों ही तरह के यज्ञों का वैज्ञानिक और धार्मिक महत्व है। देवयज्ञ से जलवायु और पर्यावरण में सुधार होता है तो वैश्वदेवयज्ञ प्रकृति और प्राणियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का तरीका है। सभी प्राणियों तथा वृक्षों के प्रति करुणा और कर्त्तव्य समझना उन्हें अन्न–जल देना ही भूतयज्ञ या वैश्वदेव यज्ञ कहलाता है।
- हिन्दू धर्मानुसार वृक्ष में भी आत्मा होती है। वृक्ष संवेदनशील होते हैं और उनके शक्तिशाली भावों के माध्यम से आपका जीवन बदल सकता है। प्रत्येक वृक्ष का गहराई से विश्लेषण करके हमारे ऋषियों ने यह जाना की पीपल और वट वृक्ष सभी वृक्षों में कुछ खास और अलग है। इनके धरती पर होने से ही धरती के पर्यावरण की रक्षा होती है। यही सब जानकर ही उन्होंने उक्त वृक्षों के संवरक्षण और इससे मनुष्य के द्वारा लाभ प्राप्ति के हेतु कुछ विधान बनाए गए उन्ही में से दो है पूजा और परिक्रमा।
- स्कन्द पुराण में वर्णित पीपल के वृक्ष में सभी देवताओं का वास है। पीपल की छाया में ऑक्सीजन से भरपूर आरोग्यवर्धक वातावरण निर्मित होता है। इस वातावरण से वात, पित्त और कफ का शमन–नियमन होता है तथा तीनों स्थितियों का संतुलन भी बना रहता है। इससे मानसिक शांति भी प्राप्त होती है। पीपल की पूजा का प्रचलन प्राचीन काल से ही रहा है। इससे मानसिक शांति भी प्राप्त होती है।
- अथर्ववेद के उपवेद आयुर्वेद में पीपल के औषधीय गुणों का अनेक असाध्य रोगों में उपयोग वर्णित है। औषधीय गुणों के कारण पीपल के वृक्ष को ‘कल्पवृक्ष‘ की संज्ञा दी गई है। पीपल के वृक्ष में जड़ से लेकर पत्तियों तक तैंतीस कोटि देवताओं का वास होता है और इसलिए पीपल का वृक्ष प्रात: पूजनीय माना गया है। उक्त वृक्ष में जल अर्पण करने से रोग और शोक मिट जाते हैं। पीपल की पूजा का प्रचलन प्राचीन काल से ही रहा है। इसके कई पुरातात्विक प्रमाण भी है। गीता में भगवान कृष्ण कहते हैं, ‘हे पार्थ वृक्षों में मैं पीपल हूं।‘ अश्वत्थोपनयन व्रत के संदर्भ में महर्षि शौनक कहते हैं कि मंगल मुहूर्त में पीपल वृक्ष की नित्य तीन बार परिक्रमा करने और जल चढ़ाने पर दरिद्रता, दु:ख और दुर्भाग्य का विनाश होता है। पीपल के दर्शन–पूजन से दीर्घायु तथा समृद्धि प्राप्त होती है। अश्वत्थ व्रत अनुष्ठान से कन्या अखण्ड सौभाग्य पाती है। सड़क के किनारे पीपल का वृक्ष लगाने, तथा उसका पालन करने वाला देवलोक प्राप्त करता है। पीपल के वृक्षों का रोपण करने वाला इस लोक में तो कीर्ति प्राप्त करता है, मृत्युपरांत भी मोक्ष को प्राप्त होता है। इसमें संदेह नहीं है।
- बरगद को वटवृक्ष कहा जाता है। हिंदू धर्म में वट सावत्री नामक एक त्योहार पूरी तरह से वट को ही समर्पित है। हिंदू धर्मानुसार चार वटवृक्षों का महत्व अधिक है। अक्षयवट, पंचवट, वंशीवट, गयावट और सिद्धवट के बारे में कहा जाता है कि इनकी प्राचीनता के बारे में कोई नहीं जानता। संसार में उक्त चार वटों को पवित्र वट की श्रेणी में रखा गया है। प्रयाग में अक्षयवट, नासिक में पंचवट, वृंदावन में वंशीवट, गया में गयावट और उज्जैन में पवित्र सिद्धवट है।
- **आम है खास** : हिंदू धर्म में जब भी कोई माँगलिक कार्य होते हैं तो घर या पूजा स्थल के द्वार व दीवारों पर आम के पत्तों की लड़ लगाकर मांगलिक उत्सव के माहौल को धार्मिक और वातावरण को शुद्ध किया जाता है। अक्सर धार्मिक पांडाल और मंडपों में सजावट के लिए आम के पत्तों का इस्तेमाल किया जाता है। 5 या अधिक आम के वृक्षों का रोपण पालन करने वाला अनेक दुर्लभ यज्ञों के फल को प्राप्त कर सकता है।
- **भविष्यवक्ता शमी** : विक्रमादित्य के समय में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य वराहमिहिर ने अपने बृहतसंहिता‘ नामक ग्रंथ के ‘कुसुमलता‘ नाम के अध्याय में वनस्पति शास्त्र और कृषि उपज के संदर्भ में जो जानकारी प्रदान की है उसमें शमीवृक्ष अर्थात खिजड़े का उल्लेख मिलता है। वराहमिहिर के अनुसार जिस साल शमीवृक्ष ज्यादा फूलता–फलता है उस साल सूखे की स्थिति का निर्माण होता है। विजयादशमी के दिन इसकी पूजा करने का एक तात्पर्य यह भी है कि यह वृक्ष आने वाली कृषि विपत्ती का पहले से संकेत दे देता है जिससे किसान पहले से भी ज्यादा पुरुषार्थ करके आनेवाली विपत्ती से निजात पा सकता है।
- जो मनुष्य अपने घर में फलदार पेड़, पौधे आदि लगाता है और उसकी भली भांति देखभाल करता है, उसे आरोग्य की प्राप्ति होती है।
- जो मनुष्य 5 वट वृक्षों का रोपण और उसका पालन किसी चौराहे या मार्ग में करता है तो, उसकी सात पीढ़ियां तर जाती है। जो मनुष्य नीम के वृक्ष जितने अधिक लगाता है उतनी अधिक उसकी पीढ़ियां तर जाती है.
- वृक्षों के बाग या वाटिका लगाने वाला प्रसिद्धि प्राप्त करता है।
- जो भी व्यक्ति बिल्व वृक्ष का रोपण शिव मंदिर में करता है वह अकाल मृत्यु से मुक्त हो जाता है।
- घर में तुलसी, आंवला, निर्गुण्डी, अशोक, आदि के वृक्ष शुभ फलदायी होते हैं। शीशम के 11 वृक्ष को सड़क पर लगाने से यह लोक और परलोक दोनों ही संवर जाते हैं।
- कनक चम्पा के 2 वृक्ष लगाने वाले का सर्वार्थ कल्याण हो जाता है।
- 5 या अधिक महुआ के वृक्षों का रोपण और पालन करने वाला धन प्राप्त करता है। तथा उसे अनुरूप यज्ञों का फल भी प्राप्त होने लगता है।
- जो भी मनुष्य सड़क के किनारे 2 या 2 से अधिक मौलश्री के वृक्षों का रोपण एवं पालन करता है। वह एक सौ यज्ञों को करने का पुण्य प्राप्त करता है।
- जो भी मनुष्य 5 या अधिक अशोक वृक्ष का रोपण और पालन करता है, उसके घर परिवार में कभी भी अकाल मृत्यु नहीं होती है। उसके यहां अचानक कोई बड़ी मुसीबत खड़ी नहीं होती तथा उसे आगामी जन्म में पुण्यात्मा होने का सौभाग्य प्राप्त होता है।
- जो मनुष्य 5 पलास के वृक्षों का रोपण और पालन करते हैं। उसे 10 गौवों के दान के समतुल्य पुण्य लाभ मिलता है। पलास के वृक्षों को सड़क के किनारे अथवा किसी बड़े क्षेत्र में रोपना चाहिए। इसका रोपण घर में नहीं करना चाहिए।
- जो भी मनुष्य 2 या अधिक हारसिंगार (पारिजात) के पौधों का रोपण श्री हनुमानजी के मंदिर में अथवा नदी के किनारे या किसी भी सामाजिक स्थल पर करता है तो उसे एक लक्ष्य तोला स्वर्णदान के समतुल्य पुण्य प्राप्त होता है तथा उसे जीवन भर श्री हनुमानजी की कृपा मिलती रहती है।
- जो भी व्यक्ति सोमवार के दिन, प्रदोष वाले दिन, शिवरात्री को, श्रावणमास में किसी भी दिन अथवा शिवयोग वाले दिन 5 या अधिक बिल्व वृक्षों का रोपण और उसका नियमित पालन भी करता है तो उसे शिवलोक प्राप्त होता है। यदि इन वृक्षों को कोई भी मनुष्य शिव मंदिर में या मंदिर के समीप रोपण करता है तो निश्चय ही वह कोटि कोटि पुण्य का भागीदार तो होता ही है और उसे व उसके परिवार पर भगवान शिव की असीम अनुकम्पा भी प्राप्त होती है।



# परिक्रमा या प्रदक्षिणा के 10 प्रकार

**सभी ग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे हैं और सभी ग्रहों को साथ लेकर यह सूर्य महासूर्य की परिक्रमा कर रहा है। संपूर्ण ब्रह्माण में चक्र और परिक्रमा का बड़ा महत्व है। भारतीय धर्मों (हिन्दू, जैन, बौद्ध आदि) में पवित्र स्थलों के चारो ओर श्रद्धाभाव से चलना ‘परिक्रमा‘ या ‘प्रदक्षिणा‘ कहलाता है। आओ जानते हैं कि किन किन की परिक्रमा की जाती है या कितने प्रकार की परिक्रमा की जाती है। ये हैं प्रमुख 10 परिक्रमाएं -**

### देवमंदिर परिक्रमा
जैसे देव मंदिर में जगन्नाथ पुरी परिक्रमा, रामेश्वरम, तिरुवन्नमल, तिरुवनन्तपुरम, शक्तिपीठ, ज्योतिर्लिंग आदि।

### देव मूर्ति परिक्रमा
देवमूर्ति में शिव, दुर्गा, गणेश, विष्णु, हनुमान, कार्तिकेय आदि देवमूर्तियों की परिक्रमा करना।

### नदी परिक्रमा
जैसे नर्मदा, सिंधु, सरस्वती, गंगा, यमुना, सरयु, क्षिप्रा, गोदावरी, कृष्णा, कावेरी परिक्रमा आदि।

### पर्वत परिक्रमा
जैसे गोवर्धन परिक्रमा, गिरनार, कामदगिरि, मेरू पर्वत, हिमालय, नीलगिरी, तिरुमलै परिक्रमा आदि।

### वृक्ष परिक्रमा
जैसे पीपल और बरगद की परिक्रमा करना।

### तीर्थ परिक्रमा
जैसे चौरासी कोस परिक्रमा, अयोध्या, उज्जैन या प्रयाग पंचकोशी यात्रा, राजिम परिक्रमा, सप्तपुरी आदि।

### चार धाम परिक्रमा
जैसे छोटा चार धाम (केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री, गंगोत्री) परिक्रमा या बड़ा चार धाम (बद्रीनाथ, द्वारिका, जगन्नाथ और रामेश्वरम) यात्रा।

### भरत खण्ड परिक्रमा
अर्थात संपूर्ण भारत की परिक्रमा करना। परिवाज्रक संत और साधु ये यात्राएं करते हैं। इस यात्रा के पहले क्रम में सिंधु की यात्रा, दूसरे में गंगा की यात्रा, तीसरे में ब्रह्मपुत्र की यात्रा, चौथे में नर्मदा, पांचवें में महानदी, छठे में गोदावरी, सातवें में कावेरी, आठवें में कृष्णा और अंत में कन्याकुमारी में इस यात्रा का अंत होता है। हालांकि प्रत्येक साधु समाज में इस यात्रा का अलग–अलग विधान और नियम है।

### विवाह परिक्रमा
मनु स्मृति में विवाह के समक्ष वधू को अग्नि के चारों ओर तीन बार प्रदक्षिणा करने का विधान बतलाया गया है जबकि दोनों मिलकर 7 बार प्रदक्षिणा करते हैं तो विवाह संपन्न माना जाता है।

### माता पिता की परिक्रमा
भगवान गणेशजी ने अपने माता पिता की परिक्रमा की थी जिससे पता चलता है कि इस परिक्रमा का क्या महत्व है।


### शव परिक्रमा
जब कोई किसी का अपना देह छोड़ देता है कि उसकी देह की परिक्रमा की जाती है। दाह संस्कार करते वक्त और करने के बाद मटकी से जल अर्पित करते वक्त भी परिक्रमा की जाती है।

### धरती की परिक्रमा
एक बार देवताओं के बीच में धरती परिक्रमा की प्रतियोगिता हुई थी, जिसमें जीते तो भगवान कार्तिकेय थे परंतु गणेशजी ने माता पिता की परिक्रमा करके यह प्रतियोगिता जीत ली थी।

### ब्रह्मांड की परिक्रमा
यह परिक्रमा नारद जी करते रहते हैं।

### किस देव की कितनी बार परिक्रमा?

- भगवान शिव की आधी परिक्रमा की जाती है।
- माता दुर्गा की एक परिक्रमा की जाती है।
- हनुमानजी और गणेशजी की तीन परिक्रमा की जाती है।
- भगवान विष्णु की चार परिक्रमा की जाती है।
- सूर्यदेव की चार परिक्रमा की जाती है।
- पीपल वृक्ष की 108 परिक्रमाएं करना चाहिए।
- जिन देवताओं की प्रदक्षिणा का विधान नहीं प्राप्त होता है, उनकी तीन प्रदक्षिणा की जा सकती है।



# ब्रह्मा के पुत्र क्रतु ऋषि के थे 60 हजार पुत्र

**पुराणों अनुसार ब्रह्मा जी के मानस पुत्र- मन से मारिचि, नेत्र से अत्रि, मुख से अंगिरस, कान से पुलस्त्य, नाभि से पुलह, हाथ से कृतु, त्वचा से भृगु, प्राण से वशिष्ठ, अंगुष्ठ से दक्ष, छाया से कंदर्भ, गोद से नारद, इच्छा से सनक, सनन्दन, सनातन, सनतकुमार, शरीर से स्वायंभुव मनु, ध्यान से चित्रगुप्त आदि। आओ जानते हैं ऋषि अंगिरा के बारे मं संक्षिप्त में जानकारी।**

### ब्रह्मा के पुत्र कृतु ऋषि :

- कृतु या क्रतु का जन्म ब्रह्माजी के हाथ से हुआ था। क्रतु 16 प्रजापतियों में से एक हैं। इनकी गणना सप्तर्षियों में की जाती है।
- ब्रह्मा की आज्ञा से उन्होंने दक्ष प्रजापति और क्रिया की पुत्री सन्नति से विवाह किया था। कहते हैं कि क्रतु और सन्नति से ‘बालिखिल्य‘ नाम के 60 हजार पुत्र हुए। इन बालखिल्यों का आकार अंगूठे के बराबर माना जाता है। यह सभी पुत्र भगवान सूर्य के उपासक थे। सूर्य के रथ के आगे अपना मुख सूर्य की ओर किये हुए बालखिल्य चलते हैं और उनकी स्तुति करते हैं। इन ब्रह्मर्षियों की तपस्या शक्ति सूर्यदेव को प्राप्त होती रहती है।
- पुराणों अनुसार एक बार महर्षि मरीचि के पुत्र महर्षि कश्यप एक यज्ञ कर रहे थे। उन्होंने अपने तात महर्षि क्रतु से निवेदन किया कि वे उस यज्ञ के लिए ब्रह्मा का स्थान ग्रहण करें। अपने भतीजे के निवेदन पर महर्षि क्रतु अपने 60 हजार पुत्रों के साथ महर्षि कश्यप के यज्ञ में पधारे। उसी यज्ञ में देवराज इंद्र और महर्षि क्रतु के पुत्र बालखिल्यों में विवाद हो चला तब अपने पिता और महर्षि कश्यप द्वारा बीच–बचाव करने पर बालखिल्यों ने ही पक्षीराज गरुड़ को महर्षि कश्यप को पुत्र रूप में प्रदान किया था।
- पुराणों में महर्षि क्रतु की दो बहनों– पुण्य एवं सत्यवती का भी वर्णन मिलता है। महर्षि क्रतु और सन्नति की एक पुत्री का नाम भी पुण्य था। इसके साथ ही पर्वासा नाम की एक पुत्रवधु का भी वर्णन मिलता है।
- सर्वप्रथम वेद एक रूप में ही ब्रह्मा द्वारा उत्पन्न किए गए थे। बाद में महर्षि क्रतु ने ही वेदों के चार भाग करने में उनकी सहायता की थी। आगे चलकर वराहकल्प में क्रतु ऋषि ही महाभारत काल में वेद व्यास ऋषि हुए।
- मनु के पुत्र उत्तानपाद और उत्तानपाद के पुत्र ध्रुव से महर्षि क्रतु अत्यंत प्रेम करते थे। जब अपने पिता से उपेक्षित होकर ध्रुव ने परमलोक की प्राप्ति करने की सोची तो सबसे पहे वो महर्षि क्रतु के पास गया। क्रतु ने ध्रुव को भगवान विष्णु की तपस्या करने की सलाह दी। बाद में देवर्षि नारद द्वारा अनुमोदन करने पर ध्रुव ने विष्णुजी की घोर तपस्या की और उनकी कृपा से परमलोक को प्राप्त हुआ। क्रतु ऋषि नाम का एक तारा है जो ध्रुव की परिक्रमा करने में आज भी लीन है। ध्रुव के प्रति अपने प्रेम के कारण ही महर्षि क्रतु उसके समीप चले गए।
- पुराणों में महर्षि क्रतु को महर्षि अगस्त्य के वातापि भक्षण और समुद्र को पी जाने के कारण उनकी प्रशंसा करते हुए भी बताया गया है। कुछ ग्रंथों में इस बात का वर्णन है कि महर्षि क्रतु ने महर्षि अगस्त्य के पुत्र ईधवाहा को भी गोद लिया था। इसके अलावा महाराज भरत ने महर्षि क्रतु से देवताओं के चरित्र के विषय में प्रश्न किया था। तब महर्षि क्रतु ने उनकी इस शंका का समाधान किया था।
- क्रतु नाम से एक अग्नि का नाम भी है और श्रीकृष्ण और जाम्बवती के कई पुत्रों में से एक का नाम क्रतु था। प्लक्षद्वीप की एक नदी का नाम भी क्रतु है। क्रतु का एक अर्थ ‘आषाढ़‘ भी होता है और वर्ष के इसी मास में अधिकांश यज्ञ करने का प्रावधान शास्त्रों में बताया गया है।
- मैत्रेय संहिता के अनुसार एक बार यज्ञ से प्राप्त पशुओं का देवाताओं ने विभाजन कर दिया और उन्होंने रुद्र को उस विभाजन के हिस्से में शामिल नहीं किया तब रुद्रदेव क्रोधित हो गए और उन्होंने देवताओं पर आक्रमण कर दिया। इस आक्रमण में पूषणा के दन्त, भग के नेत्र और क्रतु के अंडकोषों को नष्ट हो गए। बाद में ब्रह्माजी ने उनकी स्तुति करके उन्हें शांत किया और उन्हें ‘पशुपति‘ की उपाधि दी। फिर रुद्रदेव ने सभी को पहले जैसा कर दिया।



# झुर्रियों के लिए करें एक्स्ट्रा केयर

**प्रदूषण** धूल-मिट्टी, तनाव, धूप और दौडभाग न जाने कितनी चीजों का सामना करना पडता है हमारी त्वचा को। ऐसे में समय रहते उचित देखभाल न करने से उम्र से पहले ही चेहरे पर झुर्रियां पड जाती हैं। यदि चेहरे व शरीर की त्वचा की सही देखभाल की जाए तो वर्षों तक चेहरा स्निग्ध व कमनीय बना रहेगा।

**झुर्रियां क्यों पडती हैं**

- समय के साथ त्वचा का प्राकृतिक तेल नष्ट होने लगता है और त्वचा में सूखापन आने लगता है। रूखी त्वचा पर पपडी वाले चकत्ते पड जाते हैं। त्वचा में नमी व चिकनाई का अभाव हो जाता है। जिसके कारण त्वचा और आंखों के आसपास भी लकीरें उभरने लगती हैं। गर्दन व गालों पर झुर्रियां पडने लगती हैं।
- सूर्य की तेज किरणें भी त्वचा की शत्रु हैं। वैसे तो शरीर के स्वास्थ्य के लिए सूर्य की किरणों से मिलने वाला विटमिन डी अति आवश्यक है, परंतु चेहरे की मुलायम त्वचा को सूरज की तेज किरणों से बचाना आवश्यक होता है। अन्यथा चेहरा झुलस सकता है। तेज यूवीए और यूवीबी किरणों से त्वचा का कैंसर तक होने का खतरा होता है।
- त्वचा हर क्षण, हर मौसम में बदलती है। उदाहरण स्वरूप खुशी के माहौल में, ठहाके लगाते समय हमारी त्वचा में अतिरिक्त निखार और चमक आ जाती है। जब हम दुखी और गमगीन माहौल या मूड में होते हैं तो हमारी त्वचा कुम्हला जाती है।
- तेल ग्रंथियों के कम सक्रिय होने की वजह से त्वचा में रूखापन आ जाता है। रूखी त्वचा खुश्की का शिकार होती है, जिसकी वजह से जल्दी झुर्रियां पडती हैं।

**झुर्रियां कैसे दूर करें**

असमय झुर्रियों के लिए आप क्या करें और क्या न करें, जानें-

**क्या करें**

- त्वचा को हमेशा साफ रखें, तेज डिटरजेंट के इस्तेमाल से बचें। चेहरे के लिए हमेशा ग्लिसरीनयुक्त साबुन का प्रयोग करें। मौसम परिवर्तन होने पर तेज गर्म पानी से नहाने के बजाय ठंडे या गुनगुने पानी से ही नहाएं। मुंह में पानी भर कर ठंडे पानी से छींटे मारें। झुर्रियां कम होंगी।
- सिबेशियस ग्रंथि से निकलने वाला सीबम त्वचा को नर्म और लचीला बनाता है। इसीलिए त्वचा को रूखा न रहने दें। रूखी त्वचा पर झुर्रियां जल्दी पडती हैं। ऐसे में अतिरिक्त नमी प्रदान करने के लिए मॉयस्चराइजिंग लोशन का प्रयोग करें।
- त्वचा की कोशिकाएं नमी के अभाव में निष्क्रिय होने लगती हैं। अत: रूखी त्वचा वालों को नमीयुक्त सौंदर्य प्रसाधन ही इस्तेमाल करने चाहिए।
- नियमित व्यायाम करें। योग अभ्यास से भी त्वचा कसावदार व कांतिपूर्ण होती है।

**क्या न करें**

- अधिक समय तक तेज धूप से अपनी त्वचा को बचाएं। यदि धूप में जाना ही पडे तो छाते या लेडीज हैट का प्रयोग करें।
- भोजन पर नियंत्रण रखें। पौष्टिक आहार त्वचा के लिए महत्वपूर्ण है। भोजन में प्रोटीन, वसा, फल, हरी सब्जियां, विटमिंस तथा खनिजों की कमी न होने दें। माडयुक्त भोजन अधिक न लें।
- अनावश्यक या जबर्दस्ती न मुसकराएं और न ही बनावटी भाव भंगिमाएं प्रदर्शित करें। स्वाभाविक तरीके से हंसे और मुसकराएं।
- धूम्रपान न करें। धूम्रपान से भी असमय त्वचा पर लकीरें उभर आती हैं।

**त्वचा पर कसाव लाने वाले पैक**

- एक अंडे में एक चम्मच संतरे का पाउडर और नीबू की चार बूंदें, चार चम्मच थर्मो पैक, दो चम्मच मुलतानी मिट्टी और दो चम्मच चंदन पाउडर मिलाकर गाढा सा क्रीम जैसा पैक बनाएं। इसे 20-25 मिनट तक चेहरे पर लगा रहने दें। ऐसा सप्ताह में एक बार नियमित रूप से करें। पैक लगाने से पहले अरोमा ऑयल या बादाम के तेल से 15-20 मिनट तक हलके हाथों से चेहरे की त्वचा पर नीचे से ऊपर की तरफ मालिश करें।
- इसके अलावा केले को मसल कर उसमें थोडा सा शहद मिलाएं। उसके बाद सूखी त्वचा पर लगाकर 20 मिनट के लिए छोड दें।
- अंडे का पीला भाग, आधा चम्मच शहद, दो बूंद नीबू का रस, बादाम के तेल की 4-6 बूंदें और दो बूंद ग्लिसरीन मिलाकर चेहरे पर लगाने से मेकअप के पहले की तैयारी में त्वचा पर अच्छा प्रभाव पडेगा।
- कच्चे दूध से चेहरा साफ करने व फेस पैक में शहद और संतरे का रस मिलाकर लगाने से त्वचा में निखार आता है।
- नीम, पुदीना, तुलसी की पत्ती का पाउडर और मेथी पाउडर एंटीसेप्टिक का काम करता है। लाल चंदन शीतलता और चिकनाहट प्रदान करता है।
- मूली कस कर रस निकालें व समान मात्रा में मक्खन मिलाकर चेहरे व गर्दन पर लगाएं। एक घंटे बाद हलके गरम पानी से धो दें।
- गरम पानी में संतरे के छिलके डाल दें। रात भर पडे रहने दें। सुबह इसी पानी से चेहरा धोएं। ऐसा करने से त्वचा में गजब का कसाव आ जाएगा।

# मावा काजू गोटा



**सामग्री :** 100 ग्राम मावा, 2 आलू (उबले व मैश किए हुए), 1/4 कप हरी धनिया, 3-4 ब्रेड स्लाइस (मिक्सर में क्रश कर लें), 1 टीस्पून अदरक-मिर्ची का पेस्ट, 1 टीस्पून गरम मसाला, 1/4 टीस्पून कालीमिर्च पाउडर, 1 नींबू का रस, नमक स्वादानुसार, तलने के लिए तेल।

**भरने के लिए :** थोड़े से काजू व डिब्बाबंद पाइनेप्पल।

**विधि :** गोटे की सभी सामग्रियों को मिला लें। इसके छोटे-छोटे गोले बनाकर काजू और पाइनेप्पल को स्टफ करके गोल गोटे बना लें। सुनहरा होने तक तलें।


# करें कपड़ों की देखभाल

**कपड़े** पहनने का शौक हर इंसान को होता है। ऐसे तो सभी कपड़ो की देखभाल जरूरी है पर कीमती कपड़ों को अतिरिक्त देखभाल की जरूरत होती है। बिना सही देखभाल के कपड़ों की चमक खत्म हो जाती है, कुछ बातों का जरा ध्यान देने पर कपड़ों की सही देख-भाल की जा सकती है



- डिटरजेंट हमेशा अच्छी क्वालिटी का ही लें। सूती, ऊनी, रेशमी कपड़ों के लिए अलग-अलग डिटरजेंट का इस्तेमाल करें।
- शीशे या मोती जड़े कपड़े मशीन में न धोएं। मशीन के तेज घूमने से ये टूट सकते हैं या निकलकर चक्के में फंस सकते हैं।
- कई बार ज्यादा साबुन के प्रयोग से कपड़े पीले और रंगहीन हो जाते हैं। डिटरजेंट का इस्तेमाल जरूरत से न कम न ज्यादा करें। कई महिलाएं मानती हैं कि जितना साबुन रगड़ा जाएगा कपड़े उतने ही साफ धुलेंगे। यह धारणा सही नहीं है।
- कपड़े खरीदते समय मैन्युफेक्चरर कंपनी द्वारा कुछ सावधानियां दी जाती हैं, उनका पालन अवश्य करें।
- कंपनी द्वारा दी गई सावधानी पर निर्भर रहते हुए, कपड़ों को गर्म या ठंडे पानी में धोएं और छाया में सुखाएं।
- चमड़े का जैकेट, कंबल आदि कभी न घर में धोएं। महंगे कपड़े जो धोने में खराब हो सकते हैं, इन्हें ड्राइक्लीन करवाएं।
- रंग छोड़ने वाले कपड़ों ज्यादा देर तक पानी में न भिगोएं। उनका रंग निकल जाता है।
- बाजार में कलर फिक्सर मिलते हैं। इनमें निर्देशानुसार कपड़ों को भिगोएं, इससे कपड़ों का रंग नहीं निकलेगा।
- सिल्क की साड़ी यदि घर में धोनी है तो साबुन में दो चम्मच मिट्टी का तेल डालकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। साड़ी की चमक बनी रहेगी।
- रेशमी कपड़ों को नहाने के साबुन या रीठे के घोल से धो सकती हैं।
- रेशमी कपड़ों को गुनगुने पानी से हल्के हाथ से रगड़कर धोएं। इन्हे कभी कस कर नहीं निचोड़े। हल्का सा दबाकर पानी निकालें और उल्टा करके छाया में सुखने दें। ऐसे कपड़ों को कभी भी धूप में ना सुखाएं।
- रेशमी कपड़ों को धोने के बाद बिना सुखाए न छोड़े वरना कपड़ों में सिकुड़न पड़ सकती है।

# सौंदर्य टिप्स



- पुदीने की चटनी बनाते समय पुदीने की पत्तियों को पीस कर एक चम्मच अलग रख लें। फिर उसमें चंदन का तेल, घिसी हुई जायफल और कच्चा दूध मिलाकर चेहरे पर लगाएं। दो घंटे बाद धो लें। मुंहासों के उपचार के लिए यह उपाय सबसे बेहतरीन है।
- एक चम्मच चने की दाल को दूध में रात भर के लिए भिगो दें। सुबह पीस कर इसमें हल्दी, मलाई और दो-चार बूंद गुलाब जल मिलाकर चेहरे पर लगाएं। सूखने पर हलके हाथों से मलकर छुडाएं। आधे घंटे बाद धो लें। यह तैलीय त्वचा के लिए प्रभावी उबटन है।
- चेहरे के दाग-धब्बे, त्वचा का सूखापन और झुर्रियां दूर करने के लिए मेथी के पत्तों को पीस कर चेहरे पर पांच मिनट तक लगाएं। फिर साफ पानी से धो लें।
- बढती आयु या अधिक मेकअप की वजह से यदि रोमछिद्र बडे हो गए हों तो नीबू का रस कच्चे दूध में मिलाकर चेहरे पर लगाएं।
- कील मुंहासे, दाग या चेहरे पर निशान लंबे समय तक नारियल पानी लगाने से मिट जाते हैं। यदि नारियल पानी उपलब्ध न हो तो दूध में बताशा भिगोकर या पानी में मिश्री भिगोकर चेहरे पर लगाएं। धीरे-धीरे दाग धब्बे दूर होंगे।
- चेहरे की रंगत निखारने के लिए आंवले के चूर्ण को दाल या सब्जी में अमचूर के स्थान पर डाल कर खाएं। भोजन के बाद आंवले के चूर्ण को फांक लें। इससे खून साफ होता है, त्वचा में निखार आता है।
- बालों की सफेदी हटाने के लिए मेहंदी में आंवला, मेथी दाना, चुकंदर का रस मिलाकर लगाने से वे कुदरती तौर पर काले और चमकदार दिखते हैं।

# कारपेट व फर्श की सफाई

- लिनोलियम का फर्श डिटर्जेंट से साफ करें। ब्लीच या सोडा का इस्तेमाल न करें।
- लिनोलियम पर केरोसिन का पोंछा लगाएं। गंदगी आसानी से साफ हो जाएगी।
- ग्रेनाइट का फर्श साबुन व पानी से धोएं।
- संगमरमर के फर्श को किसी भी क्लीनिंग पाउडर व पानी से ब्रश की सहायता से रगड़ कर साफ करें। फिर केरोसिन मिले पानी से पोंछा लगाएं।
- मैट या कारपेट पर चिपकी चुइंगम को साफ करने के लिए बर्फ के टुकड़े का इस्तेमाल करें।
- नए वूलेन कारपेट को ब्रश के बजाय झाड़ू से साफ करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-1-3-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-1-2-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। शुभांक-5-6-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-2-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें। शुभांक-5-6-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-7-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनै:-शनै: बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। शुभांक-5-7-8


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। शुभांक-1-4-5

## काकुरो पहेली - 1972




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




### काकुरो - 1971 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक साहब अपने दोस्त से कहने लगे- ''मेरी घरवाली बहुत झुठी है. वह कल दो घण्टे घर से गायब रही और वापसी पर मुझे बताया कि वह अपनी सहेली गीता के साथ फिल्म देखने गई थी !''

''मगर तुम्हें इस बात का पता कैसे चला कि वह झूठ बोल रही है.''

''उस समय मैं गीता के साथ फिल्म देख रहा था.'' साहब ने जवाब दिया.

इस पर दोस्त खामोश हो गया.

▯ ▯ ▯

एक महिला एक निमन्त्रण में गई.


वहां उसने हर व्यक्ति को अपनी उम्र अलग-अलग बताई. किसी को बीस, किसी को पच्चीस तो किसी को तीस. यह देख उसकी एकमात्र बेटी उसे खींचकर कोने में ले गई और बोली- ''मम्मी ! तुम किसी को कुछ भी आयु बताओ ! मगर इतना ध्यान अवश्य रखना कि मेरी और तुम्हारी उम्र में कम-से-कम नौ महीने का अन्तर रहे.''

▯ ▯ ▯

एक आदमी ने जज से अपनी घरवाली को तलाक देने का कारण बताते हुए कहा- ''मेरी घरवाली ने शादी के बाद से अब तक केवल एक बेटी को जन्म दिया है. मगर मेरी प्रबल इच्छा है कि मैं एक बेटे का बाप बनूं.''

इस पर पत्नी तमककर बोली- ''जज साहब ! अगर मैं इनके भरोसे रहती तो यह बेटी भी नहीं होती !''

## फिल्म वर्ग पहेली- 1972



**बायें से दायें:-**

१. 'दिल से तुझको बेदिली' गीत वाली दिलीपकुमार, मीना की फिल्म-३
३. राजेश खन्ना, डिम्पल की 'जब दर्द नहीं था सीने' गीत वाली फिल्म-४
६. संजय दत्त, नम्रता की फिल्म-३
७. संजीव, सुचित्रा की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
८. 'आया है मुझे फिर' गीत वाली धर्मेन्द्र, शर्मिला की फिल्म-३
१०. 'हुन हुना रे हुन' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'हंसाती है रूलाती' गीत वाली तुषार, ग्रेसी, अमृता की फिल्म-२
१३. संजीवकुमार, राखी की 'तेरे आँखों के दो' गीत वाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'निकाह' में दीपक और राज बब्बर के साथ नायिका कौन थी-३
१६. अनिल, पूनम की 'मिली तेरे प्यार की' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुल राय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२१. तुषार कपूर, अंतरा की फिल्म-३
२३. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेंद्र, रामेश्वरी की फिल्म-३
२४. अभिषेक, अंतरा की 'आवारा मन में' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'ये दुनिया वाले' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२६. 'सुन जरा सोनिये सुन' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता पटेल की फिल्म-२
२८. सुनील शेट्टी, सोमी की 'दिल मेरा यहाँ' गीत वाली फिल्म-२
३०. मनोजवाजपेई, उर्मिला की फिल्म-२
३२. देवानंद, नूतन की 'हम तो जानी प्यार करेगा' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'जाने क्या पिलाय' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. जीतेंद्र, जीनत की 'मेरी उमर का एक लड़का' गीत वाली फिल्म-२,२
२. अमिताभ, शशि, परवीन, नीतू की फिल्म-३
३. 'चलो बुलावा आया' गीत वाली फिल्म-४
४. 'कोई मिल गया' में ऋतिक का नाम था-३
५. 'चल चमेली बाग में' गीत वाली फिल्म-२
७. 'भोर भये पंछी धुन' गीत वाली राजेश खन्ना, रेखा की फिल्म-३
९. सचिन, सुचेता की 'झुमका कजरा बिंदिया गजरा' गीत वाली फिल्म-४
११. ऋषि, चंकी, नीलम की फिल्म-३
१३. राजकपूर डबल रोल, नर्गिस की फिल्म-२
१४. 'जिंदगी ये पल, ये पल जिंदगी' गीत वाली सुष्मिता, सुशांत की फिल्म-३
१५. धर्मेन्द्र वाली 'जब याद किसी की आती है' की नायिका कौन थी?-२
१७. 'ना ये जमीं थी ना आसमां था' गीत वाली विश्वजीत, राजश्री की फिल्म-३
१८. देव आनंद, हेमा की 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली फिल्म-४
१९. दिलीप कुमार, अनिल कपूर, रति की फिल्म-३
२०. प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
२२. 'बाजूबंद खुल खुल जाये' गीत वाली फिल्म-४
२८. अब्बास, शर्बाणी की 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'याईला रे लड़की' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'कोरे कागज पे लिखवाले' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 1971

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बै | र | ग | | स | ड़ | क | | आ | |
| जू | | ज | ल्ला | द | | स | सु | र | ल |
| बा | द | ल | | मा | लि | क | | ध | |
| व | | | बा | | बा | | बे | ना | म |
| र | जा | बा | बू | | स | रि | ता | | हा |
| | ल | व | | बे | | | ब | से | र |
| इ | | र्ची | | खु | द्दा | र | | | जा |
| क | र्ज | | शा | दी | | ख | ली | फा | |
| बा | | गै | र | | दा | वा | | | द |
| ल | ज्जा | | दा | ग | | ला | वा | रि | स |

## सूडोकु -1972


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -1971 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## शब्द पहेली - 1972



**बाएँ से दाएँ**

1.पवनपुत्र,हनुमान-3,3
5.मजार-4
8.बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9.तहजीब,तमीज-3
10.सत्य,तेज-2
11.पतंगा-4
12.ईसाई साध्वी-2
14.इंकार करना-4
16.उत्तम,आदर्शवादी-3
18.रोमांच,उद्वेग-4
20.पागलपन,सनक-5
23.पालन-पोषण-5
26.आनंद लेना-2,2
27.बेईमानी,अमानत में खयानत-3
29.अप्रधान,गौण-4
30.ठाठ-बाट-2
32.अति काला,एक प्रकार की लकड़ी-4
33.रहस्य-2
35.गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36.कमरा,रूम-2
37.जल में रहने वाला-4
38.धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**

1.पलायन करने वाला-6
2.जंगल-2
3.दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4.जिव्हा,जीभ-3
5.घर,भवन-3
6.यात्री गाड़ी-2
7.चौबीस घंटे का समय-4
11.परीक्षण करना-4
13.भीगा हुआ-2
15.खीजना-4
17.उपस्थिती-3
18.रोमांच,उद्वेग-4
19.संपत्ति-2
21.उचित,सही-3
22.पंख,पराया-2
24.देश निर्वासन-4
25.अंगरक्षक-3,3
27.हाथी-4
28.मद,सरूर-2
29.अनुसार,समान-4
31.निगाह,दृष्टि-3
32.हथियार-3
34.पानी,नीर-2
36.सिगरेट का धुआं खींचना,सुट्टा-2

### शब्द पहेली - 1971 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | प | चा | र | | नि | | वि | रा | स | त |
| | र | | घु | | ग | द | र | | ही | न |
| क | | | व | रा | ह | | ह | | | हा |
| म | हा | वी | र | | बा | ल | | क | मा | ई |
| जो | | रा | | ना | न | | श | | ख | |
| र | म | णी | य | ता | | भा | व | ही | न | ता |
| | न | | म | | ज | ल | | ट | | र |
| अ | का | ल | | शू | ल | | नी | र | व | ता |
| प | | | न | | प्र | ख | र | | | र |
| रा | ल | | म | हु | वा | | स | | मी | |
| ध | ड़ | क | न | | ह | | ता | र | त | म्य |

# गड़गड़ाहट के बीच प्रधानमंत्री ने किया राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन

एजेंसी

**देहरादून।** रंग-बिरंगी रोशनी से जगमग, दर्शकों से भरा खचाखच राजीव गांधी अंतराष्ट्रीय स्टेडियम में लेजर लाइट शो के साथ शानदान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और तालियों की गड़गड़ाहट के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन किया। शंख ध्वनि, शिव तांडव स्त्रोत पर तांड़व नृत्य ने दर्शकों पर सम्मोहन सा असर किया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने मौजूद दर्शकों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे। इस दौरान मोदी, मोदी और जय श्री राम के नारों से स्टेडियम गूंज उठा। इसके बाद शुभंकर मौली के साथ सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के बैंड की धुन पर अंडमान निकोबार, असम, बिहार, चंडीगढ़, दिल्ली, गोवा, गुजरात,



हरियाणा, हिमाचल, जम्मू कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड समेत अन्य राज्यों की टीम ने मार्च पास्ट किया। खिलाड़ियों का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मंचासीन ने अतिथियों एवं दर्शकों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। इसके बाद भारत के जानमाने एथलीट लक्ष्य सेन मशाल तेजस्विनी के प्रधानमंत्री के हाथों में सौंपी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्लास्टिक कम से कम उपयोग और रोशनी के लिए खेलों में सौर सौर ऊर्जा का अधिक उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति, राम मंदिर का निर्माण, तीन तलाक कानून समेत कई अहम कार्य मोदी ने किए हैं और उन्हीं प्रेरणा उत्तराखंड विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि यूसीसी लागू कर राज्य ने एक कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने राष्ट्रीय खेलों में आए खिलाड़ियों को उच्च सुविधाएं देने के साथ पर्यावरण का संदेश देने में संकल्प भी दोहराया। प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि हमारा एक ही स्लोगन- संकल्प से शिखर तक। उन्होंने कहा कि नेशनल गेम्स के साथ ही उत्तराखंड को खेल भूमि के रूप में जाने जाने की शुरुआत हो रही है।

## केंद्रीयमंत्री जितेंद्र सिंह ने इसरो को 100वें प्रक्षेपण पर बधाई दी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई है। सिंह ने एक्स हैंडल पर लिखा,' 100वां प्रक्षेपण:श्रीहरिकोटा से 100वें प्रक्षेपण की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के लिए इसरो को बधाई। इस रिकॉर्ड उपलब्धि के ऐतिहासिक क्षण में अंतरिक्ष विभाग से जुड़ना सौभाग्य की



बात है। टीम इसरो आपने एक बार फिर जीएसएलवी-एफ15 / एनवीएस-02 मिशन के सफल प्रक्षेपण से भारत को गौरवान्वित किया है।' उन्होंने लिखा, 'विक्रम साराभाई, सतीश धवन और कुछ अन्य लोगों द्वारा एक छोटी सी शुरुआत से, यह एक अद्भुत यात्रा रही है और पीएम मोदी द्वारा अंतरिक्ष क्षेत्र को 'अनलॉक' करने और यह विश्वास जगाने के बाद कि 'आकाश की कोई सीमा नहीं है' यह एक बड़ी छलांग है।'

## यमुना को लेकर अपने दावे को साबित करें केजरीवाल : चुनाव आयोग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस की ओर से मिली शिकायतों के आधार पर आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल से यमुना को जहरीला करने के दावे पर स्पष्टीकरण मांगा है। आयोग ने कल रात तक उन्हें अपने दावों को साबित करने के लिए कहा है। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल आज चुनाव आयोग से मिला था। दोनों पार्टियों का आरोप था कि आम आदमी पार्टी के दावे का दिल्ली जल बोर्ड ने भी खंडन किया है। ऐसे में उनका बयान चुनावों को प्रभावित कर सकता है और यह सीधे तौर पर आचार संहिता का उल्लंघन है। चुनाव आयोग ने अपने पत्र में अरविंद केजरीवाल से उनके 'जल आतंक' और 'यमुना में जहर' जैसे दावों की पुष्टि करने को कहा है। आयोग ने दिल्ली जल बोर्ड के इस संबंध में दिए बयान का भी संज्ञान लिया है। आम आदमी पार्टी के संयोजक को लिखे पत्र में आयोग ने कहा कि आयोग एमसीसी और कानून के प्रासंगिक प्रावधानों के आलोक में जांच कर रहा है। उनसे अनुरोध है कि शिकायतों पर अपना जवाब, विशेष रूप से तथ्यात्मक और कानूनी मैट्रिक्स पर साक्ष्य समर्थन के साथ 29 जनवरी को रात 8 बजे तक प्रस्तुत करें ताकि आयोग मामले की जांच कर सके और उचित कार्रवाई कर सके। पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के लोगों के लिए उनके जहर देने, परमाणु और जैविक युद्ध से तुलना करने के दावे अत्यंत गंभीर प्रकृति और अभूतपूर्व है। अगर यह सच है, तो इससे क्षेत्रीय समूहों, पड़ोसी राज्यों के निवासियों के बीच दुश्मनी पैदा होने जैसे गंभीर परिणाम भी होंगे।

## मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. यादव से टोक्यो की गवर्नर युरिको कोइके ने की मुलाकात

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जापान यात्रा के दौरान टोक्यो की गवर्नर युरिको कोइके ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने गवर्नर कोइके से मुलाकात को भविष्य में विकास के क्षेत्र में परस्पर सहयोग के लिए उत्साहजनक बताया। यह जानकारी मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के माध्यम से दी।डॉ. यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जापान और भारत के बीच सहयोगात्मक अनुकूलता का वातावरण बना है। इससे मध्य प्रदेश के साथ जापान का रवैया सहयोगात्मक हुआ है और भविष्य में विकास की अनंत बड़ी संभावनाएं नजर आ रही हैं। उन्होंने बताया कि गवर्नर युरिको कोइके से उद्योग, प्रोद्योगिकी, निवेश रोजगार और विद्यार्थियों के परस्पर अध्ययन व शोध के क्षेत्र में सहयोग जैसे विषयों पर आत्मीय वातावरण में चर्चा हुई। उन्होंने मई 2025 टोक्यो में प्रस्तावित स्टार्ट-अप कंपनियों के सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री ने भी गवर्नर कोइके को भोपाल में 24-25 फरवरी 2025 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने बताया ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 24-25 फरवरी, 2025 को भोपाल में आयोजित होने वाली है।

## हिंदू और बौद्ध परंपराएँ करती हैं मानवता को जोड़ने का कार्य : कुंदलिंग रिंपोचे

**महाकुम्भनगर।** दलाई लामा के आचार्य कुंदलिंग रिंपोचे ने कहा कि हिंदू और बौद्ध परंपराएँ अहिंसा, करुणा और आत्मबोध के माध्यम से मानवता को जोड़ने का कार्य करती हैं। इन मूल्यों को अपनाकर विश्व में शांति और सह-अस्तित्व की भावना को प्रोत्साहन दिया जा सकता है। साधना और अनुशासन के माध्यम से धर्म का प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए, जिससे आध्यात्मिक चेतना का विस्तार हो सके। वह महाकुंभ के सेक्टर 18 स्थित विश्व हिंदू परिषद के शिविर में आयोजित बौद्ध सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री संगठन मिलिंद परांडे ने कहा कि भारत की धार्मिक परंपरा में सनातन संस्कृति अनेक पंथों को समाहित करने वाली रही है। भगवान बुद्ध की शिक्षाएँ भी हिंदू समाज का अभिन्न अंग हैं। बुद्ध ने आत्मप्रदीपन (अप्प दीपो भव) का संदेश दिया, जो हिंदू साधना पद्धति में भी निहित है। बौद्ध धर्म की करूणा और अहिंसा की अवधारणा हिंदू धर्म के मूलभूत सिद्धांतों से जुड़ी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि बौद्ध धर्म और हिंदू समाज की एकता किसी मत-वैभिन्न्य का नहीं, बल्कि सह-अस्तित्व और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। बौद्ध धर्म के संत-परंपरा, संन्यास, ध्यान और मूर्ति पूजा जैसे तत्व हिंदू परंपरा के समान ही हैं। बौद्ध समाज ने श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन से लेकर हिंदू समाज की एकता में प्रारंभ से ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## आईपी यूनिवर्सिटी में एक फरवरी से शुरू होगी दाखिले की ऑनलाइन प्रक्रिया

**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू) से संबद्ध 106 कॉलेजों और 18 विश्वविद्यालय स्कूलों में स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रमों में 40 हजार से अधिक सीटों पर अकादमिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया एक फरवरी से शुरू हो जाएगी। कक्षाएं अगस्त से शुरू होंगी।यूनिवर्सिटी के पूर्वी परिसर में आयोजित आयोजित एक कार्यक्रम में कुलपति पद्मश्री प्रो. महेश वर्मा ने स्नातक, परा-स्नातक और पीएचडी कार्यक्रमों की दाख़िला पुस्तिकाएं जारी कीं। इस शैक्षणिक सत्र से शुरू किए गए कुछ नए पाठ्यक्रमों में शामिल हैं- एमएससी इन मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स, एमएससी इन माइक्रोबायोलॉजी, बीपीटी, एलएलबी (3 साल का), एप्लाइड जियोइन्फॉर्मेटिक्स में पीजी प्रोग्राम और रेडियोलॉजिकल फिजिक्स में पीजी डिप्लोमा।

## सौरभ शर्मा 41 दिन बाद गिरफ्तार, कोर्ट ने लोकायुक्त को सात दिन की रिमांड पर सौंपा

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पिछले 41 दिनों से परिवहन विभाग की काली कमाई का प्रतीक बने पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा को लोकायुक्त पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सौरभ के वकील राकेश पाराशर ने उसकी गिरफ्तारी की जानकारी मीडिया से साझा की। उन्होंने गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताया। दरअसल, परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के ठिकानों पर 19 दिसंबर 2024 को लोकायुक्त ने छापा मारा था। इस दौरान करोड़ों रुपये नगद और सोना-चांदी बरामद किए थे। तभी से वह फरार चल रहा था। एक दिन पहले सोमवार को वह अपने वकील के साथ भोपाल जिला न्यायालय पहुंचा था, जहां उसने आत्मसमर्पण के लिए के विशेष न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत होकर सरेंडर के लिए आवेदन दिया था, जिस पर सुनवाई होनी थी।सौरभ शर्मा को कोर्ट पहुंचने से पहले ही लोकायुक्त पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उससे पांच घंटे पूछताछ की। इसके बाद सहयोगी चेतन सिंह गौर को भी हिरासत में ले लिया। शाम को लोकायुक्त की टीम ने दोनों को विशेष न्यायालय में पेश किया और



पूछताछ के लिए रिमांड की मांग की। अदालत ने दोनों को सात दिन की (4 फरवरी) रिमांड पर लोकायुक्त को सौंप दिया है। इधर, सौरभ का पार्टनर शरद जायसवाल भी मंगलवार दोपहर अपने वकील के साथ लोकायुक्त ऑफिस में बयान दर्ज कराने पहुंचा। बयान दर्ज करने के बाद शरद को भी हिरासत में ले लिया गया है और उससे भी पूछताछ की जा रही है।लोकायुक्त महानिदेशक जयदीप प्रसाद ने सौरभ की गिरफ्तारी की पुष्टि करकते हुए बताया कि लोकायुक्त पुलिस ने सौरभ के साथ उसके साझेदार चेतन गौर को भी न्यायालय में पेश किया और रिमांड की मांग की। न्यायालय ने चार फरवरी तक के लिए दोनों की रिमांड मंजूर की है। वहीं, गिरफ्तारी की जानकारी मिलते ही आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी सक्रिय हो गई है। दोनों ही एजेंसियों ने उसके खिलाफ एफआइआर दर्ज की है। गौरतलब है कि 19 दिसंबर को लोकायुक्त की टीम ने सौरभ शर्मा के अरेरा कालोनी स्थित घर पर छापा मारा था। छापेमारी के दौरान उसके करीबी चेतन गौर की कार रातीबड़ थाना क्षेत्र के ग्राम मैंडोरा में खड़ी मिली थी। टीम ने कार से 11 करोड़ रुपये की नकदी और 52 किलोग्राम सोना समेत अन्य प्रापर्टी के दस्तावेज बरामए किए थे। इसके बाद सौरभ शर्मा के यहां नौ दिन में ईडी और आयकर विभाग ने भी छापे मारे। कार्रवाई के दौरान उसके पास 93 करोड़ से ज्यादा की प्रॉपर्टी मिली। उसी समय से सौरभ फरार चल रहा था।

## दिल्ली का बुराड़ी हादसा,बचाव अभियान में बड़ी कामयाबी

# 33 घंटे बाद मलबे से सही सलामत निकाले एक परिवार के चार सदस्य

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में उत्तरी जिले के बुराड़ी स्थित कौशिक एन्क्लेव में चारमंजिला इमारत के मलबे से राहत और बचाव अभियान में बड़ी कामयाबी मिली है। राहत और बचाव दल ने लगभग 33 घंटे बाद बुधवार तड़के करीब तीन बजे चार लोगों को सही सलामत बाहर निकाला। इनमें पति-पत्नी और उनके दो बच्चे (नाबालिग) शामिल हैं। चारों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो चुकी गई है। 16 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। रेस्क्यू ऑपरेशन अभी जारी है।

दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सोमवार शाम इस इमारत के ढह जाने की सूचना मिली थी। तब से दमकल विभाग की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। उत्तरी जिले के डीसीपी राजा बांठिया ने भी एक ही परिवार चार लोगों को जीवित बचा लिए जाने की पुष्टि की है। डीसीपी ने बताया



कि गैस सिलेंडर पर लिंटर गिरने से बीच में जगह बन गई थी। वहीं यह चारों लोग फंस गए थे।

इस बचाव अभियान में दमकल विभाग, आपदा प्रबंधन, सिविल डिफेंस, निगम का दस्ता शामिल है। सोमवार को बचाव दल ने 10 लोगों को मलबे से बाहर निकाला था। मंगलवार देरशाम मलबे से पांच शव बाहर निकाले गए थे। पुलिस आरोपित बिल्डर योगेंद्र भाटी को गिरफ्तार कर चुकी है। स्थानीय विधायक संजीव झा ने कहा है कि वयस्क मृतकों के आश्रितों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। मृतक नाबालिगों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये दिए जाएंगे। गंभीर रूप ये घायल व्यक्ति को दो लाख रुपये और मामूली रूप से घायल व्यक्ति को 50 हजार रुपये मुआवजे का ऐलान किया गया है।

## महाकुम्भ में संगम की रेती पर हिलोरें मार रहा आस्था का सागर, 2.78 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

एजेंसी

**महाकुम्भनगर।** मौनी अमावस्या पर्व पर अमृत स्नान की इच्छा से बड़ी संख्या में आये श्रद्धालुओं से प्रयागराज महाकुम्भ पट चुका है। पूरा मेला क्षेत्र श्रद्धालुओं के जयकारे से गूंज रहा है। संगम की रेती पर आस्था का सागर हिलोरें मार रहा है। श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाने के बाद दान पुण्य कर रहे हैं। श्रद्धालु शांतिपूर्ण तरीके से स्नान कर रहे हैं। मेला प्रशासन के अनुसार मौनी अमावस्या के दिन सुबह 08 बजे तक 2.78 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी है। जिसमें कल्वास की संख्या 10 लाख शामिल है। त्रिवेणी की ओर जाने वाले सभी मार्गों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जत्थे जा रहे हैं। वहीं स्नान कर श्रद्धालु अपने गंतव्य की ओर रवाना भी हो रहे हैं। श्रद्धालुओं की सेवा में स्थान-स्थान पर लंगर भी लगाये गये हैं। भीड़ को देखते हुए



पुलिस ने शहर की सड़कों पर बाइन न चलाने की अपील की है। शहरी क्षेत्र की सभी पार्किंग पहले ही फुल हो चुकी हैं। बाहर से चार पहिया लेकर आने वाले श्रद्धालुओं को शहर से बाहर ही रोका जा रहा है। महाकुम्भ नगर पहुंचे श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपील की है कि श्रद्धालुगण मां गंगा के जिस भी घाट के समीप हैं, वहीं स्नान करें, संगम नोज की ओर जाने का प्रयास न करें। उन्होंने सभी से मेला प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की है। जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि ने अपील की है कि भारी भीड़ के कारण हमें जहाँ भी स्थान मिले अमृत स्नान करें। आज अमृत स्नान की शोभा यात्रा स्थगित की है।

परमेश्वर सभी का कल्याण करें। स्वामी रामभद्राचार्य ने महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की कि वे सभी संगम में स्नान का आग्रह छोड़ दें और निकटतम घाट पर स्नान करें। लोग अपने शिविर से बाहर न निकलें। अपनी और एक दूसरे की सुरक्षा करें। बाबा रामदेव ने कहा है कि करोड़ों श्रद्धालुओं के इस हुजूम को देखते हुए सभी से आग्रह किया कि हम भक्ति के अतिरेक में न बहें और आत्म अनुशासन का पालन करते हुए सावधानी पूर्वक स्नान करें।

## आईसीजी ने इंडोनेशियाई तटरक्षक बल के साथ तीन साल के लिए करार बढ़ाया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और इंडोनेशिया के तटरक्षक बल ने समुद्री सुरक्षा और सुरक्षा सहयोग पर अपने करार को तीन साल के लिए बढ़ाया है। गणतंत्र दिवस परेड में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने आए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो के साथ प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। तटरक्षक मुख्यालय, नई दिल्ली में उच्चस्तरीय बैठक का नेतृत्व आईसीजी के महानिदेशक जनरल परमेश शिवमणि और इंडोनेशिया तट रक्षक के प्रमुख वाइस एडमिरल इरवांस्याह ने आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ किया। बैठक के दौरान समुद्री सुरक्षा और सुरक्षा सहयोग पर अपने समझौता ज्ञापन (एमओयू) को तीन साल के लिए नवीनीकृत किया। बैठक का जो समझौता ज्ञापन के प्रावधानों के तहत 24-28 जनवरी, 2025 तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। बैठक के दौरान समुद्री खोज और बचाव, प्रदूषण प्रतिक्रिया और समुद्री कानून प्रवर्तन जैसे क्षेत्रों में परिचालन सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा हुई।


दोनों पक्षों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा और लचीलापन बढ़ाने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और पेशेवर आदान-प्रदान बनाए रखने पर जोर दिया। दोनों देशों के बीच संबंधों को उजागर करते हुए आईसीजी का जहाज शौनक 27-30 जनवरी तक जकार्ता में तैनात है, ताकि इंडोनेशिया के साथ परिचालन संबंधों को मजबूत किया जा सके।

# शाह ने केजरीवाल को भ्रष्टाचार और कांग्रेस को सनातन के मुद्दे पर घेरा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कालकाजी में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया और बदरपुर में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल को झूठे दावों और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरा। साथ ही उन्होंने सनातन के मुद्दे पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर भी तीखी टिप्पणी की।

बदरपुर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि 5 तारीख को दिल्लीवालों के पास अरविंद केजरीवाल की आप-दा (आम आदमी पार्टी) से मुक्त होने का मौका है। केजरीवाल की दिल्ली सरकार झूठ, फरेब, वादाखिलाफी और भ्रष्टाचार की



सरकार है। अमित शाह ने केजरीवाल से दिल्ली जल बोर्ड की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जल बोर्ड की रिपोर्ट का हवाला देकर ही उन्होंने हरियाणा सरकार पर दिल्ली के पानी में जहर घोलने का आरोप लगाया है। हालांकि, जल बोर्ड ने केजरीवाल को झूठा बताया है। उन्होंने कहा कि अन्ना के आंदोलन के दौरान अरविंद केजरीवाल ने कई दावे किए थे। मसलन, वे राजनीतिक पार्टी नहीं बनाएंगे, कांग्रेस पार्टी का समर्थन नहीं लेंगे, सुरक्षा-गाड़ी और बांग्ला नहीं लेंगे। फिर सब करने के साथ उन्होंने खुद के लिए शीश महल भी बनवा दिया। केजरीवाल ने हजारों करोड़ रुपये का शराब घोटाला किया। मंदिर, गुरुद्वारा और स्कूल सबके सामने शराब की दुकान खोली और जेल गए। जल बोर्ड, राशन वितरण, डीटीसी बस, क्लासरूम और शीश महल सब में उन्होंने घोटाला किया है। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा कि कल उन्होंने महाकुंभ के दौरान गंगा में डुबकी लगाई। उनके डुबकी लगाने से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को ठंड लग गई। कांग्रेस पार्टी हमेशा सनातन का अपमान करती है। वे कांग्रेस से कहना चाहते हैं कि सनातन में श्रद्धा नहीं रखते लेकिन करोड़ों सनातनियों का मजाक मत उड़ायें। उन्होंने कहा कि खरगे कह रहे हैं कि गंगा में डुबकी लगाने से गरीबों का भला नहीं होगा। उनसे पूछा जाना चाहिए कि उन्होंने जीवनभर गंगा में डुबकी नहीं लगाई लेकिन गरीबों का क्या भला किया। वहीं भारतीय जनता पार्टी देश की परंपरा और आस्था पर विश्वास करती है। हमारी सरकार के दौरान करतारपुर साहिब कॉरिडोर भी बना और महाकुंभ का मेला भी लगा। देश के करोड़ लोगों को गैस कनेक्शन, शौचालय, बिजली, मुफ्त अनाज और मुफ्त इलाज जैसी सुविधायें मिलीं।

## प्रिंयंका गांधी ने वायनाड में बाघ हमले की शिकार राधा के परिवार से मुलाकात की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने केरल के वायनाड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने राधा के परिवार से मुलाकात की। राधा की हाल ही में मनांतावडी के कनियारम में बाघ के हमले में मौत हो गई थी। प्रियंका गांधी का यह दौरा क्षेत्र में मानव-पशु संघर्षों पर बढ़ती चिंताओं के बीच हुआ है। इन हमलों में चार लोगों की जान चली गई है, जिनमें पिछले महीने सरोजिनी, मनी और विष्णु नामक तीन लोग हाथी के हमले के शिकार हुए हैं। प्रियंका गांधी और कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने वन्यजीव-मानव संघर्ष के तत्काल मुद्दे को संबोधित करने के लिए वायनाड में कलेक्ट्रेट में जिला अधिकारियों से भी मुलाकात की। उन्होंने संभावित समाधानों पर चर्चा की और हाल ही में बाघ के हमले में दुखद रूप से



मारी गई दिवंगत राधा के परिवार से सुझाव भी मांगे। मीडिया से बात करते हुए प्रियंका गांधी ने इस ज्वलंत मुद्दे को संसद और अन्य प्रासंगिक मंचों पर उठाने और स्थायी समाधान खोजने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट क्स पर इस बारे में जानकारी साझा करते हुए कहा कि वायनाड में मजदूरी और समय को लेकर भी समस्याएं हैं। लोगों को यह भी लगता है कि जानवरों को उनके क्षेत्र में आने से रोकने के लिए पर्याप्त बाड़ नहीं है, जहां वे हर दिन काम करते हैं और पार करते हैं।

## यमुना पर सियासत तेज, आआपा और भाजपा पहुंचीं चुनाव आयोग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की ओर से दिल्ली में यमुना के पानी को लेकर हरियाणा सरकार पर लगाए गए आरोपों के बाद सियासत तेज हो गयी है। दोनों दलों के प्रतिनिधिमंडल ने आज इस मुद्दे पर चुनाव आयोग से मुलाकात की। दोनों दलों के नेता एक-दूसरे पर कड़े शब्दों में प्रहार भी करते रहे।

आम आदमी पार्टी का आरोप है कि हरियाणा सरकार यमुना नदी में प्रदूषित जल छोड़ रही है। इससे यमुना में अमोनिया की मात्रा बढ़ रही है। अमोनिया की मात्रा बढ़ने से दिल्ली में जल का संकट पैदा हो सकता है। पार्टी इसको लेकर कड़े शब्दों का प्रयोग कर रही है। दूसरी ओर भाजपा इसे लोकतांत्रिक राजनीति के लिए गंभीर मुद्दा बताते हुए आआपा नेताओं पर झूठे दावे करने का आरोप लगा रही है।

भाजपा का प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में चुनाव आयोग से मिला। उन्होंने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान को खतरनाक बताया और कहा कि उनका गैर-जिम्मेदाराना एवं अनुचित रवैया सीधे तौर पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। वे दिल्ली की जनता के मन में डर का माहौल पैदा कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी शामिल रहे। सीतारमण ने आयोग से मुलाकात के बाद पत्रकारों को बताया कि भाजपा ने चुनाव आयोग के समक्ष सवाल उठाए हैं कि एक पूर्व मुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री दूसरे मुख्यमंत्री पर नरसंहार के आरोप कैसे लगा सकते हैं।

## दिल्ली की चुनावी रैली में राहुल का केजरीवाल पर वार, कहा- वो शीशमहल में रहते हैं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने आज दिल्ली के पटपड़गंज और ओखला विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी रैलियों को सम्बोधित किया। इन रैलियों में उन्होंने आम आदमी पार्टी (आआपा) और उनके नेताओं अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर तीखा हमला बोला। उन्होंने ऐलान किया कि दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनने पर जाति जनगणना कराई जाएगी। राहुल गांधी ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार को अविश्वसनीय करार देते हुए कहा कि यहां न स्वच्छ हवा है और न पानी। आआपा संयोजक अरविंद केजरीवाल जब आए थे तो छोटी सी गाड़ी थी। बिजली के खम्भे पर चढ़ गए थे। उस समय बोले थे कि दिल्ली को बदल देंगे लेकिन दिल्ली हिंसा में जब गरीबों को उनकी जरूरत पड़ी तो कहीं नहीं गए। केजरीवाल ने कहा था कि साफ राजनीति लाऊंगा लेकिन वो शीशमहल में रहते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि मुझे सरकारी आवास खाली करने के लिए नोटिस मिला, मैंने बिना एक क्षण गंवाए उसे खाली कर दिया और चाबी लौटा दी। मुझमें और केजरीवाल में यह बुनियादी फर्क है। दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को उन्होंने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले का आर्किटेक्ट बताया और कहा कि इसके कारण सिसोदिया को पटपड़गंज की सीट छोड़कर भागना पड़ा। उन्होंने इस सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार अनिल चौधरी को जिताने की अपील की। उन्होंने ओखला औद्योगिक क्षेत्र की बदहाली का ठीकरा मौजूदा केंद्र और दिल्ली सरकार के माथे पर फोड़ते हुए कहा कि यहां के छोटे उद्यमी बर्बाद हो गए। केजरीवाल और मोदी ने कुछ नहीं किया। उन्होंने ओखला सीट पर अरीबा खान को जिताने की अपील की। राहुल गांधी ने अपने भाषण में भाजपा को भी निशाने पर रखा। उन्होंने कहा कि आज देश में दो विचारधाराएं हैं। एक विचारधारा देशवासियों को जाति और धर्म के नाम पर लड़ाती है और पूंजीपतियों को पोषित करती है। इससे इतर, कांग्रेस की विचारधारा आपस में प्यार और मोहब्बत से रहना सिखाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसा हिन्दुस्तान चाहती है, जहां डर और नफरत के लिए कोई जगह नहीं होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश के सारे संसाधन पूंजीपतियों के हवाले करती जा रही है और उनके निजी संस्थानों में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को रोजगार के अवसर नहीं दिए जा रहे हैं। उन्होंने इसे सुनियोजित साजिश करार देते हुए कहा कि किस तरह इन तबके के लोग अपना पेट काटकर बच्चों को निजी संस्थानों में मोटी फीस देकर मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ आदि प्रोफेशनल कोर्स करवाते हैं और बाद में नौकरी के लिए हाथ मलते रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि देश में दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की कुल आबादी 90 प्रतिशत है। इसके बावजूद देश में निजी क्षेत्र की पांच बड़ी कंपनियों में इन वर्गों का एक आदमी आपको मैनेजमेंट में नहीं मिलेगा।



एक ऐसा देश जहां आधुनिक यूरोपीय संस्कृति के साथ-साथ लोग अभी भी अपने पारंपरिक मूल्य और संस्कार भी सहेजे हुए हैं। बादलों में उड़कर बुल्गारिया पहुंच जाना एक सपने जैसा था। चलते हैं यहां

# सपनों की उड़ान जैसी बुल्गारिया की सैर, खूबसूरती ही नहीं यहां का आर्किटेक्चर भी है लाजवाब

तीन दशक पहले मुझे बचपन में बुल्गारिया जाने का मौका मिला था। एक चिल्ड्रेंस कैंप में। उसी की याद को ताजा करने जब मैं दोबारा बुल्गारिया गई, तो महसूस हुआ कि यह स्थान आपको अपनी ओर खींचता है। मुझे अपनी बुल्गारिया यात्रा के दौरान कभी भी सैलानी जैसा एहसास नहीं हुआ, बल्कि ऐसा लगा जैसे मैं कुछ दिनों के लिए वहां बस गई थी। मुझे बुल्गारिया की राजधानी सोफिया और शहर वारना घूमने और रहने का अवसर मिला। बुल्गारिया पहुंचने के लिए हमने नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से तुर्की में इस्तांबुल के लिए फ्लाइट पकड़ी। इस्तांबुल से हमें कनेक्टिंग फ्लाइट से बुल्गारियाई शहर वारना पहुंचना था। किन्हीं वजहों से हमारी वह फ्लाइट मिस हो गई और कुछ समय हमें इस्तांबुल एयरपोर्ट की एक लांउज में बिताना पड़ा। देर रात हमें वारना की फ्लाइट मिली और कुछ घंटों में हम वारना शहर में थे।

### विहंगम है वारना का नजारा

मैदान, पहाड़, घाटी, संकरे रास्तों व नदियों का देश है बुल्गारिया। यहां की सबसे बड़ी नदी है इस्कर और सबसे बडी लेक बुर्गस है। आपको जानकर हैरानी भी होगी कि इस देश में करीब 540 नदियां बहती हैं। एक टैक्सी से हम वारना में होटल पैनोरमा पहुंचे। सुनने में अजीब लगता है, लेकिन सच में वहां तक की ड्राइव मन मोह लेने वाली थी। हरे-भरे खेतों, साफ-सुथरी सड़कों और सुरजमूखी के हजारों फूलों के बीच स्टोन फॉरेस्ट तक जाने का रास्ता बेहद मनमोहक था। साथ ही, मन में उतावलापन था कि पत्थरों का जंगल कैसा होगा? स्टोन फॉरेस्ट पहुंचकर सदियों पुराने पत्थर और प्राकृतिक जमीनी सुंदरता और कलात्मकता को देखकर हैरान थे। पेड़, मिट्टी, जंगली पौधे और पत्थरों का यह जंगल पहले एक समुद्र था। पत्थर के खंभों से पटा हुआ यह जंगल बड़े क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां का वातावरण बहुत ही साफ और सुंदर है। खूबसूरत फूल-पौधे चारों तरह हरियाली बिखेरते बड़े मनोरम लगते हैं। वारना शहर में घूमते हुए हमारी नजर यहां बने घरों पर पड़ी। बहुत ही सुंदर अपार्टमेंट बने हैं। बुल्गारियाई आर्किटेक्चर बहुत सुंदर, आकर्षक और प्रभावी हैं। बातों-बातों में हम कब वारना पार्क पहुंच गए पता ही नहीं चला। इस पार्क की खासियत है कि आप गार्डन के साथ-साथ बाजार भी घूम लेते हैं। यहां रेस्टोरेंट्स में तुर्की व बुल्गारियाई व्यंजन काफी पसंद किए जाते हैं। अगली सुबह हमें बल्चिक-कलियाकारा जाना है, जो वारना के पास ही बसा एक कस्बा है। यह ब्लैक सी के पास ही स्थित है।

### कलियाकारा केप

कलियाकारा केप पहुंचने पर हमें यहां एक आर्कियोलॉजिकल साइट भी देखने को मिली, जो एक म्यूजियम की तरह है। यह एक तरह से यहां की सभ्यता का प्रतीक है। इस म्यूजियम में हजारों साल पुरानी सभ्यता की निशानियां रखी हैं। इनमें बर्तन, हथियार जैसी बहुत सारी चीजें देखने को मिलती हैं। ये सामान खुदाई के दौरान मिले थे। अब इस साइट को टूरिस्ट स्पॉट के रूप में विकसित किया गया है। यहां एक लंबी वॉक के बाद महसूस होता है कि जरूर जीवन यहां कई हजार साल पहले भी रहा होगा। इस तरह के चिन्ह इस वॉक के दौरान देखने को मिलते हैं।

### बल्चिक बॉटेनिकल गार्डन

यह एक खूबसूरत बॉटेनिकल गार्डन है। इसे टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया गया है। फूलों से लदे पेड़ आपका स्वागत करते हैं। ढेरों फूल, पौधों, पेड़ों और जड़ी-बूटियों से हरे-भरे इस गार्डन में घूमने का एक अलग ही आनंद है। यहां बुल्गारियाई, जापानी गुलाब के साथ एक से बढ़कर एक कैक्ट्स भी देखने को मिलेंगे।



# सस्ते में लेना है घुमक्कड़ी का मज़ा, तो इन टिप्स एंड ट्रिक्स के साथ करें प्लानिंग

**बहुत से लोग यह सोचकर घूमने से रह जाते हैं कि पैसे कम हैं कैसे घूमेंगे? लेकिन आपको हम बता दें कि अगर आप ढंग से प्लान बनाएं तो कम पैसों में भी आराम से घूम सकते हैं।**



आजकल की भागदौड़ वाली जिंदगी में घुमक्कड़ी संजीवनी जैसी है, जो आपको तरोताजा कर देती है। बड़े शहरों की व्यस्त जिंदगी की जरूरत भी है ट्रैवल ताकि आप प्रदूषण और शोर-शराबे से दूर अपनों के साथ सुकून के कुछ पल बिता पाएं। सोशल मीडिया के इस दौर में घूमना एक ट्रेंड भी बनता जा रहा है। ऐसे बजट फिट ट्रैवल और भी प्रासंगिक हो जाता है।

### घुमक्कड़ों की तरह घूमने में है असली मजा

यह बात तो सही है कि घूमने और नई जगहों को एक्स्प्लोर करने से हम तरोताजा होते हैं। बहुत कुछ सीखते भी हैं। मगर आज की महंगाई वाले दौर में बहुत से लोगों के लिए घूमना बजट पर भारी पड़ता है। जो लोग यह सोचते हैं कि घूमना सिर्फ पैसे वालों का शौक है, तो उनको बता दूं कि ऐसा है नहीं। अगर हम थोड़ी मेहनत और थोड़ा रिसर्च करें। इंटरनेट और सोशल मीडिया की मदद लें, तो घूमने का प्लान बजट में बना सकते हैं। बजट फिट ट्रैवल एक भ्रम नहीं है। घूमने का ट्रेंड, जो पहले केवल बड़ों शहरों में ही देखा जाता था, आजकल छोटे-छोटे शहरों में भी इंटरनेट और स्मार्टफोन की वजह से बढ़ रहा है। घूमने का असली आनंद तो घुमक्कड़ों की तरह घूमने में है न की पर्यटकों की तरह पर्यटन करने में।

### करनी होगी एडवांस प्लानिंग

ट्रैवल प्लान करने में सबसे बड़ी चुनौती होती है डेस्टिनेशन तक कैसे जाया जाए? कहीं भी जाने से पहले उस जगह की अपने शहर से कनेक्टिविटी देखते हैं, इंटरनेट से समय और दूरी को चेक करने के बाद फिर पब्लिक ट्रांसपोर्ट, जैसे- ट्रेन या बस की बुकिंग कराते हैं। एडवांस बुकिंग से जहां अंतिम समय की भागदौड़ से बच जाते हैं, वहीं तत्काल या अन्य चार्जेज की भी बचत हो जाती है।

### होटल की बजाय होमस्टे बेहतर

किसी भी यात्रा की दूसरी समस्या यह होती है कि हम रूकें कहां? जगह सुरक्षित है या नहीं? शहर या घूमने की जगह से बहुत दूर तो नहीं है? सस्ती जगह है तो अच्छी है या नहीं? आजकल ये समस्याएं भी आसानी से हल हो जाती हैं। कई बड़े स्टेशंस पर भारतीय रेलवे के गेस्ट रूम्स भी उपलब्ध होते हैं, जिनकी बुकिंग ट्रेन टिकट के साथ ही एडवांस में की जा सकती है। बहुत से लोकप्रिय ट्रैवल डेस्टिनेशंस में होमस्टे आसानी से मिल जाते हैं वह भी बजट में। यहां रहने पर स्थानीय लोगों का रहन-सहन, खान-पान और उनकी संस्कृति को नजदीक से जानने का मौका मिल जाता है। साथ ही उस जगह से जुड़ी कई ऐसी जानकारियां भी मिलती हैं जो गूगल के पास भी नहीं होंगी। वैसे, अकेले घूमने वाले लोगों के लिए जॉस्टल और होस्टल जैसे कई विकल्प मौजूद हैं, जो बहुत कम पैसे में आपको डोर्मिटरीज और रूम मुहैया कराते हैं। साथ ही, साथ अपने जैसे और भी लोगों से मिलने-जुलने, उनके अनुभवों को साझा करने का मौका भी मिलता है। यकीन मानिए यात्रा और यात्री दोनों ही बेहतरीन गुरु हैं।


### पब्लिक ट्रांसपोर्ट या बाइक ले लें

आप इंटरनेट पर थोड़ा-सा रिसर्च कर कर लें, तो अपने बजट में रहने की जगह खोज सकते हैं। कई वेबसाइट्स हैं, जो उनके रिव्यू भी उपलब्ध कराती हैं। जरूरत है बस थोड़ा-सा समय देने की। घूमने वाली जगहों पर कई बार लोकल ट्रांसपोर्टेशन बहुत महंगे होते हैं, ऐसी स्थिति में ज्यादातर हम लोकल पब्लिक ट्रांसपोर्ट जैसे लोकल बस, ट्रेन या शेयर ऑटो से काम चलाते हैं। युवाओं में दुपहिया वाहनों का क्रेज देखते हुए कई जगहों पर 200-500 रोज के हिसाब से बाइक या स्कूटी किराए पर आसानी से मिल जाते हैं। अगर आप बाइक लेना चाहें, तो आपको बस अपना कोई पहचान पत्र उनके पास जमा करना होता है। यह सस्ता, सुविधाजनक और ट्रेंडी रास्ता भी है।

# देश की इन 5 खूबसूरत जगहों की दुनिया भी है दीवानी

## वक्त निकाल कर जरूर जाएं घूमने

**आमतौर पर भी जब खूबसूरत जगहों क जिक्र होता है तो लोग विदेश की अलग-अलग लोकेशंस को गिनाना शुरू कर देते हैं जबकि देश में भी बेहद शानदार जगहें हैं ।**



आमतौर पर भी जब खूबसूरत जगहों क जिक्र होता है तो लोग विदेश की अलग-अलग लोकेशंस को गिनाना शुरू कर देते हैं, जबकि देश में इतनी शानदार जगहें हैं, जिन पर किसी का भी दिल आ जाएगा। खास बात ये है कि इन जगहों की देश में ही नहीं बल्कि दुनिया के लोग भी दीवाने हैं। ऐसे में आज यानी कि नेशनल टूरिज्म डे (National Tourism Day) के मौके पर आइए जानते हैं कौन-कौन सी हैं वे जगहें...

**गुलमर्ग**

इस लिस्ट में सबसे पहला नाम आता है कश्मीर का। कहते हैं कि कुदरत ने इस जगह को नायाब खूबसूरती से बख्शा है। यूं तो यहां का कोना-कोना बहुत सुंदर और मनमोहक है लेकिन अगर बात गुलमर्ग की करें तो ये जम्मू कश्मीर का एक खूबसूरत हिल स्टेशन है। इसकी सुंदरता के कारण इसे धरती का स्वर्ग भी कहा जाता है। यह देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक हैं। फूलों के प्रदेश के नाम से मशहूर यह स्थान उत्तरी कश्मीर के बारामुला में स्थित है। एडवेंचर स्पोर्ट्स और स्कीइंग के शौकीन लोगों के लिए गुलमर्ग एक बेहद खास जगह मानी जाती है।

**गोवा:**

गोवा तो घूमने वाले लोगों की लिस्ट में टॉप पर होता है। खासतौर पर यंगस्टर्स के लिए। युवा यहां जाना खूब पसंद करते हैं। उन्हें यहां के बीच ही नहीं बल्कि यहां की नाइट लाइफ को एंन्जॉय करने जाते हैं। ऐसे में अगर आप भी बीच पर सुकून के पल और फिर एक हसीन शाम गुजारना चाहते हैं तो ये जगह देखनी चाहिए।

**लेह-लद्दाख:**

देश की और खूबसूरत जगह है लेह-लद्दाख। यहां प्राकृतिक खूबसूरती के साथ-साथ लोग ट्रैकिंग और बाइक राइडिंग के लिए भी आते हैं। इसके अलावा हाइकिंग, क्लाइम्बिंग और कैंपिंग का मजा लेने भी आते हैं। इसके अलावा यहां की जंस्कार वैली, खरदुंग-ला पास, हेमिस नेशनल पार्क और स्पीतुक गोम्पा जैसी जगहें घूमना एक बेस्ट ऑप्शन होता है।

**मुंबई**

यूं तो मुंबई को 'फिल्म नगरी' के नाम से भी जाना जाता है। इस शहर को सपनों को शहर भी कहते हैं। यहां हर रोज लाखों लोग अपनी आंखों में बेपनाह सपने लेकर आते हैं। मगर इस शहर में भी कई टूरिस्ट प्लेस हैं, जिन्हें देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। यहां घूमने के लिए जुहू चौपाटी, हाजी अली दरगाह, महालक्ष्मी मंदिर, गेटवे ऑफ इंडिया, मरीन ड्राइव समेत कई जगहें हैं।



**केरल:**

देश में घूमने के लिए सबसे सुंदर केरल भी एक अच्छा ऑप्शन है। यहां मुन्नार की प्राकृतिक खूबसूरती आपका मान मोह लेगी। इसके अलावा थेककडी, कोवलम, कुमारकोम जैसी जगहें भी घूमना एक बेहतर ऑप्शन है।

## 1600 रुपये के लिए

# सारा अली खान

## ने अपनी मां को क्यों डांटा? विकी कौशल ने बताई थी वजह




कॉमेडी किंग कहे जाने वाले कपिल शर्मा के शो में जब स्टार्स अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए आते हैं तो एक-दूसरे के सीक्रेट्स भी खोल देते हैं. ऐसा ही कुछ फिल्म जरा हटके जरा बचके (2023) के प्रमोशन के लिए 'द कपिल शर्मा शो' में आईं सारा अली खान के साथ भी हुआ. जब उनके को-एक्टर विकी कौशल ने सारा की कंजूसी के बारे में बताया. एक्टर ने ये भी बताया कि किस तरह से महज 1600 रुपये के लिए सारा ने अपनी मॉम को डांट लगाई थी.

### विकी कौशल ने खोली थी सारा अली खान की पोल

'द कपिल शर्मा शो' के एक एपिसोड में कपिल शर्मा मिडिल क्लास फैमिली के बारे में बात कर रहे होते हैं. इसमें विकी ने भी साथ दिया कि हमने भी ये सबकुछ देखा है. विकी ने बताया कि उनके यहां जब पार्टी होती है तो सोच रहे हैं एक छोटा सा बार बना दें, लेकिन अभी सोच ही रहे हैं, पैसे होने के बाद भी मिडिल क्लास अंदर से जा नहीं रहा. इसपर कपिल शर्मा ने सारा से कहा, 'चलिए मेरा और विकी का तो समझ आता है, लेकिन आप तो नवाबों के घर से हैं तो आपको कुछ भी खरीदने या पैसे खर्च करने से पहले सोचना नहीं पड़ता होगा न?'

इसपर सारा अली खान ने कहा, 'मुझे नहीं लगता मुझसे ज्यादा कंजूस इंसान आप कहीं भी देख पाओगे. इसके (विक्की कौशल) घर में बार बनाने की बात चल रही है, लेकिन मेरे घर में पिछले





तीन साल से कार की बात चल रही मैं वो भी नहीं लाई. तो मतलब मेरी कंजूसी की हद ही है, अब इसमें मैं क्या ही बोलूं.'

इसके बाद सारा की बात को काटते हुए विकी कौशल ने कहा, 'मैं न एक किस्सा सुनाना चाहूंगा, हमने इंदौर में शूटिंग की. बीच में कुछ दिनों के लिए अमृता मैम आईं. मैंने एक दिन देखा ये (सारा) अमृता मैम को डांट रही थी. पहले मैं हिचकिचाया कि फैमिली मैटर होगा मैं क्या ही बोलूं लेकिन जब दोबारा भी वही हुआ तो मैंने पूछा तो इसने बताया कि देखो मम्मी को अकल ही नहीं हैं, 1600 रुपये की तौलिया खरीदकर ले आईं और मम्मी को झाड़ रही है ये अपनी.' इसके बाद सारा ने सफाई देते हुए कहा, 'अरे वैनिटी में इतने सारे तौलिया प्रोडक्शन वाले लगाते हैं नई-नई वही यूज कर सकते हैं. 1600 रुपये का तौलिया कौन खरीदता है.'

### 'जरा हटके जरा बचके' सारा-विकी की थी सुपरहिट फिल्म

कपिल शर्मा के शो में मिडिल क्लास फैमिली को लेकर बात इसलिए हुई थी क्योंकि फिल्म जरा हटके जरा बचके की कहानी उसी पर आधारित थी. 2 जून 2023 को फिल्म जरा हटके जरा बचके रिलीज हुई, जिसका निर्देशन लक्ष्मण उटेकर ने किया था. इस फिल्म में सारा अली खान और विकी कौशल लीड रोल में नजर आए थे.

## बेडरूम में लड़के के साथ थीं श्रीदेवी की लाडली जान्हवी कपूर, पिता ने पकड़ा तो दी थी ऐसी सजा



जान्हवी कपूर अपनी फिल्मों के अलावा पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं. कुछ वक्त पहले जान्हवी की फिल्म 'देवरा' रिलीज हुई थी, जिसमें उनकी एक्टिंग के साथ-साथ एक्ट्रेस का डांस भी खूब पसंद किया गया था. इन दिनों एक्ट्रेस अपनी अपकमिंग फिल्म 'परम सुंदरी' को लेकर चर्चा में हैं. इसमें वो सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आने वाली हैं. जान्हवी, बोनी कपूर और श्रीदेवी की बेटी हैं और इस वक्त एक सफल एक्ट्रेस बन चुकी हैं. लेकिन कुछ वक्त पहले एक्ट्रेस ने एक फिल्म प्रमोशन के दौरान अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़ा एक किस्सा शेयर किया था, जो कि काफी हैरान करने वाला था.

जान्हवी जब 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का प्रमोशन कर रही थीं, उस वक्त उन्होंने ये किस्सा सुनाया था. उन्होंने बताया था कि कैसे एक बार उनके पापा ने उनको एक लड़के के साथ बेडरूम में पकड़ लिया था. इसके बाद उन्होंने एक्ट्रेस को सजा भी दी थी.

### क्या है वो किस्सा

मैशबल इंडिया के साथ बातचीत में जान्हवी ने इस घटना को याद किया था. उन्होंने बताया था, ये तब की बात है जब हम हमारे पुराने घर में रहा करते थे. तब एक बार मैंने अपने एक मेल फ्रेंड को घर पर बुला लिया था. उस वक्त घर पर कोई नहीं था और हम दोनों बेडरूम में बैठकर बातें कर रहे थे. उसी वक्त पापा घर पर आ गए, मुझे कुछ भी समझ में नहीं आया और मैंने उसको दरवाजे के बजाए खिड़की से नीचे कुदा दिया. मैंने सोचा था कि वो खिड़की से चला जाएगा तो पापा को इस बात का पता नहीं चलेगा. लेकिन पापा ने तो सीसीटीवी में सबकुछ देख लिया था और मेरा सारा प्लान उल्टा पड़ गया. इसके लिए पापा ने मुझे सजा भी दी थी और बाद में घर की सभी खिड़कियों में ग्रिल लगवा दी.

### जान्हवी की पर्सनल लाइफ और अपकमिंग फिल्म

फिल्म 'धड़क' के जरिए अपने करियर की शुरुआत करने वाली जान्हवी कपूर अभी तक अपने छोटे से करियर में कई बेहतरीन फिल्में दे चुकी हैं. वो बहुत जल्द वरुण धवन के साथ 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में नजर आने वाली हैं. एक्ट्रेस की पर्सनल लाइफ की बात करें तो वो शिखर पहाड़िया को डेट कर रही हैं, लेकिन अभी तक दोनों ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल नहीं किया है. हालांकि दोनों अक्सर साथ में नजर आते हैं और पार्टी करते हुए भी दिख जाते हैं.

## ये मर जाएगा... 27 साल पहले Akshay Kumar को खतरनाक स्टंट के बीच छोड़कर भाग गए थे डायरेक्टर, अकेला लिया बड़ा RISK



Akshay Kumar को ऐसे ही बॉलीवुड का 'खिलाड़ी' नहीं कहा जाता. इसके पीछे की वजह है वो खतरनाक स्टंट, जिन्हें वो कई सालों से करते आ रहे हैं. कभी पूरी टीम की निगरानी में स्टंट किए जाते हैं, तो कभी अकेले ही कुछ ऐसा कर देते हैं कि डायरेक्टर्स के भी होश उड़ जाए, हवा में लटककर एंट्री करना तो अक्षय कुमार को बेहद पसंद है. पर उनके लिए सबकुछ इसलिए आसान है क्योंकि अक्की पाजी की गजब की फिटनेस है. लेकिन 27 साल पहले क्यों डायरेक्टर अक्षय को अकेले छोड़कर भाग गए थे ?हाल ही में अक्षय कुमार की स्काईफोर्स ने थिएटर्स में दस्तक दी है. फिल्म को लेकर उन्होंने क्विंट को इंटरव्यू दिया. इस दौरान 27 साल पुराना किस्सा शेयर किया. अक्षय कुमार ने साल 1998 में आई एक्शन थ्रिलर फिल्म Angaaray की शूटिंग के दिन याद किए, इस दौरान महेश भट्ट को लेकर गजब की बात बताई.



### अक्षय को स्टंट के बीच छोड़ भाग गए डायरेक्टर

साल 1998 में अक्षय कुमार की एक्शन थ्रिलर फिल्म Angaaray रिलीज हुई थी. पर मामला इसकी शूटिंग का है. दरअसल एक्टर को अपना सबसे चैलेंजिंग स्टंट परफॉर्म करना था. लेकिन डायरेक्टर महेश भट्ट को अक्षय कुमार की टेंशन थी. ऐसा इसलिए क्योंकि वो स्टंट बेहद रिस्की और चैलेंजिंग था. महेश भट्ट काफी डरे हुए थे कि अक्षय कुमार को स्टंट के दौरान कुछ हो न जाए, ऐसे में उनके स्टंट शुरू करने से पहले ही महेश भट्ट सेट से भाग गए.

अक्षय कुमार ने बताया कि महेश भट्ट यह बोलकर सेट से चले गए थे कि, उन्हें नहीं देखना, यह मर जाएगा. हालांकि, उनके जाने के बाद अक्षय कुमार ने बिना डायरेक्टर के ही शॉट कंप्लीट किया था.

### क्या था वो स्टंट, जिसके लिए अक्षय ने लिया रिस्क

वहीं इस स्टंट के बारे में भी अक्षय कुमार ने बताया. वो कहते हैं कि 'अंगारे' में उन्होंने एक स्टंट किया था, जहां उन्हें सात फ्लोर की बिल्डिंग से कूदना था. वो बताते हैं कि- बीच में सड़क थी, पर सिर्फ एक लेन और दूसरी तरफ दूसरी बिल्डिंग थी. दरअसल एक्टर को सातवीं मंजिल से चौथी मंजिल पर कूदना पड़ा था. यह सब अक्षय कुमार ने खुद किया, तब कोई भी डायरेक्टर वहां मौजूद नहीं था.

# खुशी कपूर

## की इस आदत से परेशान हैं आमिर खान के बेटे जुनैद



आमिर खान के बेटे जुनैद खान और श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर फिल्म 'लवयापा' में एक साथ नजर आने वाले हैं. अगले महीने यानी फरवरी 7 को दोनों की ये फिल्म थिएटर में रिलीज होने जा रही है. जुनैद और खुशी दोनों अपनी इस फिल्म को खूब प्रमोट कर रहे हैं. हाल ही में इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान टीवी9 हिंदी डिजिटल के साथ की खास बातचीत में जुनैद खान ने बताया कि खुशी कपूर की समय से पहले आने की आदत से वो परेशान हो गए हैं.जुनैद ने कहा कि खुशी की एक बहुत खराब आदत है. वो जिस समय उन्हें बुलाया गया है, उससे एक घंटा पहले ही आ जाती हैं. कभी वो 45 मिनट जल्दी आती हैं, तो कभी 1 घंटा पहले आती हैं. यानी 7 बजे के कॉल टाइम पर वो सुबह 6 बजे आ जाती हैं. हर समय उनके साथ यही होता है. अब हम भी अच्छे बच्चे हैं. हम कभी दिए हुए टाइम से 5 से 10 मिनट पहले आ जाते हैं या फिर कभी 5 - 10 मिनट देरी से आ जाते हैं. लेकिन ये तो वहां हमेशा एक घंटा जल्दी पहुंच जाती हैं और इनकी वजह से हमें गालियां भी पड़ती हैं.



### खुशी की आदत से परेशान हैं जुनैद

आगे जुनैद ने बताया कि खुशी को समय से पहले सेट पर मौजूद देख हमें उल्टा पूछा जाता है कि तुम कहां पर थे? जब मैं बताता हूं कि 'कॉल टाइम' तो 7 बजे का था. तब मुझे ये कहते हुए डांट पड़ती है कि खुशी तो आई हुई हैं. आगे जुनैद ने खुशी की टांग खिंचाई करते हुए ये भी कहा कि खुशी प्रोडक्शन वालों से पहले ही फिल्म के सेट पर पहुंच जाती हैं. यानी सेट पर खुशी पहले आती हैं और फिर जनरेटर वाला आ जाता है.

### क्यों जल्दी आती हैं खुशी

जुनैद की इस शिकायत के बाद खुशी कपूर ने अपने जल्दी आने के पीछे की वजह बताते हुए कहा कि मैं समय को लेकर हमेशा परेशान हो जाती हूं और इसलिए मैं कभी लेट नहीं पहुंचती. खुशी ने बताया कि सिर्फ जुनैद खान ही नहीं खुशी कपूर की हेयर और मेकअप टीम भी उनकी इस आदत से परेशान हो गई हैं. वो हमेशा खुशी को ये याद दिलाने की कोशिश करती हैं कि उन्हें समय पर पहुंचना है, समय से बहुत पहले नहीं. लेकिन अब तक खुशी ने अपनी ये आदत नहीं बदली है.

### जुनैद को भी है एक बुरी आदत

इस बातचीत में खुशी ने भी जुनैद की एक बुरी आदत बताई. उन्होंने कहा कि जुनैद अक्सर कॉफी पीते रहते हैं. हर घंटे जुनैद के सामने एक कॉफी का कप आ जाता है. सुबह हो या रात हो. यानी रात के 2 बजे एक कॉफी, फिर तीन बजे एक और कॉफी. इस बात पर सफाई देते हुए जुनैद बोले,जी हां, कॉफी मुझे चाहिए होती है. अब भी मैं एक कॉफी मांगने वाला था. लेकिन मशीन की आवाज से इंटरव्यू डिस्टर्ब हो जाता, इसलिए मैंने कुछ कहा नहीं.